हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 03.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 246 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### असम के चुनावी दंगल में गरजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा

# झामुमो की राजनीति सत्ता के लिए नहीं, समाज बदलने के लिए

एजेंसी

**सरूपथर (असम) :** असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सरूपथर विधानसभा सीट पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी प्रत्याशी साहिल मुंडा के समर्थन में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विरोधियों पर जमकर निशाना साधा और साहिल मुंडा को क्षेत्र की नई उम्मीद करार दिया।

मुख्यमंत्री ने इस चुनाव को असम की स्थानीय पहचान और अधिकारों की रक्षा का संघर्ष बताया। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा, बदलाव के भागीदार बनें युवा, इस परिवर्तन की लहर का नेतृत्व करें और क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित करें। साहिल मुंडा के नेतृत्व में क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। झामुमो जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ स्थानीय लोगों के संवैधानिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है।



#### भारी मतों से विजयी बनाने की अपील

हेमंत सोरेन ने मतदाताओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए साहिल मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाएं। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने सरूपथर सीट पर चुनावी मुकाबले को बेहद दिलचस्प बना दिया है और झामुमो कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार किया है।

#### सामाजिक बदलाव की राजनीति पर जोर

जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि साहिल मुंडा का चुनावी मैदान में उतरना केवल सत्ता हासिल करने की होड़ नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव की एक बड़ी शुरूआत है। उन्होंने कहा, साहिल मुंडा लंबे समय से वंचित समाज की आवाज बनकर संघर्ष कर रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि उन्हें सदन में भेजकर उस आवाज को और अधिक मजबूती प्रदान की जाए।

### असम चुनाव पर कल्पना सोरेन का बयान, कहा 'यह सिर्फ सत्ता नहीं इतिहास का चुनाव'

असम विधानसभा चुनाव को लेकर गोसाईंगांव सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी ताकत झोंक दी है. इसी कड़ी में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने पार्टी प्रत्याशी फैड्रिक्शन हांसदा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया. जनसभा में कल्पना सोरेन ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ सत्ता का नहीं बल्कि इतिहास बनाने का चुनाव है. उन्होंने दावा किया कि असम की जनता बदलाव चाहती है और इस बार नया विकल्प चुनने के मूड में है. उन्होंने कहा कि झामुमो असम के आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है.



## भवानीपुर से ममता की हार, बंगाल में परिवर्तन का शंखनाद होगा: अमित शाह

- अमित शाह की मौजूदगी में शुभेंदु अधिकारी ने किया नामांकन

एजेंसी



**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के निर्णायक मोड़ पर पश्चिम बंगाल पहुँचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर सीधा प्रहार किया। भवानीपुर में भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के अवसर पर आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि बंगाल की जनता इस बार सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है।

एक सीट बदलेगी राज्य की किस्मत अमित शाह ने भवानीपुर के सामरिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आमतौर पर सरकार बदलने के लिए कई सीटों की आवश्यकता होती है, लेकिन इस बार भवानीपुर की एक जीत ही पूरे बंगाल में बदलाव का मार्ग प्रशस्त कर देगी। उन्होंने कहा, ममता जी पहले ही नंदीग्राम में शुभेंदु अधिकारी से शिकस्त खा चुकी हैं और अब भवानीपुर की जनता उन्हें हराकर राजनीति की नई दिशा तय करेगी।

गृहमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि बंगाल आज तोलाबाजी, बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का केंद्र बन गया है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि भाजपा की सरकार बनते ही सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित किया जाएगा।

### मालदा की घटना भाजपा और चुनाव आयोग की साजिश, लक्ष्य राष्ट्रपति शासन: ममता बनर्जी



**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने मालदा के कालियाचक में सात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई बदसलूकी को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। गुरुवार को मुर्शिदाबाद के सागरदिघी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इस पूरी घटना को भाजपा और भारत निर्वाचन आयोग की संयुक्त साजिश करार दिया।

### भारत का मेगा रेस्क्यू: ईरान से 1200 नागरिक सुरक्षित निकाले



**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारत ने अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए बड़ा अभियान चलाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को जानकारी दी कि अब तक 1,200 से अधिक भारतीयों को ईरान से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है, जिनमें 845 छात्र शामिल हैं। सरकार ने इस ऑपरेशन को बेहद रणनीतिक तरीके से अंजाम दिया। 996 भारतीयों को आर्मेनिया और 204 लोगों को अजरबैजान पहुंचाया गया। यहां से उन्हें सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था की जा रही है।

## एक नजर

### ट्रक-टेम्पो में टक्कर 8 महिलाओं की मौत

**नागपुर :** महाराष्ट्र के जालना जिले में नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने एक टेम्पो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 8 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। सभी पीड़ित मजदूर हैं। हादसा कडवांची गांव के पास तब हुआ जब महिला मजदूर एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम खत्म कर टेम्पो से घर लौट रही थीं। टेम्पो स्टार्ट होने ही वाला था कि मुंबई की ओर जा रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

### राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए गए राघव चड्ढा

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने गुरुवार को राज्यसभा में राघव चड्ढा को हटाकर अशोक मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का उपनेता चुना है। पार्टी की तरफ से राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर औपचारिक रूप से अशोक मित्तल को पार्टी का उपनेता नियुक्त करने का अनुरोध करते हुए कहा गया है कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी के कोटे से बोलने का समय आवंटित न किया जाए। अशोक मित्तल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें राज्यसभा में उपनेता की जिम्मेदारी सौंपी है।

### पांच लाख के इनामी उग्रवादी ने किया आत्मसमर्पण

**लातेहार :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सब जोनल कमांडर सुरेंद्र लोहरा उर्फ टाइगर ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पांच लाख के इनामी उग्रवादी ने गुरुवार को लातेहार में पलामू आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा और लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के समक्ष हथियार डाले। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि नक्सलियों के पास बस अब एक ही रास्ता बचा हुआ है कि वह आत्मसमर्पण कर अपने जीवन की रक्षा करें।

## राज्यस्तरीय किसान मेले का रक्षा राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला) :** विकास भारती बिशुनपुर और कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को बिशुनपुर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मेले में गुमला और आसपास के जिलों से लगभग 3,000 किसान (महिला व पुरुष) शामिल हुए। विकास भारती के विभिन्न प्रकल्पों और प्रगतिशील किसानों द्वारा कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और प्रसार कर्मियों ने किसानों के साथ सीधा संवाद कर आधुनिक कृषि यंत्रों और बीजों की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.सी. दुबे, गुमला जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती किरण बाड़ा, लातेहार जिप अध्यक्ष पूनम सिंह, लातेहार नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह और गुमला नगर परिषद अध्यक्ष शकुंतला उरांव प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

इसके साथ ही श्री प्रवाल मैत्र, श्री भिखारी भगत, श्री महेन्द्र भगत सहित कई गणमान्य नागरिक, कृषि वैज्ञानिक और मीडिया जगत के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



#### तिलहनी फसलों और आधुनिक तकनीक पर जोर

मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय दोगुनी करना, तिलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहन देना और कृषि की उन्नत तकनीकों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीक के माध्यम से ही खेती को लाभ का सौदा बनाया जा सकता है।

### हजारीबाग पुलिस ने सुलझायी 'नाबालिग बालिका हत्याकांड' की गुत्थी

# बेटे की सलामती के लिए मां ने दी बेटी की 'नरबलि'

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले से एक ऐसा रूहानी मामला सामने आया है जिसने मानवीय संवेदनाओं और रिश्तों को झकझोर कर रख दिया है। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में हुई एक नाबालिग लड़की की निर्मम हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, यह कोई सामान्य हत्या नहीं बल्कि अंधविश्वास के चक्कर में दी गई 'नरबलि' का मामला है, जहां एक मां ने ही अपने बेटे की लंबी उम्र और स्वास्थ्य के लिए अपनी मासूम बेटी की जान ले ली।

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मृतका की मां अपने बेटे की बीमारी और खराब स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थी। इसी दौरान झाड़-फूंक और अंधविश्वास के जाल में फंसकर उसने अपनी ही



#### बीजेपी ने बंद लिया वापस

नाबालिग बेटी की बलि देने का खौफनाक फैसला किया। इस घटना में पुलिस ने मां सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस नृशंस हत्याकांड के बाद जिले में भारी आक्रोश व्याप्त था। सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता की अफवाहों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2 अप्रैल को मशाल जुलूस और 3 अप्रैल को 'झारखंड बंद' की घोषणा की थी। हालांकि, पुलिस द्वारा मामले का खुलासा करने और असली अपराधियों (परिजनों) की गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की।

## शासन, पहचान और स्वास्थ्य पर कांग्रेस का फोकस



राहुल गांधी ने असम के लिए जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र

एजेंसी

**बोकाजान (असम) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र में शासन, पहचान और स्वास्थ्य जैसे 11 क्षेत्रों पर फोकस किया गया है। यह घोषणा पत्र एक चुनावी रैली के दौरान जारी किया गया, जिसमें राहुल गांधी के साथ असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

घोषणापत्र में 11 क्षेत्रों पर फोकस घोषणा पत्र में कुल 11 संकल्प शामिल हैं- शासन, पहचान, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम। कांग्रेस ने इससे पहले 29 मार्च को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे के दौरान 'पांच गारंटी' भी जारी की थीं-

बिना शर्त महिलाओं को 50 हजार रुपये तक का कर्ज।

सभी वरिष्ठ नागरिकों को 1250 रुपये की पेंशन।

25 लाख रुपये का कैशलेस इलाज।

भूमि पुत्रों के लिए म्यादी पट्टा।

जुबीन गर्ग मामले में 100 दिन के अंदर दोषियों को सजा ।

## ईरान को कभी नहीं बनने देंगे 'परमाणु शक्ति' : ट्रंप



एजेंसी

**वॉशिंगटन :** पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्र के नाम संबोधन में ईरान के विरुद्ध अपनी सैन्य सफलताओं का बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों और नौसेना को पूरी तरह नष्ट कर दिया है और उसे किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार विकसित नहीं करने दिया जाएगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पिछले चार हफ्तों में ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत ऐसी निर्णायक जीत हासिल की गई है, जो युद्ध के इतिहास में विरल है।

#### ईरान ने अमेरिका को दी धमकी, 'कदम रखा तो लाशें भी नहीं मिलेंगी'

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल अमीर हतामी ने कहा है कि अगर अमेरिकी सेना ने इस्लामिक गणराज्य ईरान की धरती पर कदम रखा, तो हमलावरों में से एक भी शख्स जिंदा नहीं बचेगा। हतामी ने कहा कि हमारे देश के ऊपर से युद्ध के बादलों को हटना ही होगा। सभी को सुरक्षा मिलनी चाहिए, क्योंकि यह मुमकिन नहीं है कि बाकी जगहें तो सुरक्षित रहें और हमारे लोग असुरक्षित।

### 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद में प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, संपर्क, संवाद और परिश्रम पर जोर, कहा

## केरल में 'नई व्यवस्था' के लिए जनता तैयार, हर बूथ पर झोंक दें अपनी ताकत

एजेंसी

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। वर्चुअल संवाद के दौरान पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि केरल में इस बार मुकाबला केवल सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि एक नई व्यवस्था की स्थापना के लिए है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि जीत की कुंजी 'बूथ विजय' में छिपी है, इसलिए अंतिम दिनों में अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दें।

#### कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद: 'मोदी मॉडल' की बढ़ती मांग

प्रधानमंत्री ने राज्य के विभिन्न हिस्सों के कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत बातचीत कर जमीनी फीडबैक लिया। आशा वर्कर अनीता से बात करते हुए पीएम ने कहा कि LDF और UDF ने बारी-बारी से सत्ता का खेल खेलकर राज्य को छला है, लेकिन अब भाजपा के उदय से दोनों खेमे डरे हुए हैं। कार्यकर्ता विनीता के.के. ने प्रधानमंत्री को बताया कि जनता अब मोदी मॉडल की सरकार चाहती है ताकि राज्य की चुनौतियों का ठोस समाधान हो सके। पूर्व सैनिक श्रीकुमार वी से संवाद में मोदी ने कहा कि देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत पूर्व सैनिक भाजपा की विचारधारा के स्वाभाविक संवाहक हैं।

#### विपक्ष पर प्रहार: भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और वामपंथी दलों पर तीखे प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि इन दलों की गलत नीतियों के कारण केरल के प्रतिभावान युवाओं को रोजगार के लिए विदेशों और अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। पीएम ने कहा कि दोनों दल भ्रष्टाचार में डूबे हैं और 'कट्टर वोट बैंक' की राजनीति कर राज्य की आस्था और संसाधनों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। दिल्ली एआई समिट का जिक्र करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया, जिसका सीधा असर विदेश में काम करने वाले केरलवासियों पर पड़ता है।



#### जीत के लिए 'नॉकआउट' रणनीति: 4 स्तंभों पर फोकस

प्रधानमंत्री ने चुनाव के अंतिम चरण के लिए कार्यकताओं को 'नॉकआउट पंच' वाली कार्ययोजना दी। हर कार्यकर्ता मतदान से पहले अपने बूथ के प्रत्येक परिवार से कम से कम तीन बार मुलाकात करे। पीएम ने काम के घंटे बढ़ाने की सलाह दी– जो 6 घंटे काम कर रहे हैं वे 9 घंटे करें, और जो 9 घंटे कर रहे हैं वे 12 घंटे फील्ड में रहें। उन्होंने सुझाव दिया कि अब अकेले नहीं, बल्कि अपने परिवार के साथ मिलकर प्रचार करें ताकि जनसंपर्क अधिक प्रभावी और आत्मीय हो। विकसित केरल के लिए टैलेंट, टेक्नोलॉजी, ट्रेड और टूरिज्म को मुख्य आधार बताया।

#### डबल इंजन सरकार की जरूरत

मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता को समझाएं कि केरल के विकास में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए 'डबल इंजन सरकार' अनिवार्य है। उन्होंने गरीबों के लिए आवास, मुफ्त राशन और स्वास्थ्य योजनाओं जैसे 'मोदी की गारंटी' वाले तथ्यों को वीडियो और सांख्यिकी के माध्यम से घर-घर पहुँचाने का निर्देश दिया।

एक नजर

## ट्रक ने बाइक की मारी टक्कर, घायल




**हजारीबाग :** शहर के व्यस्त इमली कोठी चौक पर सुबह करीब 6 :30 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच हुई इस भीषण टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब मोटरसाइकिल सवार चौराहा पार कर रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायल व्यक्ति की नाजुक स्थिति को देखते हुए, स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई और उसे तुरंत इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल घायल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## आंदोलनकारी बालेश्वर का जेल से बाहर आने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत



**बड़कागांव :** जल जंगल जमीन बचाव को लेकर आंदोलन कर रहे बालेश्वर कुमार का जेल से बाहर आने पर आंदोलनकारीओं ने गाजे बाजे माला पहनाकर के साथ भव्य स्वागत किया। विकास कुमार ने बताया कि 12 अगस्त 2025 को एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के मुआवजा शिविर में झड़प और बीजीआर कंपनी के अधिकारियों को बंधक बनाने के आरोप मामले में जेल जाना पड़ा था। आज उन्हें बेल मिलने पर ग्रामीणों शिव मंदिर चौक हरली में उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीण एनटीपीसी, अदानी,जेएसडब्लू जैसे कंपनियों के कोल ब्लॉक आवंटन को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। अपनी जमीन को बचाने के लिए रैयत 3 वर्षों से धरने पर बैठे हैं।

## इस्पात संयंत्र में 'संवर्धन' डिजिटल प्लेटफॉर्म का हुआ शुभारंभ

**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संयंत्र की प्रशिक्षण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करते हुए संवर्धन नामक एसएपी आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया। यह पोर्टल विशेष रूप से आउटसोर्स कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए समर्पित है। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास उत्कृष्टता सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। ह्यसंवर्धनह्न प्लेटफॉर्म का विधिवत शुभारंभ निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक अनुप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक, प्रशिक्षण इंजीनियर तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा ने सभी का स्वागत करते हुए वर्ष 2025-26 हेतु नियोजित प्रमुख प्रशिक्षण पहलों पर प्रकाश डाला तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म और डेटा-आधारित शिक्षण तंत्र की भूमिका को रेखांकित किया। निदेशक प्रभारी श्री रंजन ने अपने संबोधन में इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए पूरे संगठन में सीखने की संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने के प्रति अपनी अपेक्षाएं साझा कीं। अधिशासी निदेशक श्री दत्त ने परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में निरंतर सीखने के महत्व को रेखांकित किया।

# फांसी की मांग करने वाला ही निकला हत्यारा, कुसुम्भा कांड का खौफनाक सच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसुम्भा में बीते 24 मार्च की रात हुई 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची की नृशंस हत्या मामले को लेकर बुधवार को पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस हत्याकांड को तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास के नाम पर अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने मृतका की मां सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में भीम राम (पिता- स्व. छेदी भुइयां, उम्र 45 वर्ष), रेशमी देवी (पति- विनोद कुमार सिंह, उम्र 35 वर्ष) एवं शांति देवी उर्फ भगतिनी (पति- स्व. ईश्वर ठाकुर, उम्र 55 वर्ष) शामिल हैं।




**अंधविश्वास में डूबी मां ने खुद करवाई मासूम की हत्या भगतिन की जाल में फंसी मृतिका की मां**

तीनों आरोपी कुसुम्भा गांव के ही निवासी हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका की मां रेशमी देवी अपने बेटे की शारीरिक एवं मानसिक परेशानी को लेकर लंबे समय से शांति देवी उर्फ भगतिनी के संपर्क में थी। भगतिनी ने तंत्र-मंत्र के जरिए समस्या दूर करने के लिए किसी कुँवारी लड़की की बलि देने की बात कही। इसी अंधविश्वास में फंसकर मां ने अपनी ही बेटी की बलि देने की साजिश रची। घटना की रात अष्टमी के दिन मृतिका को पूजा के बहाने भगतिनी के घर ले जाया गया। पहले विधिवत तंत्र-मंत्र से पूजा की गई, इसके बाद बांसवाड़ी में ले जाकर सुनियोजित तरीके से बच्ची की हत्या कर दी गई। हत्या के दौरान भीम राम ने बच्ची का गला दबाया, जबकि मां ने बच्ची के पैर पकड़ कर मदद की। इसके बाद शव के साथ अमानवीय कृत्य करते हुए कथित पूजा की गई। बता दें की आरोपी भीम राम घटना के बाद कई दिनों तक पुलिस को गुमराह करता रहा। वह लगातार गांव में सभी के बीच मौजूद रहकर भी खुद को निर्दोष दिखाने की कोशिश करता रहा, जबकि सभी की आंखों के सामने था। उल्लेखनीय है कि भीम राम पूर्व में भाजपा बूथ अध्यक्ष रह चुका है तथा बजरंग दल जैसे सामाजिक संगठन से भी जुड़ा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया था। टीम ने तकनीकी साक्ष्य, स्थानीय सूचना एवं गहन पूछताछ के आधार पर पूरे मामले का पदार्फाश किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। खुलासे के पूर्व तक इस घटना को दिग्भ्रमित कर दुष्कर्म का रूप देने की कोशिश की गई, साथ ही अन्य कई प्रकार की भ्रामकता भी फैलायी गई। जबकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उक्त किसी भी अफवाओं की पुष्टि नहीं की गई। दरिंदगी की हद ऐसी की, जाँच के क्रम जिस भीम राम को आरोपी पाया गया उसी ने मीडिया के बीच उपस्थित होकर दोषी के संबंध में फाँसी की माँग की थी।

## राम जानकी मंदिर में गायत्री मंत्र के साथ हुआ हवन, दर्जनों लोग हुए शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव गायत्री परिवार की ओर से राम जानकी मंदिर में शक्तिपीठ गायत्री मंदिर हजारीबाग के पुजारी केदार ,बीरबल प्रसाद मेहता के द्वारा गायत्री मंत्र हवन कार्यक्रम किया गया । गायत्री हवन कार्यक्रम में दर्जनो गायत्री परिवार के लोग शामिल थे। गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने हवन किया। पिंटू गुप्ता ने कहा कि गायत्री मंत्र सबसे बड़ी मंत्र में सबसे श्रेष्ठ है कि किसी भी पूजा पाठ कहीं होती है तो प्रथम गायत्री मंत्र का ही उच्चारण किया जाता है। इस मंत्र को पढ़ने से हमारे कई कष्ट का निवारण होता है मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मौके पर बड़कागांव प्रखंड के प्रखंड समन्वय प्रमुख पिंटू गुप्ता, रविंद्र लाल, पुजारी चिंतामणि महतो, डोमन महतो, रामचंद्र गुप्ता ,हरनाथ राम, अंतू महतो ,आनंद कुमार, कैलाश कुमार, बुद्धि नाथ महतो, रेणु देवी, कपूर देवी, लक्ष्मी देवी, गायत्री देवी, बीना देवी, सुशीला देवी, रिंकी देवी के अलावा अन्य कई शामिल थे ।

## राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवान सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पदमा :** समादेष्टा कार्यालय, झारखंड सशस्त्र पुलिस-07, पदमा में राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। समादेष्टा आईपीएस अविनाश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जवानों में आरक्षी 360 मदन कुमार महतो, आरक्षी 40 सुमित एक्का, आरक्षी 590 कोलेलियस सोरेन, आरक्षी 299 अमित कुमार साहू , आरक्षी 155 धीरज



सिंह, आरक्षी 520 मंटू साह ,आरक्षी 39 हर्ष कुमार, आरक्षी 441 राजन कुमार तथा बिगुलर आरक्षी 391 मेघव बहादुर गुरूंग शामिल हैं। इस अवसर पर समादेष्टा अविनाश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें खेल भावना के साथ निरंतर मेहनत करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित अन्य कर्मियों को भी खेलकूद के प्रति जागरूक रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकें।

## उर्स मेले को लेकर प्रशासन सतर्क, थाना प्रभारी ने कमेटी संग की अहम बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के ग्राम पंचायत चयकलां स्थित हजरत दूलाह शाह बाबा के दरबार में आयोजित होने वाला तीन दिवसीय उर्स मेला इस वर्ष 3 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 अप्रैल तक चलेगा। उर्स को लेकर क्षेत्र में अकीदतमंदों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और उर्स कमिटी द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने उर्स कमिटी के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी




और सभी व्यवस्थाएं सुनियोजित तरीके से संचालित होंगी। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने समिति सदस्यों एवं वॉलिंटियरों के बीच टी-शर्ट का वितरण किया, ताकि ड्यूटी पर तैनात वॉलिंटियरों की पहचान आसानी से हो सके और वे अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकें। साथ ही सभी वॉलिंटियरों की सूची लेकर उन्हें अलग-अलग दायित्व सौंपने और व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके बाद थाना प्रभारी ने चय दरगाह परिसर पहुंचकर उर्स स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयोजकों को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना देने को कहा। उर्स मेले में दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है, जिसे देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## वार्षिकोत्सव की धूम, विधायक ने छात्रों को दी मेहनत की सीख, पैक्स गोदाम का शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** बिरसा उच्च विद्यालय, डुमरी में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन अधिवक्ता सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बसन्त साव ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय की चुनौतियों के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल का अनावश्यक उपयोग विद्यार्थियों के भविष्य के लिए बाधक बन रहा है, इसलिए इससे दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने मेहनत और लगन को सफलता की कुंजी बताते हुए छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की



शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्थानीय मुखिया बिरेन्द्र रजक ने विद्यालय के विकास में विधायक की भूमिका की सराहना की। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। इसी क्रम में बच्छई पंचायत के डुमरी में पैक्स गोदाम भवन का शिलान्यास विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि गोदाम निर्माण से किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में सुविधा मिलेगी और कृषि कार्य को बढ़ावा मिलेगा।

# सफाई मित्रों को मिला सम्मान, अब वेतन के लिए नहीं करनी पड़ेगी हड़ताल : महापौर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सरहुल, रामनवमी एवं महावीर जयंती के दौरान शहर में सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने वाले नगर निगम के सफाई मित्रों, निगम कर्मियों, वार्ड जमादारों तथा अन्य कर्मचारियों को गुरुवार को नगर निगम सभागार में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान कर्मियों को प्रशस्ति पत्र के साथ प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महापौर अरविंद कुमार राणा, उपमहापौर अविनाश कुमार, नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता, उप आयुक्त ज्योति कुमार सिंह, सहायक आयुक्त विपिन कुमार, अनिल कुमार तथा वार्ड पार्षद अनिल प्रसाद मौजूद थे। वहीं हेड जमादार दीपक गोस्वामी, जम्मू राम,



रात्रि पर्यवेक्षक गौतम कुमार वाल्मीकि, चंदन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में निगम कर्मी उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि निगम परिवार एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहे, यही उनकी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि सरहुल, रामनवमी और महावीर जयंती जैसे बड़े आयोजनों में निगम कर्मियों ने दिन-रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखा। उन्होंने कर्मियों से कहा कि आप हमारे हीरो हैं। आपकी मेहनत की सराहना पूरे शहर ने की है। इस सम्मान के असली हकदार आप ही हैं। महापौर ने कहा कि अब निगम कर्मियों को वेतन के लिए कभी हड़ताल नहीं करनी पड़ेगी। निगम प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि हर माह एक से पांच तारीख के बीच सभी कर्मियों को वेतन मिल जाए। यदि किसी माह के दौरान कोई बड़ा त्योहार पड़ता है तो उससे पहले ही वेतन उपलब्ध करा दिया जाएगा, ताकि किसी कर्मी के घर में त्योहार के समय परेशानी नहीं हो। उन्होंने यह भी घोषणा की कि चालू वित्तीय वर्ष में सभी निगम कर्मियों का दुर्घटना बीमा कराया जाएगा। इसके लिए कर्मियों के खाते से अब कोई राशि नहीं काटी जाएगी। बीमा का पूरा प्रीमियम निगम की ओर से संबंधित बैंक के माध्यम से जमा कराया जाएगा। महापौर ने कहा कि आने वाले समय में हर त्योहार पर निगम कर्मियों की खुशियों में शामिल होगा और उन्हें सम्मान स्वरूप मिठाई का डिब्बा भी दिया जाएगा। नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि निगम कर्मियों की मेहनत और समर्पण के कारण ही पर्व-त्योहारों के दौरान शहर में बेहतर व्यवस्था संभव हो पाती है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दूसरे दिन शहर भर से कचरा उठाकर सड़कों की सफाई करना आसान कार्य नहीं था, लेकिन निगम कर्मियों ने इसे अपनी लगन से संभव बनाया। उपमहापौर अविनाश कुमार ने कहा कि निगम कर्मियों के बिना नगर निगम अधूरा है। उन्होंने कहा कि पहली बार निगम को ऐसी टीम मिली है, जो शहरवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह समर्पित है। निगम कर्मी 24 घंटे शहर में सेवाएं बहाल रखने में जुटे रहे और उनकी मेहनत के कारण त्योहार शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। कार्यक्रम के अंत में निगम की ओर से सभी कर्मियों, पर्यवेक्षकों तथा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## भामाशाह में मनाई गई हनुमान जयंती



**बरही :** बरही के भामाशाह में गुरुवार को हनुमान जयंती हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सत्रारंभ, सुन्दरकाण्ड, बजरंग बाण एवं रामावतार का स्तुति किया गया। वहीं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने हनुमान जी के प्रतिमा पर सिंदूर, फूल और भोग अर्पित कर आशीर्वाद मांगा, जिससे पूरा विद्यालय परिसर का माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जिन्हें भगवान शिव का रुद्र अवतार और पवनपुत्र माना जाता है। साथ ही विद्यालय के छात्रों ने हनुमान जी से बल बुद्धि और भय से मुक्ति के लिए प्रार्थना की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं समेत सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।

## लि ओरिजिन किड्स गार्डन प्ले स्कूल में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित



**बरही :** बरही प्रखंड के करियातपुर स्थित लि ओरिजिन किड्स गार्डन प्ले स्कूल में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना की। इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल के मैनेजमेंट सिस्टम पर संतोष जताते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यहां बेहतर व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से विद्यालय में संचालित डे हॉस्टल सुविधा की सभी ने प्रशंसा की। अभिभावकों का कहना था कि इतनी कम लागत में इस प्रकार की गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराना काबिले-तारीफ है। बैठक में शिक्षकों ने भी बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन और गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों के साथ साझा की। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों के सुझावों को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

## रामनवमी महासमिति ने इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**बड़कागांव :** रामनवमी त्योहार में तमाम संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की विशेष तैयारी के फल स्वरुप बड़कागांव में रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। जिसे लेकर बड़का गांव रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी एवं तमाम सदस्यों ने खुशी जाहिर की । अतिसंवेदन शील क्षेत्र में पुलिस की तैनाती के कारण किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। पुलिस प्रशासन विशेष कार्य को देखते हुए रामनवमी महासमिति का अध्यक्ष राम विवेक कुमार सोनी ने महासमिति के सदस्यों के साथ इंस्पेक्टर ललित कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को ट्रॉफी देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से महासमिति अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी , सचिव बैजनाथ महतो, मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्ला खान ,विनोद सिन्हा, सोनू इराकी , वीरेंद्र महतो ,सुरेंद्र महतो व अन्य शामिल थे ।

## 15 दिन तक ठप रही सप्लाई, खुलते ही उमड़ी भीड़, प्रशासन की निगरानी में वितरण शुरू



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में एचपी गैस एजेंसी देवीसिका गैस के पिछले 10-15 दिनों से बंद रहने से उपभोक्ताओं की परेशानी चरम पर पहुंच गई। रसोई गैस की किल्लत और एजेंसी की लापरवाही से नाराज लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार, मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित होने की बात कही जा रही थी, लेकिन एजेंसी द्वारा लगातार कार्यालय और गोदाम बंद रखने से हालात और बिगड़ गए। कई उपभोक्ताओं को बिना गैस के दिन गुजारने पड़े, जिससे जनाक्रोश बढ़ता गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को चौपारण के सीओ संजय यादव और एमओ विक्रम पाण्डेय जांच के लिए एजेंसी पहुंचे, लेकिन वहां कार्यालय और गोदाम दोनों बंद मिले। एजेंसी संचालक और मैनेजर का मोबाइल भी बंद पाया गया, जिसके कारण अधिकारी बिना ठोस कार्रवाई के लौटने को मजबूर हुए। इस पूरे मामले के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया और दबाव बढ़ने पर गुरुवार को एजेंसी ने कार्यालय खोलकर गैस वितरण शुरू किया। इसके बाद गैस लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और परिसर में लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को संभालने के लिए एमओ विक्रम पाण्डेय स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे और उनकी निगरानी में वितरण कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग के बाद ओटीपी दिखाने पर टोकन दिया जा रहा है, जिसके आधार पर गोदाम से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है और वितरण को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है, ताकि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी न हो।

## एक नजर

### जेवीएम श्यामली में 11 वीं की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**रांची** : जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली में शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए कक्षा 11 वीं में नामांकन के लिए गुरुवार को द्वितीय चरण (फेज-2) की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। विद्यालय प्रबंधन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति करते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम 04 अप्रैल को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। इसके पूर्व 16 मार्च को आयोजित प्रथम चरण (फेज-1) की परीक्षा में भी सीबीएसई बोर्ड के करीब 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जो विद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को दशार्ता है। प्रभारी प्राचार्य बीएन झा ने परीक्षा के सफल संचालन पर संतोष जताते हुए कहा कि जेवीएम केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को निखारने का मंच है। वहीं उप-प्राचार्या अनुपमा श्रीवास्तव ने इसे विद्यार्थियों के सपनों की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम बताया।

### राज्य में जारी रहेगा मौसम का उतार-चढ़ाव

**रांची** : राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विभाग की ओर से छह अप्रैल तक राज्य की विभिन्न जिलों में बादल के साथ हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार एक तरफ पूर्वी बिहार से उत्तरी मध्य प्रदेश होते हुए झारखंड चुका है। इसके प्रभाव के चलते राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। नहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य भर के एक दो स्थानों में बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश रामगढ़ में 5 मिलीमीटर और पाकुड़ जिले के पाकुड़िया में चार मिलीमीटर शामिल है।

### भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस का उत्साह

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी आगामी 06 अप्रैल को अपना 47वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। 6 अप्रैल 1980 को एक राजनीतिक दल के रुप में उभरकर भारतीय राजनीति में आए इस दल ने समय के साथ सत्ता के शीर्ष तक काबिज होने में सफलता पाई है। संगठन और सेवा को मूलमंत्र बनाकर जनता के बीच छवि बनाने में हमेशा तैयार रहनेवाली यह पार्टी एक बार फिर स्थापना दिवस को भव्य और खास बनाने में की तैयारी में जुट गई है। प्रदेश भाजपा ने स्थापना दिवस को लेकर वृहद कार्ययोजना बनाई है जिसकी झलक अभी से दिखनी शुरू हो गई है। राजधानी के चौक चौराहों पर पार्टी नेताओं के बड़े बड़े बैनर लगने शुरू हो गये हैं। भाजपा नेता दीनदयाल बरनवाल कहते हैं कि पार्टी का स्थापना दिवस गौरव दिवस के रुप में मनाया जाएगा। जिसमें पार्टी के एक एक कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस मौके पर कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे और कई कार्यक्रम राज्यभर में आयोजित किया जाएगा।

### श्याम मंदिर में भक्तिभाव और श्रद्धा से मनी हनुमान जयंती

**रांची** : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को हनुमान जयंती अत्यंत भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से ही वीर हनुमान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातः काल में हनुमान जी को नवीन वस्त्र पहनाकर आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब, जूही, बेला, मोगरा, गेंदा से मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार और श्री श्याम प्रभु का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं रात्रि वीर हनुमान के जयकारों के बीच भक्त कतारबद्ध होकर वीर बजरंगबली का दर्शन कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों की ओर से संगीतमय संकीर्तन शुरू कर छम छम नाचे देखो वीर हनुमान, अंजनी को लाल निरालो रे और श्री राम नाम मतवाला है जैसे कई भजनों की लय पर भक्त भाव विभोर हुए।

# दो महिलाओं के चेहरे पर कालिख पोतने के मामले में आरोपी के घर पर भीड़ का हमला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रांची के सदर थाना क्षेत्र में 29 मार्च को दो महिलाओं के चेहरे पर कालिख पोतकर मोहल्ले में घुमाने की घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। गुरुवार को भीड़ ने आरोपित के घर पर हमला कर दिया। आरोपित के घर में जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

भीड़ में शामिल लोगों ने कहा कि दो आदिवासी महिलाओं के साथ अन्याय हुआ है। ऐसे में इस मामले में बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

मौके पर पहुंचे सदर थाना प्रभारी कुलदीप ने भीड़ में शामिल लोगों को समझाया कि इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भीड़ में कई संगठनों के लोग शामिल थे। उनका कहना था कि इस मामले में जितने लोग शामिल थे सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो।


सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने कहा कि भीड़ में शामिल लोगों को यह बताया गया कि इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही आगे की जांच की जा रही है। जांच में जैसे-जैसे नए तथ्य आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत करा दिया है।

यह मामला 29 मार्च का है। सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली दो महिलाओं के साथ मारपीट और सार्वजनिक अपमान का मामला सामने आया था। दोनों पीड़िता सदर थाना क्षेत्र में एक किराए के मकान में रहती हैं। दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया था कि 29 मार्च को पंकज कुमार नामक व्यक्ति उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जबरन उन्हें बाहर खींच लिया। आरोपितों ने दोनों महिलाओं को न सिर्फ चप्पल की माला पहनायी, बल्कि उनके चेहरे में कालिख पोतकर मोहल्ले में घुमाया।

## कुएं में गिरा जंगली हाथी, घंटों मशक्कत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची के बुंडू वन प्रक्षेत्र अंतर्गत सोनाहातू थाना क्षेत्र के सारयाद गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक जंगली हाथी अचानक खुले कुएं में गिर गया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए, जिससे पूरे इलाके में सनसनी का माहौल बन गया।



### कुएं को काटकर ढालनुमा रास्ता बनाया गया

वन विभाग के अधिकारियों ने हाथी को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन, रस्सियों और अन्य तकनीकी संसाधनों का सहारा लिया। रेस्क्यू टीम ने कुएं के एक हिस्से को काटकर ढलाननुमा रास्ता तैयार किया, ताकि हाथी खुद बाहर निकल सके।

### रेस्क्यू अभियान में स्थानीय लोगों ने की मदद

इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मोटर पंप की व्यवस्था कर कुएं में पानी भरा, जिससे जलस्तर बढ़ने पर हाथी ऊपर की ओर आ सके। कई घंटों की कड़ी मशक्कत और समन्वय के बाद आखिरकार हाथी तैयार किए गए रास्ते से बाहर निकलने में सफल रहा।

कुएं से बाहर निकलते ही हाथी तेजी से जंगल की ओर भाग गया। वन विभाग के पदाधिकारी सुप्रियन टूटी ने बताया कि हाथी पूरी तरह सुरक्षित है और रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि मौके पर भारी भीड़ जमा होने के कारण अभियान में कुछ दिक्कतें आईं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हाथी भोजन की तलाश में जंगल से भटककर गांव की ओर आ गया था। इसी दौरान वह अनजाने में खुले कुएं में गिर गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

## एचईएम 2.0 पोर्टल पर अस्पतालों का माइग्रेशन संतोषजनक नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एचईएम 2.0 पोर्टल पर अस्पतालों के माइग्रेशन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि राज्य में अस्पतालों का माइग्रेशन अब तक संतोषजनक नहीं है, विशेषकर निजी अस्पतालों की स्थिति काफी कमजोर है। अधिकारियों ने बताया कि कई अस्पतालों में फायर सेफ्टी एनओसी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्वीकृति, बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और बिल्डिंग प्लान अप्रूवल नहीं होने के कारण प्रक्रिया बाधित हो रही है।

अपर मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को आवश्यक लाइसेंस और स्वीकृतियों की प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित मामलों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर माइग्रेशन कार्य को जल्द पूरा करने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जब तक सूचीबद्ध अस्पताल एचईएम 2.0 पर माइग्रेट नहीं करते, तब तक उन्हें मिलने वाला इंसेंटिव बंद रहेगा। साथ ही भविष्य में प्री-ऑथराइजेशन भी एनएचए के निदेर्शानुसार समाप्त किया जाएगा और नए स्पेशलिटी जोड़ने पर फिलहाल रोक रहेगी।

बैठक में सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## पेट्रोल पंपों पर दहशत फैलाने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राजधानी में आधा दर्जन से ज्यादा लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैलाने वाले गिरोह पर रांची पुलिस ने अपना पूरा शिकंजा कस दिया है। रांची पुलिस ने फरार चल रहे गिरोह के सरगना मोहम्मद तल्हा को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले रांची पुलिस टीम ने गिरोह के दस अपराधियों को एक साथ गिरफ्तार किया था।

राजधानी रांची में आधा दर्जन से ज्यादा लूट और डैकती कांडों के आरोपी मोहम्मद तल्हा को गिरफ्तार कर लिया गया है। तल्हा उस गिरोह का सरगना है जिसने हाल के दिनों में रांची के कई पेट्रोल पंप सहित कई दूसरी जगह डैकती और लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि तल्हा गिरोह के दस अपराधियो को कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन तल्हा फरार चल रहा था। इसी बीच सूचना मिली की तल्हा रांची छोड़ कर फरार होने की जुगत में लगा हुआ है। सटीक सूचना के आधार पर रांची के नेवरी इलाके से उस समय तल्हा को गिरफ्तार किया गया जब वो रांची से फरार होने की कोशिश में था।

राजधानी को अशांत करने और अपने गैंग का दबदबा बनाने के लिए सक्रिय हुए तल्हा गिरोह के 10 अपराधियों को रांची पुलिस ने 29 मार्च को ही गिरफ्तार कर उनकी असली जगह यानी जेल भेज दिया था। रांची के डोरंडा में अपना मार्ट में लूट, पुंदाग में पेट्रोल पंप में डकैती, उसके बाद रांची के बीआईटी में दो पेट्रोल पंप, टाटीसिलवे स्थित पेट्रोल पंप में डैकती के बाद ओरमांझी में एक दुकानदार को लूट के क्रम में चाकू मार कर इस गिरोह ने रांची में दहशत फैला दिया था।

## झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगडा** : झारखंड एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटी सिलवे में झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस के शुभ अवसर पर एक्यूप्रेशर भूत वर्तमान और भविष्य पर एक्यूप्रेशर संसद का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भूतपूर्व विधानसभा सचिव श्री महेंद्र प्रसाद के तौर पर उपस्थित थे। इन्होंने अपने अध्यक्ष भाषण में एक उपप्रेषण का इतिहास वर्तमान समय में दावों के दुष्परिणाम एवं उज्जवल एक्यूप्रेशर पद्धति की भविष्य पर विस्तृत जानकारी दी। इन्होंने कहा कि झारखंड के प्रत्येक जिलों में एक्यूप्रेशर कैंप एक्यूप्रेशर सेवा की स्थापना एक्यूप्रेशर का प्रचार प्रसार पर जोड़ दिया जाए या पश्चिम पढ़ती है इसका विकास सभी को मिलकर करना अति आवश्यक है नहीं तो आने वाला भविष्य हमें कभी क्षमा नहीं करेगा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवन निर्मित उप सचिव स्वास्थ्य विभाग श्री दिनेश सिंह उपस्थित थे।इन्होंने अपने संबोधन में कहा जगत कल्याण का आधारभूत साधन हैएक्यूप्रेशर परिसर झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने कहा कि एक्यूप्रेशर वर्तमान समय में बहुत ही महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति है जन कल्याण उपयोगी है जो सस्ते और सुलभ हर एक जगह प्राप्त होने वाला है। इसी क्रम में एक्यूप्रेशर परिषद के द्वारा 1800 एक्यूप्रेशर बेसिक चिकित्सा एवं 24 एच 70 डिप्लोमा धारी एक्यूप्रेशर थेपिस्ट एक्यूप्रेशर झारखंड शाखा द्वारा आम जनों के सहयोग हेतु उपलब्ध हैं एवं झारखंड में अब तक 13 सेंटर खोला जा चुका है। इस शुभ अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सभी पदाधिकारी डॉक्टर बलराम महतो डॉक्टर नरेश महतो डॉक्टर महेश योग प्रशिक्षक अनुज कुमार डॉक्टर अखिल पाठक राकेश सिंह अमित कुमार शर्मा सुदेश महतो संदीप कुमार पांडे पुनीत कुमार विजय लिंडा तुम इधर इत्यादि का एक गण्यमन व्यक्ति उपस्थित थे। सुरेंद्र ठाकुर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## दो दिवसीय राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शानदार समापन

# पूर्वी सिंहभूम और रांची का रहा दबदबा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, रांची के तत्वावधान में स्थानीय गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में आयोजित दो दिवसीय 18वीं राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (जूनियर एवं यूथ वर्ग) का गुरुवार को शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता में राज्यभर के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी, विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू एवं कार्यकारी अध्यक्ष परमजीत सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बलजीत सिंह बेदी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से उभरने वाली प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन करेंगी। वहीं विनय सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफॉर्म देना प्राथमिकता है, ताकि उनका भविष्य खेल के माध्यम से संवर सके।

प्रतियोगिता के परिणामों में टीम चैंपियनशिप में पूर्वी सिंहभूम का दबदबा रहा। जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम चैंपियन बना, जबकि बालक वर्ग में गढ़वा और बालिका वर्ग में रांची रनरअप रहे। यूथ पुरुष वर्ग में पूर्वी सिंहभूम चैंपियन और रांची रनरअप रही, जबकि यूथ महिला वर्ग में रांची ने चैंपियन बनकर पूर्वी सिंहभूम को पीछे छोड़ा।

व्यक्तिगत वर्ग में जूनियर बालक में आर्यन मुखी (रांची) ने खिताब जीता, जबकि रौशन सिंह (पूर्वी सिंहभूम) उपविजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग में रचना कुमारी (पूर्वी सिंहभूम) चैंपियन और अनु बेदिया (पश्चिमी सिंहभूम) उपविजेता रहीं। यूथ पुरुष वर्ग में आदित्य सिंह (पूर्वी सिंहभूम) ने स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि पाहन कुमार सिंह (रांची) दूसरे स्थान पर रहे। यूथ महिला वर्ग में जेसिका खेस (रांची) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और निहारिका कुमारी (सरायकेला) उपविजेता रही। विभिन्न भार वर्गों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें कई जिलों के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।

प्रतियोगिता में कुल 47 रेफरी और जजों ने अपनी निर्णायक भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके करियर को नई दिशा मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग हत्याकांड में आया बीजेपी कार्यकर्ता का नाम! झामुमो ने किया प्रदर्शन



**रांची**: झारखंड के हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुम्भा गांव में 13 वर्षीय नाबालिग बालिका की हत्या के मामले में पुलिस के खुलासे के बाद राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। झामुमो और कांग्रेस ने मुख्य आरोपी भीम राम को भाजपा का स्थानीय कार्यकर्ता बताया गया है। इसके साथ ही झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर तीखा हमला बोल दिया है। पुलिस के अनुसार रामनवमी के मंगला जुलूस के दौरान बालिका लापता हो गई थी। अगले दिन उसके शव को गांव के पास बांस की झाड़ियों में बरामद किया गया। पोस्टमार्टम में क्रूर हत्या की पुष्टि हुई। एसआईटी जांच में खुलासा हुआ कि हत्या अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र के नाम पर नरबलि का हिस्सा थी। गिरफ्तार तीन आरोपियों में मृतका की मां रेशमी देवी, स्थानीय तांत्रिक शांति देवी और भीम राम शामिल है। पुलिस का दावा है कि बेटे की लंबी उम्र या अन्य अंधविश्वास के लिए इस क्रूर कृत्य को अंजाम दिया गया। झामुमो रांची जिला इकाई ने इस घटना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला स्कूल से अल्बर्ट एक्का चौक तक आक्रोश मार्च निकाला गया। झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य आरोपी भीम राम को भीम डकैत करार देते हुए फांसी की मांग की। मुस्ताक आलम ने कहा, जो लोग पहले इस आपराधिक घटना पर हाय-तौबा मचा रहे थे, वे अब चुप्पी साधे हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ता भीम राम को फांसी दी जानी चाहिए। रहमान डकैत को खोजने वाले झामुमो प्रवक्ता ने अब भाजपा से पूछा कि भीम डकैत मिल चुका है, उसे फांसी दिलाने की मांग वे खुद करें। कांग्रेस भी मुखर हो गई है। प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, इस घटना में हाय-तौबा मचाने वाली भाजपा नेताओं के मुंह पर अब ताला क्यों लगा है? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी अपराधियों से भरी फौज के सेनानायक हैं।

### सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिपः गोवा, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड की जीत



**रांची**: राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 1 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन कुल चार मुकाबले खेले गए। दिनभर चले रोमांचक मैचों में गोवा, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मुकाबले में गोवा ने तेलंगाना को 6-3 से हराया। गोवा की ओर से बेरतीला केरकेट्टा और डेलिना मेंडेस ने 2-2 गोल दागे, जबकि सीमा तिर्की और विद्या कुमारी ने एक-एक गोल किया। शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल करने वाली बेरतीला केरकेट्टा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरे मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव को कड़े संघर्ष में 1-0 से मात दी। मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल पूजा कुमारी साव ने किया, जिन्हें बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड दिया गया। दिन के तीसरे मैच में चंडीगढ़ ने गुजरात पर एकतरफा दबदबा बनाते हुए 12-1 से बड़ी जीत दर्ज की है। चंडीगढ़ की ओर से कफी ने 4 गोल किए, जबकि नैंसी कश्यप, आंचल और अनु ने 2-2 गोल दागे। इसके अलावा भावना और यास्मीन शर्मा ने एक-एक गोल किया। गुजरात की ओर से एकमात्र गोल नियंती करमार ने किया। इस मैच में आंचल को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। दिन के अंतिम और चौथे मुकाबले में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 6-1 से पराजित किया। उत्तराखंड की ओर से करीना ने हैट्रिक लगाते हुए 3 गोल किए, जबकि मीनाक्षी, दिया और दिव्यानी सोलिन ने एक-एक गोल का योगदान दिया। कर्नाटक की ओर से एकमात्र गोल प्रीति नीलाराडी ने किया। इस मुकाबले में मीनाक्षी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। टूनार्मेंट के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार कौशल, टीमवर्क और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में हॉकी इंडिया, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड की अहम भूमिका रही। आने वाले दिनों में मुकाबले और भी रोमांचक होंगे।

### उच्च न्यायालय ने जमशेदपुर एसएसपी से पूछा, शिकायत के बाद भी प्राथमिकी क्यों नहीं की दर्ज

**रांची** : उच्च न्यायालय ने एक हेबियस कॉर्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की सुनवाई करते हुए जमशेदपुर के एसएसपी को गुरुवार को वर्चुअल तलब किया। उच्च न्यायालय ने उनसे पूछा कि जब कॉर्पस (पीड़ित युवती) ने अपने भाई की ओर से धमकी दिए जाने से संबंधित शिकायत उनके पास दर्ज कराई तो उन्होंने प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की। गंभीर शिकायत आने पर प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। इस पर एसएसपी ने कहा कि युवती की शिकायत में कही गई बातों का वह अध्ययन कर रहे हैं और उचित निर्णय लेंगे। उच्च न्यायालय ने मामले में युवती की मां के अधिवक्ता को निर्देश दिया कि वह युवती के भाई से सेटलमेंट के बिंदु पर बातचीत कर अगले सुनवाई में शपथ पत्र दाखिल करें। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाले खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कुमारी और अधिवक्ता शैलेश कुमार ने पक्ष रखा। अदालत ने मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स, भारत सरकार के सचिव को भी मामले में प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया था, ताकि युवती के भाई जो ऑस्ट्रेलिया में रहता है, उसके पते के संबंध में जानकारी मिल सके।

### उच्च न्यायालय में हाजिर हुए पीसीसीएफ और पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय में पलामू टाइगर रिजर्व के संरक्षण को लेकर दायर विकास महतो की जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश पर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ और पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर कोर्ट में हाजिर हुए। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पलामू टाइगर रिजर्व का नक्शा अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया और इसके संरक्षण को लेकर उठाए गए कदमों पर जानकारी कोर्ट को दी। उन्होंने अदालत को बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व के रास्ते में आने वाले रेलवे लाइन और सड़क को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने अगली सुनवाई में पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ और फील्ड डायरेक्टर पलामू टाइगर रिजर्व को सशरीर उपस्थिति से छूट प्रदान की।

## एक नजर

### हवन पूजन के साथ नए सत्र का प्रारंभ

**झुमरी तिलैया** : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में नए सत्र का आरंभ हवन पूजन के साथ हुआ। सत्र 26- 27 का पहला दिन अत्यंत हर्ष व उल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। नई कक्षा में आए भैया बहनों का स्वागत किया गया साथ ही सभी भैया बहन पूजा में स्थल पर पंक्तिबद्ध बैठ गए। पुरोहित प्रदीप कुमार के निर्देशन में पंच देवता पूजन हवन हुआ। प्राचार्य आनंद मोहन, विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार सिंह यजमान की भूमिका में थे। हवन पूजन के पश्चात प्राचार्य आनंद मोहन ने बताया की विद्या भारती के विद्यालयों में सत्र आरंभ की यही व्यवस्था है। उसी का निर्वहन करते हुए आज कैलाश सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात दिनांक भैया बहनों की विधिवत पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य प्रदीप कुमार,विजय मिश्रा, उमाशंकर कुमार, वीरेंद्र मिश्रा, दीपक कुमार विश्वकर्मा, चंद्रशेखर कुमार, विक्रम कुमार, प्रणव प्रभास, मुन्ना सिंह , विजय तिवारी,अर्चना सिन्हा, रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी आदि की उपस्थिति रही।

### बी आर इंटरनेशनल स्कूल के नए प्राचार्य बने रमेश कुमार

**कोडरमा** : बी आर इंटरनेशनल स्कूल के लिए यह हर्ष का विषय है कि रमेश कुमार उपाध्याय ने विद्यालय के नए प्राचार्य के रूप में आज विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उनके आगमन से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।श्री आर के उपाध्याय शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक अनुभव एवं उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने अब तक के शैक्षणिक कार्यकाल में विद्या भारती शिक्षण संस्थान के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में प्राचार्य की जिम्मेदारियाँ निभाई हैं और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सदैव प्राथमिकता दी है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत अपने संबोधन में आर के उपाध्य ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य विद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के उच्च मानकों तक पहुँचाना होगा। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास, समय का सदुपयोग और लक्ष्य के प्रति समर्पण अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार और सफल नागरिक बन सकें।

### रामगढ़ में चला कानूनी जागरूकता अभियान

**रामगढ़** : आम लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा बृहस्पतिवार को एक प्रभावी डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सीधे पहुंचकर उन्हें कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा। नालसा और झालसा के निर्धारित कैलेंडर के तहत प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में इस तरह के जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस बार रामगढ़ प्रखंड के विभिन्न इलाकों में टीम ने घर-घर जाकर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी अपने मामलों की पैरवी कर सकते हैं। यदि किसी के पास वकील करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल से जुड़े अधिवक्ताओं की मदद ले सकते हैं। यह सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध है। टीम ने सामाजिक कल्याण विभाग और रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी लोगों को अवगत कराया।

# पूर्व विधायक के धरने पर पहुंचे उपायुक्त समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** समाहरणालय परिसर में जन समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे पूर्व विधायक शंकर चौधरी से उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने सीधे संवाद स्थापित कर प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचय दिया। बुधवार को जब उपायुक्त की नजर धरने पर बैठे पूर्व विधायक पर पड़ी, तो उन्होंने बिना औपचारिकता के वहीं सीढ़ियों पर बैठकर उनकी बातों को गंभीरता से सुना। यह दृश्य उस समय खास बन गया, जब एक ओर पूर्व विधायक धरने पर बैठे थे और दूसरी ओर उपायुक्त स्वयं उनके पास पहुंचकर आम लोगों से जुड़ी समस्याओं को समझने लगे। इस दौरान पूर्व विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को विस्तार से रखा, जिन्हें उपायुक्त ने ध्यानपूर्वक सुना। उपायुक्त ने बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित मुद्दों को नोट करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस पहल को मौजूद लोगों ने प्रशासन की सकारात्मक कार्यशैली के रूप में सराहा धरना स्थल पर प्रारंभिक वार्ता के बाद उपायुक्त ने पूर्व विधायक को अपने कार्यालय कक्ष में आमंत्रित किया, जहां दोनों के बीच विस्तृत बैठक हुई। इस दौरान पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और जनता को राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की देरी न हो। उपायुक्त ने दोहराया कि जिला प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना है। इस पहल ने न केवल प्रशासन की सक्रियता को दर्शाया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय से ही आम जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

## त्याग, बलिदान और समर्पण के प्रतीक थे हनुमान जी : सुभाष यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** सार्वजनिक हनुमान मंदिर रामनवमी पूजा समिति के तत्वाधान में नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय के बगल में स्थित हनुमान मंदिर गुमो में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भक्ति जागरण सह आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण सह आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में मौजूद लोग रात भर झूमते रहे। पंकज म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के राजद उम्मीदवार सुभाष यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। जबकि राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, झुमरी तिलैया नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोहर कुमार राम और पार्षद प्रतिनिधि बबलू पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। समिति की ओर से बुके देकर और अंग वस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष यादव ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हनुमान जी त्याग, बलिदान और समर्पण के प्रतीक थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज, देश और मानवता के प्रति अपने मन में त्याग और बलिदान की भावना को विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने स्वार्थ की भावना से ऊपर उठकर सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा लोगों को दी। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार राम ने किया। मंच पर अनंत पांडेय, सोहन राम, कृष्ण पाण्डेय, अजय पांडेय, रंजीत कुमार सिंह, मनोज चंद्रवंशी, डीपीएम विनीत कुमार, सोनू राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रामनवमी झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**डोमचांच :** रामनवमी के पावन अवसर पर क्षेत्र में निकाली गई भव्य एवं आकर्षक झांकियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंगलवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह रिद्धि सिद्धि भवानी मंदिर, महत्वनिया महुआ (महेशपुर) समिति द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। गौरतलब है कि रामनवमी के अवसर पर विभिन्न समितियों द्वारा पारंपरिक एवं सांस्कृतिक झांकियां निकाली गई थीं, लेकिन रिद्धि सिद्धि भवानी मंदिर समिति की झांकी अपने अनोखे थीम और जीवंत प्रस्तुतीकरण के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। झांकी में खासतौर पर नारी सशक्तिकरण की थीम पर युवतियों द्वारा निभाई गई भूमिकाओं ने लोगों का मन मोह लिया, वहीं युवाओं की सजीव वेशभूषा और अभिनय ने भी दर्शकों को काफी प्रभावित किया। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समिति के सदस्यों ने झांकी में शामिल सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्साहवर्धन हेतु मेडल एवं भगवा अंग वस्त्र प्रदान किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में एकता, संस्कृति और नारी सम्मान का संदेश भी देते हैं।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपराडीह में शिक्षक विदाई समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे अभिभावक शिक्षक शिवशंकर मोदी की विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय मुखिया कल्याणी देवी पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, पूर्व मुखिया धीरज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चा द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को उत्साहित किया। कार्यक्रम में शिक्षक को विदाई किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय अध्यक्ष, प्रतिमा कुमारी बर्मा, उपाध्यक्ष सुनिता देवी, पूर्व अध्यक्ष महेश राणा, रामप्रसाद यादव, सद्दाम अंसारी, रमेश यादव, पिंकू कुशवाहा, रामप्रसाद वर्मा, अनिल राणा, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृमुकला राजू, सहायक शिक्षक महेश दास, कंप्यूटर शिक्षक महताब आलम, शिक्षक सुरेंद्र दास, अंजू कुमारी, विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## ब्लू प्लेनेट स्कूल के छात्रों ने बेहतर परिणाम देकर मेहनत और मार्गदर्शन की मिसाल पेश की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में ब्लू प्लेनेट पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। छोटे से विद्यालय के इन नौनिहालों ने अपने उत्कृष्ट परिणाम से पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय का यह परिणाम केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षण की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के समर्पण और प्रबंधन की सकारात्मक सोच का प्रतीक भी है। शिक्षकों की निरंतर मेहनत, बच्चों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन ने इस सफलता को संभव बनाया है। विद्यालय में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित किया गया है, जहां हर छात्र को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलता है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की कमजोरियों को पहचान कर उन पर विशेष कार्य किया, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा और परीक्षा में बेहतर परिणाम सामने आया। यही कारण है कि इस वर्ष के नतीजों ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कायरब कुमार, नयन राज, शिवांश कांत कुशवाहा, राकेश कुमार, शिवम कुमार पटेल, नितिया वर्मा, रिया कुमारी, रौनक कुमारी, अंगद पटेल, सादिया आफरीन, वैष्णवी कुमारी, प्राची कुमारी, प्रिंस महली, शानवी कुमारी, अतीकश राज, रूही कुमारी, राघव अवि, आरोही पटेल, तन्वी राज, नमन कुमार चौधरी, यशराज पटेल, यश कुमार, दिव्या कुमारी और प्रिंस कुमार महतो शामिल हैं। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। अभिभावकों ने बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन की खुलकर प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रजरप्पा मंदिर परिसर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की पहल तेज, 254 दुकानदारों को मिला नोटिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रजरप्पा :** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रजरप्पा मंदिर परिसर को व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर बुधवार संध्या अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के नेतृत्व में विशेष निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च 2026 को मंदिर परिसर में अवैध रूप से संचालित दुकानों को चिन्हित करते हुए कुल 254 दुकानदारों को नोटिस दिया गया था। नोटिस में स्पष्ट रूप से 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने और स्थल खाली करने का निर्देश दिया गया था, ताकि परिसर को सुचारू और सुरक्षित बनाया जा सके। बुधवार शाम अभियान के तहत अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार और चितरपुर के अंचल अधिकारी दीपक मिंज भी मौजूद रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अतिक्रमण की वर्तमान स्थिति को समझा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों, रेस्टोरेंट संचालकों और मंदिर से जुड़े पुजारियों से बातचीत की। सभी से प्रशासनिक कार्रवाई में सहयोग करने की अपील की गई, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कदम श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और मंदिर परिसर की गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर परिसर में एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें अतिक्रमण हटाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। दुकानदारों और अन्य हितधारकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी अधिकारियों के सामने रखे, जिस पर प्रशासन ने सकारात्मक रुख अपनाने का भरोसा दिलाया।

### रजरप्पा से लौटते ही भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री का भव्य अभिनंदन

**भुरकुंडा** : भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी का भुरकुंडा के मतकमा चौक पर कार्यकताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और पार्टी कार्यकताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। जानकारी के अनुसार, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी रजरप्पा स्थित मां छिन्नमष्टिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद रांची लौट रहे थे। इसी क्रम में मतकमा चौक के पास पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करने की तैयारी कर रखी थी। जैसे ही उनका काफिला वहां पहुंचा, कार्यकताओं ने उन्हें रोककर फूल-मालाओं से सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ नीरा यादव सामान्य प्रयोजन समिति की सभापति बनीं, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**कोडरमा** : विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के तहत विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन किया है। इस बाबत अधिसूचना भी जारी हो गई है। कोडरमा से भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव को सामान्य प्रयोजन समिति का सभापति बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण समिति का सभापति के साथ ही विधानसभा के नियम समिति का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, महामंत्री विजय यादव, सूरज प्रताप, गोपाल कुमार गुतुल, युवा मोर्चा के प्रोफेसर राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष नवीन चौधरी, इंद्रदेव वर्णवाल, सुनील पंडित, प्रिया यादव, सुजीत मेहता, सुनील मेहता, संजय पासवान, सुनील यादव, सुनील भारती, सुरेंद्र यादव, शंभू सिंह, नरेश यादव, सौरभ कुमार, अजय पांडेय, किशोर यादव, रोहित मेहता, सुभाष मेहता, नंदलाल मुर्मू, जयशंकर सिंह समेत अन्य लोग शामिल हैं।

### डोमचांच नगर पंचायत की पहली बोर्ड बैठक संपन्न, होल्डिंग टैक्स में राहत

**डोमचांच**: नगर पंचायत चुनाव के बाद गुरुवार को डोमचांच नगर पंचायत की पहली बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का सबसे प्रमुख निर्णय होल्डिंग टैक्स में कमी को लेकर लिया गया। नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के इको-सेंसिटिव जोन में होने तथा उद्योग-धंधों की सीमित संभावनाओं को देखते हुए सर्किल रेट कम करने की मांग उपायुक्त को आवेदन देकर की जाएगी, जिससे आम जनता को होल्डिंग टैक्स में राहत मिल सके। इसके अलावा बैठक में डोमचांच हाट-बाजार की बंदोबस्ती के लिए टेंडर राशि कम कर पुनः टेंडर प्रक्रिया कराने का निर्णय लिया गया। नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 20 हाई मास्ट लाइट लगाने, खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत स्थानीय मिस्त्रियों से कराने तथा सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। नगर में बढ़ती जाम की समस्या, साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि अब जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए होल्डिंग टैक्स जमा करना अनिवार्य नहीं होगा। बैठक में जनहित को ध्यान में रखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के फ्रीज खातों को खोलने तथा किसी परिवार में मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार हेतु नि:शुल्क पानी टैंकर उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया। डोमचांच नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा ने कहा कि भले ही होल्डिंग टैक्स की वसूली कम हो, फिर भी नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में उपाध्यक्ष आदर्श पंकज सहित सभी वार्ड पार्षदों ने प्रस्तावों का समर्थन किया और नगर के समग्र विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### नगर परिषद ने रचा इतिहास, 92 प्रतिशत कर संग्रहण के साथ बना राज्य में अव्वल

**झुमरी तिलैया** : नगर परिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर संग्रहण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर पूरे झारखंड में अपनी अलग पहचान बना ली है। इस बार परिषद के शानदार प्रदर्शन ने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।नगर परिषद द्वारा इस वित्तीय वर्ष में 8.897 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 8.18 करोड़ रुपये की वसूली करते हुए 92 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। खास बात यह रही कि पंद्रहवें वित्त के अंतर्गत तय लक्ष्य से 37 लाख रुपये अधिक संग्रहण किया गया, जो अपने आप में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। जल कर के क्षेत्र में 44 लाख रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 42.43 लाख रुपये की वसूली कर 96 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। वहीं ट्रेड लाइसेंस में 20 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 18.5 लाख रुपये का संग्रह किया गया, जो परिषद की सक्रियता को दर्शाता है। झुमरी तिलैया नगर परिषद का लक्ष्य गिरिडीह नगर निगम से भी अधिक रहा, जो इसकी बढ़ती क्षमता और वित्तीय मजबूती को दशार्ता है। पूरे राज्य के नगर परिषदों में यह सबसे अधिक मांग और संग्रहण वाला परिषद बनकर उभरा है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण परिषद को पंद्रहवें वित्त आयोग से लगभग 10 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। इससे नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में सड़क, नाली, जलापूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य तेजी से किए जाएंगे। पिछले वर्ष परिषद लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहा था, लेकिन इस बार पूरे टीम वर्क और समर्पण के साथ इस कमी को दूर कर लिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने इस उपलब्धि का श्रेय कार्यपालक अभियंता अंकित गुप्ता, नगर प्रबंधक रंधीर वर्मा, लेमांशु कुमार सहित सभी कर्मियों को दिया है।

### विष्णुगढ़ केस में पलटा खेल, आरोपी से जुड़ाव पर भाजपा-झामुमो में टकराव



**रामगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में 24 मार्च को 12 वर्षीय बच्ची की मौत का मामला अब पूरी तरह राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है। शुरूआत में इस घटना को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आंदोलन और बंद की चेतावनी दी थी, लेकिन जांच के दौरान एक भाजपा नेता का नाम सामने आने के बाद राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल गए हैं। पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। गुरुवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने थाना चौक स्थित गांधी चौक से सुभाष चौक तक एकजुट होकर विरोध मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग के सांसद और मांडू के विधायक के खिलाफ नारे लगाए। सुभाष चौक पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने भाजपा का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। झामुमो के केंद्रीय सचिव राजकुमार महतो ने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस संवेदनशील मामले को लेकर बिना ठोस तथ्यों के राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को बदनाम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अब जब जांच में सच्चाई सामने आ रही है, तो भाजपा की भूमिका पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाओं पर राजनीति करने के बजाय दोषियों को कड़ी सजा दिलाने पर ध्यान देना चाहिए। झामुमो नेताओं ने इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उनका कहना है कि कानून सबके लिए समान है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रदर्शन में राजकुमार महतो, चित्रगुप्त महतो, भुवनेश्वर प्रसाद महतो, महेंद्र मुंडा, महेश ठाकुर, शिवकुमार करमाली, गीता विश्वास, सोनाराम मांझी, सगिर हुसैन, बरतू करमाली, कमल राम, बबलू यादव, अकल उरांव, शांति गिरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बोकारो में गैंग से जुड़े सात अपराधी गिरफ्तार, मुठभेड़ में प्रिंस गुप्ता घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में प्रिंस खाना और अमन साहू गैंग के लिए काम करनेवाले गिरोह के पकड़े गए 7 सदस्य। बोकारो के बालीडीह के गोलमुरी पहाड़ी के पास वेपन बरामद करने ले गए एक अपराधी प्रिंस गुप्ता ने पुलिस पर चलाई गोली जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो अपराधी के पैर में लगी गोली। बोकारो जेनरल अस्पताल में भर्ती। इसके साथ 7 अपराधी भी हुआ गिरफ्तार। बोकारो में प्रिंस खान गैंग और अमन साहू, प्रकाश शुक्ला गैंग से ताल्लुक रखने वाले अपराधी प्रिंस गुप्ता के साथ 7 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इन अपराधियों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक लोडेड पिस्टल ,एक देशी कट्टा, 10 जिंदा कारतूस, दो पीस कार्बाइन मैगजीन, मोबाइल का सिम सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि ये अपराधी दो गैंग के लिए काम करता था जिसने प्रिंस खान गैंग सहित अमन साहू गैंग और प्रकाश शुक्ला गैंग के लिए काम करता है जो विभिन्न व्यवसाईयों से रंगदारी की मांग करता था जो कई कांडों में संलिप था पुलिस की गिरफ्तारी के बाद रक्ळ की टीम के द्वारा हथियार बरामद करने को लेकर बालीडीह थाना क्षेत्र के गोल पहाड़ी के पास ले जाया गया जहां हथियार बरामद करने को लेकर अपराधी हथियार की तलाश करने के बाद पुलिस पर ही गोली चलाया जहां पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगी और अपराधी घायल हो गया। घायल होने के बाद अपराधी प्रिंस गुप्ता को पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया और इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि यह अपराधी प्रिंस खान सहित अमन साहू, प्रकाश शुक्ला, राहुल दुबे और मयंक सिंह के लिए काम करता था और रंगदारी को लेकर व्यवसाईयों को फोन कॉल करके धमकता था और रंगदारी की मांग करता था। मौके पर बोकारो एसपी के साथ कई थाना के पुलिस पहुंची और एफएसएल की टीम के द्वारा जांच की जा रही है। बोकारो एसपी ने कहा कि यह अपराधी कई कांडों में संलिप्त है और बोकारो के सीट की टीम के द्वारा जब वेपन रिकवरी को लेकर इसे इस क्षेत्र में लाया गया तो अपराधी में गोली चलाना शुरू किया जहां पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी की गोली पैर में लगी है बाकी अभी जांच जारी है। बोकारो एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि ये गिरोह पाकिस्तान में बैठे प्रिंस खान के लिए काम करता था जो देश द्रोही की तरह है ऐसे में इनपर जांच कर आगे की करवाई की जाएगी। उन्होंने कहा प्रकाश शुक्ला के द्वारा रंगदारी की मांग विभिन्न व्यवसाईयों से किया जाता था और पूरे नेटवर्क में मदद करने और इस गैंग को बोकारो में जोड़ने का काम गोली लगे प्रिंस गुप्ता करता था।



## एक नजर

### चास अंचल मे सीआईडी की छापा

**बोकारो :** स्थगित जमाबंदी को स्थानांतरण के एक दिन बाद ऑनलाइन किए जाने के मामले को लेकर आज रांची सीआईडी के डीएसपी नवल किशोर प्रसाद चास अंचल कार्यालय रजिस्टर टू की जांच करने पहुंचे। मामला वर्ष 2019 का है। इस दौरान उन्होंने बोकारो के चास अंचल कार्यालय पहुंच कर रजिस्टर टू की जांच की। मीडिया से किए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मामला फिलहाल जांच में है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मामला बांधगोडा मौजा का है। जानकारी के मुताबिक डायमंड सिटी के स्थगित जमाबंदी लगभग 5 एकड़ जमीन जिसमें वन विभाग की भी एक एकड़ 32 डिसमिल जमीन शामिल था, उसे गलत तरीके से ऑनलाइन किया गया था। इसी मामले में सीआईडी में कंप्लेंट दर्ज किया गया था इस मामले को लेकर जांच की जा रही है इस मामले को एसीबी के द्वारा भी जांच किया जा रहा है।

### झारखंड में आनेवाले समय में आरजेडी अपने दम पर सरकार बनाने का काम करेगी

बोकारो : झारखंड में आनेवाले समय में आरजेडी अपने दम पर सरकार बनाने का काम करेगी उक्त बाते झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह महासचिव कैलाश यादव ने उक्त बाते बोकारो के सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि 5 अप्रैल को तेजस्वी यादव झारखंड के दौरे पर आ रहे है ऐसे में संगठन को गांव से लेकर शहर तक मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने झारखंड के परिसीमन पर बात करते हुए कहा कि परिसीमन होने से सूबे में सीटों की संख्या बढ़ेगी ऐसे में पार्टी भी अपना जानाधार बढ़ाने को लेकर जनजन तक पहुंचने का काम करेगी और यूथ से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को बजबूती देने का काम करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड विधानसभा की युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति के सभापति बने सविता महतो



**रांची :** झारखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा अधिसूचना जारी कर वर्ष 2026-27 के लिए युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का गठन कर दिया गया है। यह गठन विधानसभा के नियम-223(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, समिति की सभापति के रूप में सविता महतो को नियुक्त किया गया है। वहीं समिति के अन्य सदस्यों में कुमार जय मंगल, प्रदीप प्रसाद, रागिनी सिंह तथा निसात आलम शामिल हैं। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि समिति का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से एक वर्ष तक या समिति के पुनर्गठन तक प्रभावी रहेगा। मालूम हो कि 2025-26 में भी विधायक सविता महतो युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति के सभापति थे। उक्त बात की जानकारी विधायक सविता महतो के आप्त सचिव काबलू महतो ने दी।

### प्रिंस खान गैंग अपराधी और पुलिस के बीच मुठभेड़, एक अपराधी हुआ घायल



**बोकारो :** बोकारो में प्रिंस खान गैंग अपराधी और पुलिस के बीच मुठभेड़। अपराधी हुआ घायल। बोकारो जेनरल अस्पताल में भर्ती। बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र का मामला। बताते चले कि बोकारो में प्रिंस खान और अमन साहू, प्रकाश शुक्ला गैंग से ताल्लुक रखने वाले अपराधी प्रिंस गुप्ता जो विभिन्न व्यवसाईयों से रंगदारी की मांग करता था जो कई कांडों में संलिप था पुलिस की गिरफ्तारी के बाद रक्ळ की टीम के द्वारा हथियार बरामद करने को लेकर बालीडीह थाना क्षेत्र के गोल पहाड़ी के पास ले जाया गया जहां हथियार बरामद करने को लेकर अपराधी हथियार की तलाश करने के बाद पुलिस पर ही गोली चलाया जहां पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगी और अपराधी घायल हो गया। घायल होने के बाद अपराधी प्रिंस गुप्ता को पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया और इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि यह अपराधी प्रिंस खान सहित अमन साहू, प्रकाश शुक्ला, राहुल दुबे और मयंक सिंह के लिए काम करता था और रंगदारी को लेकर व्यवसाईयों को फोन कॉल करके धमकता था और रंगदारी की मांग करता था। मौके पर बोकारो एसपी के साथ कई थाना के पुलिस पहुंची और एफएसएल की टीम के द्वारा जांच की जा रही है। बोकारो एसपी ने कहा कि यह अपराधी कई कांडों में संलिप्त है और बोकारो के सीट की टीम के द्वारा जब वेपन रिकवरी को लेकर इसे इस क्षेत्र में लाया गया तो अपराधी में गोली चलाना शुरू किया जहां पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी की गोली पैर में लगी है बाकी अभी जांच जारी है।

## बीएसएल कर्मचारी को मिला जीवनदान, जनरल अस्पताल में सटीक ट्रॉमा केयर ने बचाई जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जनरल अस्पताल में समय के साथ चली एक कड़ी जंग में, अजीत मिश्रा जो कि 31 वर्षीय बीएसएल कर्मचारी हैं, को मौत के मुँह से बाहर निकाल लिया गया। धनबाद के पास हुई एक भीषण बाइक दुर्घटना के बाद उन्हें BGH लाया गया था, जहाँ उनके सिर में भारी आंतरिक रक्त स्राव, सिर और चेहरे की कई हड्डियाँ टूटना और पैर में फ्रैक्चर जैसी गंभीर चोटें थीं।

इलाज की मुख्य कड़ियां गंभीर स्थितिः देर रात को अस्पताल पहुँचने के कुछ ही देर में मरीज कोमा में चले गए और उनकी स्थिति हर बीतते पल के साथ बिगड़ती जा रही थी। जटिल सर्जरीः न्यूरोसर्जन डॉ.आनंद कुमार ने आंतरिक रक्तस्राव को रोकने के लिए सुबह 3 बजे एक जटिल सर्जरी शुरू की, जो 3 घंटे से अधिक समय तक चली। समय का महत्वः डॉ.आनंद के अनुसार, यदि इलाज में 30 से 60 मिनट की भी देरी होती, तो यह जानलेवा साबित हो सकता था। सामान्यतः ऐसे मामलों में मृत्यु दर 60% से 80% के बीच होती है। टीमवर्क "गोल्डन आवर" के दौरान मिली इस सफलता में कैजुअल्टी मेडिकल अफसर डॉ.सुनील कुमार, डॉ.सौरभ खडतकर और डॉ. प्रेमनीत कुमार की त्वरित प्रतिक्रिया और सहयोग की अहम भूमिका रही।

## आदिम जुमीद ग्राम सभा संगठन द्वारा ग्राम सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के लायलम पंचायत के पुनसा स्थित फूलों झानो फुटबॉल मैदान में सभाध्यक्ष कार्तिक सोरेन की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा आयोजित किया गया। ग्राम सभा में अलकतरा फैक्ट्री से राहरगोंडा होते हुए बाटालुका आमदापहाड़ी तक सड़क निर्माण में वन विभाग द्वारा अनापत्ति नहीं मिलने से सड़क निर्माण में उत्पन्न बाधा को समाधान करवाने की मांग रखी गई थी। इस मामले को लेकर वन विभाग द्वारा किसी प्रकार का समाधान नहीं मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम सभा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया। ग्राम सभा का कहना हैं कि किसी भी तरह से सड़क का निर्माण होना चाहिए। इसके लिए ग्रामीण किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। वही ग्रामीणों का कहना हैं कि 2029 में यदि सड़क नहीं तो वोट नहीं का भी निर्णय लेने को बाध्य होंगे। ग्राम सभा में उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के मामा गुरुचरण किस्कू ने ग्राम सभा में ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए हर हालत में सड़क का निर्माण होगा। इसके लिए मंगलवार को जिले के उपायुक्त की उपस्थिति में डीएफओ के साथ इस सड़क निर्माण के मामले में वार्ता करके समाधान कर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करवाते हुए ग्रामीणों की लंबी मांग को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण के लिए हर प्रयास किया जाएगा। ग्राम सभा के अध्यक्ष कार्तिक सोरेन ने कहा कि इस सड़क के बदहाली के कारण कुछ दिन पहले एक ग्रामीण की मौत भी हो चुकी हैं। वन विभाग यदि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण नहीं करती हैं।तो ग्रामीण प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।वही उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि सीएम के मामा गुरुचरण किस्कू ने इस सड़क निर्माण का जिम्मा लेते हुए।

## विस्थापितों के पुनर्वास हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा : विमुवा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़ :** नौका विहार स्थल चांडिल में विस्थापित मुक्ति वाहिनी की एक बैठक में सुवर्णरेखा परियोजना द्वारा पुनर्वास हक को शिथिल करने की मनोवृति का विरोध किया गया। ज्ञात हो कि गत दिनों चांडिल बांध में पर्यटन का अधिकार गैर विस्थापित एजेंसी को सौंप दिया गया है। भारत सरकार पर्यटन क्षेत्र को सरकारी खर्चे पर विकसित कर उसे कॉर्पोरेट - खासतौर पर गुजरात के कुछ चुनिंदे व्यापारियों के हवाले कर देने की योजना पर कार्यरत है।इसी उद्देश्य के से स्वदेश दर्शनः2.0 नाम की एक एजेंसी पीपीपी मॉडल पर विस्तृत योजना बना रही है। बैठक में पर्यटन को कॉरपोरेट परस्त बनाने के विरुद्ध संघर्ष का संकल्प लिया गया। 30 अप्रैल 2026 को जयदा शहादत दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के पश्चात एक जत्था पदयात्रा कर चांडिल बांध तक आएगी और अधिकारियों को अपनी लंबित मांगों और भविष्य के इरादों से अवगत कराएगी। कृतज्ञता पैकेज, लिफ्ट इरिगेशन एवं डीप बोरिंग की स्थापना, पुनर्वास स्थलों का सीमांकन और स्टेटस रिपोर्ट, विस्थापित परिवार के बच्चों के लिए मॉडल आवासीय विद्यालय, चांडिल पॉलिटेक्निक में विस्थापित बच्चों के लिए 50% स्थान सुरक्षित रखना, पालना जलाशय योजना को पूरा करना आदि शामिल है। विस्थापितों के पुनर्वास हक को कायम रखना और प्राप्त करने के उद्देश्य से बिरसा मुंडा शहादत दिवस के अवसर पर चांडिल स्थित स्वर्णखा परियोजना के कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा। विस्थापित मुक्ति वाहिनी के नेतृत्व में चले पुनर्वास आंदोलन का आगामी वर्ष 2027 में 40 वर्ष पूरा हो जाएगा।

## वन विश्रामागार के समीप शराब दुकान खोलने का महिलाओं ने किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** नीमडीह थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर - नीमडीह सड़क पर वन विश्रामागार के पास अनुज्ञप्ति प्रदत्त शराब की कमपोजिट दुकान खोलने का स्थानीय महिलाओं ने जोरदार विरोध किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब दुकान पर शराब खरीद कर बस्ती के आसपास पीने के बाद शराबियों द्वारा अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है। जिससे बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं ने कहा कि तीन महीने पहले जनबहुल क्षेत्र से शराब दुकान को स्थानांतरण के लिए उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग सरायकेला-खरसावां ,नीमडीह के अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया था। अंचल अधिकारी ने स्थल जांच के बाद आश्वासन दिया था कि तीन महीने के बाद शराब दुकान को अन्य जगह पर स्थानांतरण कराया जायेगा। लेकिन तीन महीने बाद फिर से दुकान खोला जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि अन्य दुकान खोला जाय हमें कोई विरोध नहीं है। इस मौके पर नीमडीह पुलिस आकर महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वे लोग शराब दुकान खोलने के विरोध में डटे रहें।

## एसपी मेरे सुरक्षा के साथ कर रहे हैं खिलवाड़ : जिप.अध्यक्ष सुनिता देवी

**बोकारो :** एसपी मेरे सुरक्षा के साथ कर रहे हैं खिलवाड़-जिप.अध्यक्ष सुनिता देवी मैं सुनीता देवी बोकारो जिला परिषद की अध्यक्ष आप सभी प्रेस मीडिया बंधुवो को आज जिला परिषद कार्यालय में आपका अभिनंदन एवं स्वागत करती हूं। आज जिला परिषद कार्यालय में प्रेस-कॉन्फ्रेंस करते हुए आप सभी पत्रकार बंधुओ के द्वारा यहां बताना चाहती हूं कि पिछले एक माह से हमारे पास कोई सुरक्षा गार्ड नहीं है जिस कारण मै भयभीत महसूस कर रही हूं मैं उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र से जिला परिषद की सदस्य बनी हु संविधान के तहत दो-दो बार चुनाव जीती हुई फिर भी बोकारो जिला के एसपी साहब पिछले 9 महीने में लगातार पांच से छह बार हमारे गार्ड को हटा चुके हैं मैं मौखिक रूप से कई बार उनको यह बताने की कोशिश किया कि मैं उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र से आती हूं झुमरा पहाड़ एवं लुगू पहाड़ से सटा हुआ मेरा घर है मैं गोमिया सहित बोकारो जिला के सभी प्रखंडों में सामाजिक एवं जनहित कार्यों में दौरा करती हु कभी कभी रात भी हो जाती है ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

ई-निविदा आमंत्रण सूचना।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार रॉची के स्वीकृत आदेश संख्या-5/पी0 (के0यो0)-68/2023-63 (6) ब/स्वा0 दिनांक-20.03.2026 के आलोक में PM Ayushman Bharat Helath Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM) के तहत स्वीकृत चतरा जिलान्तर्गत निम्नांकित PHC निर्माण योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से द्वि (Two) लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा सूचना संख्या :- RDD/SD/CHATRA/03/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| ग्रुप० सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pathalgadda | Construction of Block Public Health Unit. | 49,91,000.00 | 99,900.00 | 5000.00 | 09 माह | द्वि (Two) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 10.04.2026
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक-10.04.2026 से दिनांक-17.04.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 20.04.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 376439 (Rural Development) 26-26 (D)

## झील निर्माण कार्य का महापौर ने किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों को लगाई फटकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल हजारीबाग झील में चल रहे निर्माण कार्यों का महापौर अरविंद कुमार राणा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कार्यों में अनियमितता पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्यों को नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया। महापौर ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में झील की प्राकृतिक संरचना से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से हो रहे कार्यों का लाभ सीधे जनता को दिखना चाहिए और बिना आवश्यकता के योजनाएं बनाकर प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में झील में चल रहे सभी निर्माण कार्यों का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान स्वीकृत नक्शे और योजनाओं के आधार पर स्थल पर जांच की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आ सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता रमेश कुमार एवं नगर निगम के उप आयुक्त ज्योतिष कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, हजारीबाग झील में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। महापौर जेपी मार्ग से लौटने के दौरान अचानक झील पहुंच गए और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान डीआईजी आवास के समीप बनाए गए पुल के एक्सटेंशन को देखकर वे खासे नाराज हो गए। उन्होंने पुल के अंदर जाकर निरीक्षण किया और मौके पर कन्या अभियंता लालजी राम को बुलाकर फटकार लगाई। बाद में कार्यपालक अभियंता को भी मौके पर बुलाकर अन्य कार्यों की जानकारी ली गई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झील की सुंदरता और प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखते हुए ही निर्माण कार्य किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अनावश्यक कार्यों पर रोक लगाई जाएगी और गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल , सिमडेगा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - 01/2026-27
(राज्य योजना अंतर्गत)

दिनांक 02.04.2026

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :- 15.04..2026 के अपराहन 3.00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 16.04.2026 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :- 16.04..2026 के 4.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
8. कार्य का नाम - Revival of Defunct IM II Hand Pumps by Changing their rotten Riser Pipes, damaged connecting rods, damaged C.I. Cylinders and other spare parts (wherever required) in different block of Simdega District under D.W.& S. Division, Simdega during the year 2026-27.

| क्र० | ग्रुप सं० | प्रखण्ड का नाम | नलकूपों की सं० | प्रा० राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण वि० का मूल्य, (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SIM/RRP-I | Bano | 60 | 875577.00 | 18000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 2 | SIM/RRP-II | Jaldega & Bansjor | 55 | 802612.00 | 16500.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 3 | SIM/RRP-III | Bolba | 60 | 875577.00 | 18000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 4 | SIM/RRP-IV | Kurdeg & Kersai | 60 | 875577.00 | 18000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 5 | SIM/RRP-V | Kolebira | 60 | 875577.00 | 18000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 6 | SIM/RRP-VI | Simdega & Pakartanr | 60 | 875577.00 | 18000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 7 | SIM/RRP-VII | Thethaitangar | 60 | 875577.00 | 18000.00 | 1250.00 | 60 दिन |

नोट :-
1. संवेदक को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड अंतर्गत निबंधन अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे। ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिझिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
3. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4- Technical Bid में Qualify होने के बाद ही Rate Bid खोला जायेगा।
5. कार्य की मात्रा एवं प्राक्कलित राशि में परिवर्तन सम्भव है, तदनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य परिवर्तित हो सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 376574 Simdega(26-27)#D

## भक्त शिरोमणि रामदूत हनुमान

राम नाम के अनन्य प्रेमी भक्त शिरोमणि अंजनीसुत हनुमानजी की महिमा से भला कौन परिचित नहीं है। रामायण की कल्पना रामदूत हनुमान के बिना नहीं की जा सकती। भक्त और भक्ति की उत्कृष्टता को सिद्ध करने वाले हनुमानजी की लीला न्यारी है। श्रीराम दूत हनुमान भक्ति की उच्च पराकाष्ठा को सिद्ध करते हैं, इसी कारण श्रीराम भी सदैव उनके साथ ही अपनी पूर्णता को प्रदर्शित करते हैं इसीलिए उन्हें भक्त शिरोमणि की भी संज्ञा दी गई है। रामायण में हनुमानजी का नहीं श्रीराम दूत के नवीन रूप का अवतरण हुआ, जो हमें यह सिखाता है कि हम अपनी सेवा, भक्ति, कर्मों एवं प्रयासों से नवीन स्वरूप में संसार के समक्ष प्रत्यक्ष हो सकते हैं। महादेव के अंश रुद्रावतार ने श्रीराम के प्रति अनन्य भक्ति एवं प्रेम को हृदय में विराजमान किया। महादेव को भोलेनाथ कहा जाता है, यही गुण उनके रुद्रावतार हनुमानजी के स्वभाव में परिलक्षित होता है। वे भी प्रभु श्रीराम की प्रसन्नता के लिए पूरे शरीर पर सिंदूर धारण करते हैं। जहाँ धन, पद और यश के लालच में व्यक्ति अपना सुख-चैन, सर्वस्व त्याग देता है, वहीं हनुमानजी ने प्रभु श्रीराम के आग्रह पर उनके चरणपद ही माँग लिए और बाकी सबका सहज त्याग कर दिया। हनुमानजी की अनूठी विशेषता उनका अहंकार शून्य होना भी है। हनुमानजी की प्रतिभा संपन्नता तो हमें बाल्य रूप से ही दिखाई देने लगती है। भूख लगने पर सूर्य को फल समझ कर खा लेना, उनकी अद्भुत शक्ति संपन्नता को प्रदर्शित करता है परंतु अपने सम्बोधन में वे रामदूत के उच्चारण को ही प्राथमिकता देते हैं। हनुमानजी में यदि सेवाभाव एवं पूर्ण समर्पण था तो श्रीराम भी हनुमान के प्रति आदर और सम्मान का भाव रखते थे। ज्ञानियों में अग्रगण्य हनुमानजी की एक और विलक्षण विशेषता यह है कि वे अपना परिचय सदैव श्रीराम के दूत के रूप में देते हैं। हनुमानजी इतने बुद्धिमान हैं कि उन्हें ज्ञात है कि कब उन्हें लघु रूप धारण करना है और कब वृहद रूप धारण करके श्रीराम के कार्यो को शीघ्रता से सम्पन्न करना है। हमें सदैव अपने कार्य के प्रति उत्साह का भाव दिखाना चाहिए। जब श्रीराम के कार्य को पूरा करने के लिए हनुमान समुद्र पार करने गए तो वे अत्यंत उत्साहित थे और लक्ष्य के प्रति दृढ़निष्ठ थे। जब मैनाक पर्वत ने उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने कहा मुझे शीघ्रता से माता सीता का पता लगाना है और तत्परता से श्रीराम का कार्य करना है। कार्यों को प्राथमिकता देना भी हमें हनुमानजी से सीखना चाहिए। श्रीराम दूत हनुमान के जीवन में भक्ति और शक्ति का अनूठा समन्वय दृष्टिगोचर होता है। रामायण का प्रत्येक चरित्र अद्भुत है परंतु रामायण के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य को पूर्णता हनुमानजी ने दी। समुद्र लाँघना हो, माता सीता का पता लगाना हो, लंका दहन करना हो या लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा करनी हो, यह सभी कार्य हनुमानजी के द्वारा पूर्णता को प्राप्त हुए; फिर भी वे प्रत्येक कार्य की सफलता का श्रेय श्रीराम को देते हैं। हनुमानजी के गुण स्वरूप कार्यों एवं आदर्शों के अनुरूप ही उनके बारह नाम है, जो मनुष्य को अदम्य साहस और ऊर्जा प्रदान करते हैं। हनुमान, अंजनीसुत, वायुपुत्र, महाबल, रामेष्ठ, फाल्गुनसखा, पिङ्गाक्ष, अमितविक्रम, सीताशोकविनाशन, लक्ष्मण प्राणदाता, दशग्रीवदर्पहा इन सभी नामों को स्मरण करने से जीवन के पाप और संताप नष्ट होते हैं। कलयुग में हनुमान चालीसा और सुंदरकाण्ड तो हनुमानजी की कृपा प्राप्ति के लिए भक्तो के अमोघ शस्त्र है। हनुमान चालीसा की उत्कृष्टता तो इस बात में निहित है कि स्वयं गौरी के ईश महादेव उसके साक्षी बनते हैं। हनुमान चालीसा भी हममें अदम्य शक्ति, साहस, भक्ति एवं ऊर्जा का अंकुरण करती है। श्रीरामकथा श्रवण के प्रेमी हनुमानजी सदैव श्रीराम के नाम स्वरूप एवं गुणों का दर्शन करते हैं। यदि हम जीवन के उपवन में भक्ति एवं प्रसन्नता के प्रसून को पल्लवित और पुष्पित करना चाहते है तो असाध्य कार्य को भी साध्य करने वाले रामभक्त हनुमान की शरण ग्रहण कर लेना चाहिए। अद्वितीय भक्ति की प्रतीक माता सीता ने उन्हें अष्ट सिद्धि और नव निधि का आशीष दिया है। हनुमानजी की विलक्षण लीला हमें शिक्षा देती है कि व्यक्ति के जीवन में कर्म ही प्रधान होते हैं। उन्हीं कर्मो की वजह से हनुमानजी श्रीराम को भरत एवं लक्ष्मण के समान प्रिय हुए।

### सूडोकु नवताल- 7753

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7752 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# बुजुर्गों के भरण-पोषण के लिये एक सराहनीय पहल

**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है- "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव" केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा-पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता-पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित "तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026" एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता-पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। हालांकि भारत में पहले से "माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007" मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता-पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता-पिता भी शिकायत कर सकते हैं।

यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता-पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए।

भारतीय इतिहास और परंपरा में माता-पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं।

इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता-पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता-पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता-पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्तव्य है। वहीं माता-पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगा; जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगा; लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा।

तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। स्कूलों में, सामाजिक संस्थाओं में और धार्मिक संगठनों में परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की शिक्षा दी जानी चाहिए। आज "नया भारत" और "विकसित भारत" की बात की जा रही है, लेकिन केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है। यदि समाज में बुजुर्ग असुरक्षित, उपेक्षित और अपमानित होंगे, तो विकास अधूरा रहेगा। वास्तविक विकास वही है जिसमें समाज का हर वर्ग- बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें।

अतः आवश्यक है कि हम तीन स्तरों पर कार्य करें-पहला, सरकार और कानून बुजुर्गों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। दूसरा, समाज में माता-पिता के सम्मान और सेवा के संस्कार विकसित किए जाएं। तीसरा, परिवार के भीतर माता-पिता और बच्चों के बीच संतुलित और संवादपूर्ण संबंध स्थापित किए जाएं। यदि ये तीनों स्तर मजबूत हो जाएं, तो न केवल बुजुर्गों का जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक होगा, बल्कि परिवार संस्था भी मजबूत होगी और समाज में मानवीय संवेदनाएं जीवित रहेंगी। निश्चिततौर पर कहा जा सकता है कि माता-पिता केवल परिवार का हिस्सा नहीं होते, वे परिवार की जड़ होते हैं। यदि जड़ कमजोर होगी, तो वृक्ष भी कमजोर होगा। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान और सुरक्षा केवल एक पारिवारिक या कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता और सभ्यता की परीक्षा है। जो समाज अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करता, वह कभी महान नहीं बन सकता।

# देश के सर्वोच्च सदन में उठती समान शिक्षा की पुकार

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत का संविधान अपने मूल में एक ऐसे समाज की परिकल्पना करता है जहाँ प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों और वह अपने सामर्थ्य के अनुरूप विकास कर सके। यह विचार कहना होगा कि एक संवैधानिक संकल्प है जिसे अनुच्छेद 14, 21क और अन्य प्रावधानों के माध्यम से स्थापित किया गया है, किंतु जब हम शिक्षा के क्षेत्र में इस समानता की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हैं तब एक जटिल और विरोधाभासी परिदृश्य सामने उभरकर आता है।

वस्तुतः राज्यसभा में दिनेश शर्मा द्वारा उठाया गया प्रश्न इस विरोधाभास को और अधिक स्पष्ट करता है जिसमें उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त संरचनात्मक असमानता की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उनका यह तर्क कि "संविधान की समानता की भावना के बावजूद शिक्षा व्यवस्था में भेदभाव मौजूद है!" भले ही ये कहना किसी राजनेता का हो, किंतु यह वक्तव्य भारत की हकीकत है, जोकि आज एक गहन संवैधानिक विमर्श का विषय है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। इसके साथ ही अनुच्छेद 21क के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया गया है जिसे 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के माध्यम से जोड़ा गया। यह संशोधन इस बात का प्रतीक था कि शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 29 और 30 सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों की रक्षा करते हैं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों को अपने शिक्षण संस्थान स्थापित करने और संचालित करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। यही वह बिंदु है जहाँ समानता और विशेषाधिकार के बीच संतुलन का प्रश्न उत्पन्न होता है।

राज्यसभा में प्रस्तुत विचारों के अनुसार अल्पसंख्यक संस्थानों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के कुछ प्रावधानों से छूट प्राप्त है जबकि अन्य संस्थानों को इन नियमों का पूर्णतः पालन करना होता है। दिनेश शर्मा ने इस स्थिति को अनुच्छेद 14 के साथ असंगत बताया और यह तर्क दिया कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रकार की संरचनात्मक असमानता उत्पन्न होती है। यहां समझ लें कि यह प्रश्न प्रशासनिक अथवा कानूनी नहीं है, यह उस मूलभूत विचार से जुड़ा है कि क्या राज्य सभी बच्चों को समान दृष्टि से देखता है?

इस संदर्भ में अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट प्रदान कर एक तरह से देश में शिक्षा के व्यावहारिक स्तर पर एक असमान ढाँचे को भी वैधता प्रदान कर दी गई है। देखा जाए तो शिक्षा व्यवस्था में यह असमानता कानूनी प्रावधानों तक सीमित नहीं है, यह संरचनात्मक और व्यावहारिक रूप में भी स्पष्ट दिखाई देती है। भारत में सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और धार्मिक शिक्षण संस्थान इन सभी की गुणवत्ता संसाधन और अवसरों में भारी अंतर है। एक ओर महानगरों के निजी विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं और वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान करते हैं वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का अभाव देखा जा सकता है। इस असमानता का परिणाम यह है कि विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्र एक ही प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेते हैं किंतु उनकी तैयारी और अवसर समान नहीं होते।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी अपने विभिन्न प्रतिवेदनों में इस बात पर बल दिया है कि शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में समानता सुनिश्चित किए बिना बाल अधिकारों की वास्तविक रक्षा संभव नहीं है। आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "समान शिक्षा प्रणाली ही सामाजिक न्याय की आधारशिला बन सकती है।" वस्तुतः यह कथन इस बात की पुष्टि करता है कि शिक्षा में असमानता सिर्फ शैक्षणिक समस्या तक सीमित नहीं है, यह सामाजिक न्याय का प्रश्न भी है।

भारतीय चिंतन परंपरा में भी शिक्षा को समानता का माध्यम माना गया है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी पुस्तक "एजुकेशन पॉलिटिक्स एंड वॉर" में लिखा है, "शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञानार्जन नहीं है, इससे समाज में नैतिक और सामाजिक संतुलन स्थापित करना है।" इसी प्रकार महात्मा गांधी ने "हरिजन" में यह विचार व्यक्त किया कि "समान शिक्षा के बिना सच्चा लोकतंत्र संभव नहीं है।" इन विचारों से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा को व्यक्तिगत विकास का साधन होने के साथ ही सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी माना गया है।

समान शिक्षा की आवश्यकता को कई स्तरों पर समझा जा सकता है। सामाजिक दृष्टि से यह जाति वर्ग और धर्म आधारित विभाजनों को कम कर सकती है। आर्थिक दृष्टि से यह सभी को समान अवसर प्रदान कर प्रतिस्पर्धा को निष्पक्ष बना सकती है। राजनीतिक दृष्टि से यह लोकतंत्र को मजबूत कर सकती है क्योंकि शिक्षित और जागरूक नागरिक ही लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ कर सकते हैं। वैचारिक दृष्टि से यह समाज में एकरूपता और समरसता को बढ़ावा दे सकती है। यह भी सच है कि समान शिक्षा लागू करने में अनेक चुनौतियाँ भी हैं। क्योंकि भारत की विशाल जनसंख्या भाषाई और सांस्कृतिक विविधता राज्यों के अधिकार और निजी क्षेत्र की भूमिका ये सभी कारक इस प्रक्रिया को जटिल बनाते हैं। अतः समाधान का मार्ग संतुलन में निहित है जहाँ समानता और विविधता दोनों का सम्मान किया जाए।

वर्तमान समय में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020" ने इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल करने का प्रयास किया है। इस नीति में समानता, समावेशन और गुणवत्ता पर विशेष बल दिया गया है। नीति के अंतर्गत स्कूल कॉम्प्लेक्स की अवधारणा बहुभाषी शिक्षा और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की बात की गई है, किंतु इन नीतिगत प्रयासों के बावजूद जमीनी स्तर पर असमानता अभी भी बनी हुई है जिसका मुख्य कारण क्रियान्वयन की चुनौतियाँ और संस्थागत विविधता है।

इस दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले सभी शिक्षण संस्थानों के लिए न्यूनतम गुणवत्ता मानक निर्धारित किए जाएँ जिनका पालन अनिवार्य हो। दूसरा शिक्षा का अधिकार अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर सभी संस्थानों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। तीसरा शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाए ताकि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण हो सके। चौथा संसद और नीति निमार्ताओं को इस विषय पर सर्वसम्मति से निर्णय लेना चाहिए ताकि शिक्षा को राजनीतिक विवादों से ऊपर उठाया जा सके।

अतः यहां कहने का तात्पर्य यही है क हम सभी यह स्वीकारें कि समान शिक्षा एक नीतिगत लक्ष्य न होकर देश हित में एक नैतिक आवश्यकता है। जब तक भारत के प्रत्येक बच्चे को समान गुणवत्ता की शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक संविधान में निहित समानता का स्वप्न अधूरा ही रहेगा। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी है कि "शिक्षा वह शस्त्र है जिससे हम समाज को बदल सकते हैं।" कहना होगा क यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता के समय था, इसलिए समय की मांग है कि शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त असमानताओं को दूर करने के लिए गंभीर और समन्वित प्रयास किए जाएँ। राज्यसभा में उठी यह बहस एक अवसर है, एक ऐसे भारत के निर्माण का जहाँ शिक्षा वास्तव में समान हो और हर नागरिक को अपने सपनों को साकार करने का समान अवसर प्राप्त हो सके। हम उम्मीद करें कि केंद्र एवं राज्य सरकारें इस विषय पर गंभीरता से विचार करेंगी।

# धर्म, अंधविश्वास और अपराध: जिम्मेदारी तय करने का समय

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारतीय समाज में धर्म और आस्था की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। सदियों से लोग अपने जीवन के सुख-दुख, समस्याओं और अनिश्चितताओं के समाधान के लिए धार्मिक व्यक्तियों, गुरुओं और ज्योतिषियों की शरण में जाते रहे हैं। आस्था अपने आप में एक निजी और सम्मानजनक विषय है लेकिन जब इसी आस्था का दुरुपयोग करके अपराधों को अंजाम दिया जाता है तो यह केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है।

हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहाँ स्वयंभू बाबा, साधु या ज्योतिषी अपने कृत्यों को "धार्मिक प्रक्रिया" या "आध्यात्मिक उपचार" का नाम देकर महिलाओं के साथ शोषण, ठगी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देते पाए गए हैं। इन घटनाओं ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि समाज की सोच और जागरूकता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाया है।

सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि किसी भी प्रकार का यौन शोषण या बलात्कार, चाहे किसी भी नाम या बहाने से किया जाए, जघन्य अपराध है। "धार्मिक विधि", "उपचार" या "आध्यात्मिक क्रिया" जैसे शब्दों का प्रयोग करके ऐसे कृत्यों को सही ठहराना न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि कानून की दृष्टि में पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह एक सुनियोजित तरीका होता है, जिसके माध्यम से अपराधी अपने प्रभाव, पद और लोगों की आस्था का लाभ उठाकर उन्हें भ्रमित करता है।

यहाँ एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है-क्या केवल अपराधी ही दोषी है या पीड़ित और उसका परिवार भी किसी हद तक जिम्मेदार हैं? यह सवाल समाज में अक्सर उठाया जाता है और कई बार लोग पीड़ितों पर ही उंगली उठाने लगते हैं। लेकिन यह दृष्टिकोण न केवल संवेदनहीन है बल्कि समस्या के मूल कारणों को समझने में भी बाधा बनता है।

कई मामलों में देखा गया है कि ऐसे तथाकथित धार्मिक व्यक्ति पहले लोगों का विश्वास जीतते हैं। वे खुद को चमत्कारी शक्तियों से युक्त बताते हैं, समस्याओं का त्वरित समाधान देने का दावा करते हैं और धीरे-धीरे अपने अनुयायियों पर मानसिक और भावनात्मक नियंत्रण स्थापित कर लेते हैं। इस प्रक्रिया में वे पीड़ितों को इस हद तक प्रभावित कर देते हैं कि वे सही और गलत के बीच अंतर करने में असमर्थ हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कोई महिला विरोध नहीं करती तो इसे सहमति मान लेना गंभीर भूल होगी।

इसके अलावा, सामाजिक दबाव, शर्म और बदनामी का डर भी एक बड़ा कारण होता है, जिसके चलते पीड़ित खुलकर सामने नहीं आ पाते।

हमारे समाज में आज भी यौन अपराधों को लेकर पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति मौजूद है। ऐसे में कई महिलाएँ चुप रहना बेहतर समझती हैं। यह चुप्पी अपराधियों के लिए एक ढाल बन जाती है और वे अपने कृत्यों को बार-बार दोहराते रहते हैं।

परिवार की भूमिका को भी पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह सच है कि अगर परिवार अपने सदस्यों के प्रति अधिक सतर्क और जागरूक हो तो कुछ हद तक ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि हर व्यक्ति, विशेषकर वयस्क, अपने निर्णय स्वयं लेने का अधिकार रखता है। कई बार ये मुलाकातें परिवार की जानकारी के बिना होती हैं और कई बार परिवार भी उसी अंधविश्वास का हिस्सा बन चुका होता है। इसलिए केवल परिवार को दोषी ठहराना भी एक सरलीकृत और अधूरा दृष्टिकोण होगा।

अब सवाल उठता है कि क्या देश में मौजूद सभी बाबा और ज्योतिषी ऐसे ही हैं? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से "नहीं" है। हर पेशे में अच्छे और बुरे लोग होते हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब कुछ लोगों के कृत्य पूरे वर्ग की विश्वसनीयता को प्रभावित करने लगते हैं। ऐसे में आवश्यकता है कि इस क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यह भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है कि क्या इन तथाकथित धार्मिक और ज्योतिषीय गतिविधियों से समाज को वास्तविक लाभ मिल रहा है या नहीं। इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। यदि किसी व्यवस्था में बार-बार ठगी, शोषण और अपराध के मामले सामने आते हैं तो यह संकेत है कि उस व्यवस्था में कहीं न कहीं गहरी खामी है। ऐसे में सरकार और संबंधित संस्थाओं को चाहिए कि वे इस क्षेत्र का अध्ययन करें, आंकड़े एकत्र करें और यह मूल्यांकन करें कि समाज को इससे कितना लाभ और कितना नुकसान हो रहा है।


साथ ही, कानून का सख्ती से पालन भी अत्यंत आवश्यक है। जो लोग धर्म या आस्था का सहारा लेकर अपराध करते हैं, उनके खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश देने के लिए होनी चाहिए कि कानून से ऊपर कोई नहीं है- चाहे वह कितना ही प्रभावशाली या पूजनीय क्यों न माना जाता हो।

लेकिन केवल कानून ही इस समस्या का समाधान नहीं कर सकता। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका समाज और आम जनता की है। जब तक लोग बिना सवाल किए, बिना तर्क के किसी भी व्यक्ति पर विश्वास करते रहेंगे, तब तक ऐसे लोग पनपते रहेंगे।

शिक्षा और जागरूकता इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान हैं। लोगों को यह समझना होगा कि आस्था और अंधविश्वास में अंतर होता है। आस्था व्यक्तिगत होती है, जबकि अंधविश्वास वह होता है जिसमें व्यक्ति तर्क और विवेक को छोड़ देता है। हमें अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और प्रश्न पूछने की आदत सिखानी होगी।

## दैनिक पंचांग

**3 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मीन में |
| चंद्र | तुला में |
| मंगल | मीन में |
| बुध | कुंभ में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मेष | 06.28 बजे से |
| वृष | 08.08 बजे से |
| मिथुन | 10.06 बजे से |
| कर्क | 12.20 बजे से |
| सिंह | 14.36 बजे से |
| कन्या | 16.48 बजे से |
| तुला | 18.58 बजे से |
| वृश्चिक | 21.13 ब.से |
| धनु | 23.29 बजे से |
| मकर | 01.34 बजे से |
| कुंभ | 03.21 बजे से |
| मीन | 04.54 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 93 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** प्रतिपदा 08.43 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 19.25 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 14.09 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 08.43 बजे तदनन्तर तैतिल 21.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 14'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872668
**जूलियन दिन** 2461133.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 14

| दिन का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 | से | 07.23 बजे तक |
| लाभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक |
| अमृत | 08.51 | से | 10.19 बजे तक |
| काल | 10.19 | से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 | से | 01.15 बजे तक |
| रोग | 01.15 | से | 02.43 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 | से | 04.10 बजे तक |
| चर | 04.10 | से | 05.38 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| रोग | 05.38 | से | 07.1 बजे तक |
| काल | 07.11 | से | 08.43 बजे तक |
| लाभ | 08.43 | से | 10.15 बजे तक |
| उद्वेग | 10.15 | से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| रोग | 04.23 | से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### हाइवा की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल

**साहिबगंज** : बोरियो–साहिबगंज मुख्य पथ के तेतरिया गांव के पास गुरुवार के अहले सुबह अज्ञात वाहन हाइवा के चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को पुलिस ने सदर अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार गोपीकांदर निवासी कन्हाई सोरेन तेतरिया में घर जमाई था। साईकिल से लकड़ी लेकर साहिबगंज हाट जा रहा था। एक अज्ञात वाहन हाइवा के चपेट में आने से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते हीं बोरियो थाना के एएसआई संजय सिंह दल–बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर घायल कन्हाई सोरेन को ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है कन्हाई को कमर में गंभीर चोट लगी है।

### ट्रेन के चपेट में आने से युवक की मौत

**साहिबगंज**: शहर के साक्षरता मोड़ के पास रेलवे ट्रैक से एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। गुरुवार को जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने युवक का शव बरामद किया है। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने बताया कि अज्ञात शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में प्रतीत होता है कि युवक किसी ट्रेन से गिरा है और किसी अन्य ट्रेन की चपेट में आकर कट गया है। पुलिस युवक की शिनाख्त करने में जुटी है। इधर, शव को अपने कब्जे में लेकर जिरवाबाड़ी थाना पुलिस पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शिनाख्त के लिए करीब 72 घंटे के लिए शव को मॉर्चरी में रखा गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**कोडरमा** : हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर गुरुवार को देवी मंडप स्थित हनुमान जी मंदिर में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं इस दौरान भक्तों ने भक्ति भाव से भगवान की पूजा स्तुति कर के सुख शांति व समृद्धि की कामना की।वहीं मौके पर मुख्य रूप से मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय ने पूजा अर्चना करवाते हुए कहा कि भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में किसी एक चरित्र में वीरता, विनम्रता, ज्ञान, सेवा और समर्पण का अद्वितीय समन्वय देखने को मिलता है, तो वह हैं हनुमान जी, हनुमान जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के आदर्शों का जीवंत उत्सव है।

### सेल ने रचा इतिहास बिक्री और उत्पादन में बनाए नए कीर्तिमान

**बोकारो** : सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2025–26 में विक्रय और उत्पादन दोनों में नए मानक स्थापित करते हुए, अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अपनी ब्रांड उपस्थिति और ग्राहकों तक पहुंच को मजबूत करते हुए, कंपनी ने 20.14 मिलियन टन की अब तब की सर्वाधिक विक्रय दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष के 18.07 मिलियन टन की तुलना में 11.5 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि व्यापक रही और सभी उत्पाद श्रेणियों में बिक्री में उछाल देखा गया। उत्पादन के मोर्चे पर, सेल ने 19.43 मिलियन टन का अपना सर्वश्रेष्ठ कच्चा इस्पात उत्पादन और 19.176 मिलियन टन का विक्रेय इस्पात उत्पादन दर्ज किया, जिसने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। परिचालन उत्कृष्टता को बेहतर दक्षता मापदंडों के माध्यम से और प्रदर्शित किया गया।

# एनआई एक्ट मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर विशेष लोक अदालत आयोजन 25 को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा एनआई एक्ट (परिवर्तनीय लिखत अधिनियम) से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आज एक बैठक माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लमाये, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक प्रसाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी आलोक मरांडी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा उपस्थित रहे। यह विशेष लोक अदालत 25 अप्रैल, 2026 को मासिक लोक अदालत के साथ आयोजित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य एनआई एक्ट से संबंधित मामलों–विशेषकर चेक बाउंस मामलों–का सौहार्दपूर्ण समाधान करना, पक्षकारों के बीच विश्वास एवं सद्भाव स्थापित करना तथा लंबित मामलों की संख्या को कम करना है। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) द्वारा इसके लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत 1 अप्रैल, 2026 एवं 6 अप्रैल, 2026 को संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। 7 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2026 के बीच उपयुक्त मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी किए जाएंगे। साथ ही, 20 अप्रैल से 24 अप्रैल, 2026 तक पूर्व-लोक अदालत बैठकों का आयोजन कर मामलों के समाधान हेतु प्रयास किए जाएंगे। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु पारा विधिक स्वयंसेवक - न्याय मित्र द्वारा नोटिस तामिला एवं जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मामलों के प्रभावी समाधान के लिए प्रशिक्षित मध्यस्थों की सेवाएं भी ली जाएंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा इस विशेष लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बैनर, होर्डिंग, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उपयोग कर रहा है। साथ ही आगामी 9 मई, 2026 को आयोजित होने वाली इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर भी आवश्यक तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई।

## शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले से ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जहाँ शिक्षक की नौकरी दिलवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपये की ठगी कर ली। राधानगर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के मनिहारी टोला भट्ठा निवासी सामेद मोमिन ने साल 2022 में राजमहल थाना क्षेत्र के पिपरजोरिया गांव के रहने वाले आनंद कुमार यादव पिता-स्व. सीताराम यादव को सरकारी शिक्षक की नौकरी लगवाने का भरोसा दिया था। इस एवज में आरोपी ने आनंद कुमार से कुल 7 लाख रुपये की मोटी रकम वसूल ली थी। लंबे समय तक न तो नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए। जिसके बाद पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाते हुए राधानगर थाना पुलिस से लिखित शिकायत की। आनंद कुमार यादव के लिखित आवेदन के आधार पर राधानगर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सामेद मोमिन के खिलाफ राधानगर थाना कांड संख्या-101/26 में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त सामेद मोमिन को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे का अनुसंधान कर रही है। ताकि ठगी के इस जाल में शामिल अन्य संभावित कड़ियों का पता लगाया जा सके।

## साहिबगंज कॉलेज की जमीन पर जबरन कब्जा का शिक्षकों ने किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : साहिबगंज महाविद्यालय के जमीन पर कुछ लोगों की ओर से जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य कराये जाने पर गुरूवार को जमीन पर कॉलेज के प्राचार्य की अगुवाई में सभी शिक्षक आदि ने पहुंच कर काम रूकवाया। बताया जाता है की कॉलेज के पीछे परती जमीन पर निर्माण कार्य कराने को लेकर जेसीबी चलाया जाने की सूचना पर समूचा कॉलेज वहां जाकर विरोध जताते काम रोक दिया। कॉलेज का कहना है की यह जमीन उसकी है और यहां निकट भविष्य में कॉलेज का पुस्तकालय या छात्रावास बनाया जायेगा। हलांकि इसे लेकर प्राचार्य की ओर से 13 मार्च को अनुमंडलाधिकारी को आवेदन देकर जमीन के बारे में सूचना दी गई थी। इसके बाद भी अनुमंडलाधिकारी की ओर से इस दिशा में कोई पहल या कार्रवाई नहीं कि जाने पर अनुमंडलाधिकारी के कार्यशैली पर भी सवालिया निशान उठते हैं कि क्या वे भी जबरन कब्जा करने वालों से मिले हुए हैं या फिर बात कुछ और है। बहरहाल प्राचार्य व प्रोफेसरों ने जाकर काम तो रोक दिया है। लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। इस जमीन को संरक्षित करने की जरुरत है। बताया जाता है की उक्त परती जमीन पर कतिपय भूमाफिया कब्जा कर किसी को बेच दिये हैं और अब वहां हॉस्पिटल आदि बनाये जाने की योजना है। जिला प्रशासन को अविलंब इस मामले की तह में जाकर कॉलेज की जमीन को अतिक्रमण या कब्जे से मुक्त कराने की जरूरत है। मौके पर प्राचार्य प्रो. एसआरआई रिजवी, प्रोफेसर डॉक्टर ध्रुव ज्योति सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर संजीव सिंह, डॉ. सिदाम सिंह मुंडा, डॉ संदीप, डॉ डेविड यादव, डॉ रविंद्र प्रसाद, डॉ. सुनीता कुमारी, प्रोफेसर रेखा चौधरी, प्रोफेसर प्रशांत भारती, प्रोफेसर हसदा येसु, प्रोफेसर सुनील कुमार, प्रोफेसर हसनैन, प्रोफेसर सोनू फ्रांसिस, प्रो. चंद्रशेखर, प्रो राजीव आदि उपस्थित थे।

## पाकुड़ में नशे का खेल बेनकाब ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले के पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर पाकुड़ की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत छापेमारी के लिए दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई। अंचल अधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत पीपलजोरी मोड़ के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। विधिवत तलाशी के दौरान उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के नियमों का पालन करते हुए मौके पर ही मादक पदार्थ और अन्य सामान जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जोसीम शेख (उम्र 34 वर्ष), पिता सरफुल शेख, निवासी पत्थरघट्टा, थाना मालपहाड़ी ओपी, जिला पाकुड़ के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य संगीन धाराएं शामिल हैं। बरामद सामानः 21 पुड़िया ब्राउन शुगर (कुल वजन लगभग 6.46 ग्राम, अनुमानित कीमत 50-60 हजार रुपये) एक सैमसंग कंपनी का स्मार्टफोन, एक होंडा मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच16जे-5138), इस संबंध में मालपहाड़ी ओपी थाना कांड संख्या 68/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है। छापेमारी टीम में शामिल अधिकारीः अंचल अधिकारी पाकुड़, ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता, सब-इंस्पेक्टर सभुजीत कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोग घायल, एक रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : तालझारी थाना क्षेत्र के करणपुरा पंचायत भवन के समीप गुरुवार को दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं तीन अन्य को हल्की चोटें आई हैं। मिली जानकारी अनुसार कल्याणचक बाड़ेटोला निवासी रंजीत साह अपने मोटरसाइकिल पर तीन खस्सी खरीदकर मदनशाही से लौट रहे थे। इसी दौरान करणपुरा के पास पीछे से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल, जिस पर तीन लोग सवार थे, ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही एसआई ब्रजेश कुमार पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल रंजीत साह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ पिंकू चौधरी ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार रंजीत साह का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। वहीं अन्य घायलों ने निजी स्तर पर इलाज कराने की बात कही है। इधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लचर व्यवस्था पर पुलिस और परिजनों ने नाराजगी जताई। बताया गया कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी घायल रंजीत साह पुलिस वाहन में ही दर्द से तड़पते रहे और स्ट्रेचर के लिए आवाज लगाते रहे लेकिन कोई व्यवस्था नहीं की गई। अंततः पुलिसकर्मियों और परिजनों ने खुद ही उन्हें वाहन से उतारकर अस्पताल के अंदर पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि हादसे में रंजीत साह के खरीदे गए तीन खस्सियों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## साहिबगंज में गैस संकट गहराया: सुबह से लंबी कतार, एक व्यक्ति बेहोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले में एलपीजी गैस की अव्यवस्थित आपूर्ति व्यवस्था अब गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है। ताजा हालात यह है कि गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को तड़के सुबह 4:40 बजे से ही लंबी कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। ली गई तस्वीरों के अनुसार, पुलिस लाइन मंदिर के पास स्थित गैस वितरण केंद्र के बाहर अंधेरे में ही लोगों की लंबी लाइन लग गई थी। अंधेरा से सुबह हुई, धूप खिली और गर्मी बढ़ती गई, लेकिन लोगों की लाइन खत्म नहीं हुई। इस दौरान इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं का धैर्य भी अब जवाब देने लगा है। इसी अव्यवस्था के बीच गैस लेने के लिए लाइन में खड़े एक व्यक्ति अचानक बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए उन्हें टोटो (ई-रिक्शा) के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गैस लेने के लिए लगी लंबी कतार अब सड़क तक फैल गई, जिससे वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आने-जाने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। जानकारी के अनुसार, जिले में कई स्थानों पर गैस की आपूर्ति नियमित नहीं होने की शिकायत सामने आ रही है। पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सप्लाई में अनियमितता बनी हुई है,होम डिलीवरी सेवा कई जगहों पर प्रभावित है। इन कारणों से उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि शहर के अन्य क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर है, जहां गैस की उपलब्धता नियमित है। उपभोक्ताओं को क्रमवार गैस मिल रही है, हालांकि, पूरे जिले में एक समान व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। जनता में आक्रोश, व्यवस्था पर सवाल स्थानीय लोगों का कहना है: गैस वितरण व्यवस्था को और बेहतर करने की जरूरत है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर सुविधा मिल सके। भीड़, गर्मी और अव्यवस्था को देखते हुए लोगों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। लोगों ने जिला प्रशासन साहिबगंज और झारखंड सरकार से मांग की है किः गैस आपूर्ति को नियमित किया जाए,होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, गैस डिस्ट्रीब्यूटर और एजेंसियों की निगरानी बढ़ाई जाए, भीड़ नियंत्रण एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साहिबगंज में गैस संकट अब आम जनता के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। यदि समय रहते संबंधित एजेंसियां और प्रशासन मिलकर ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन अंतर्गत कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**पाकुड़** : जिले में झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना(पाकुर–डब्ल्यूडीसी–02) एवं लिट्टीपाड़ा डब्ल्यूडीसी 01 के तहत जिला संयुक्त कृषि भवन, पाकुड़ के प्रांगण में कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सदर प्रखंड, पाकुड़ की कुल पांच एवं लिट्टीपाड़ा डब्ल्यूडीसी 01 के पांच जलछाजन समितियों को प्रोडक्शन मद से कृषि यंत्र वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों से सशक्त बनाकर उनकी उत्पादकता एवं आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक यंत्रों का उपयोग किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे न केवल श्रम की बचत होती है, बल्कि उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है।उन्होंने किसानों को उपलब्ध कराए गए कृषि यंत्रों एवं बीजों का समुचित उपयोग करने तथा वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, डब्ल्यूडीटी सदस्य, जलछाजन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आदिम जनजातियों के एनटाइटलमेंट सर्वेक्षण हेतु जागरूकता रथ रवाना



**पाकुड़** : ज़िले में आदिम जनजातियों के एनटाइटलमेंट सर्वेक्षण के लिए जागरूकता अभियान की शुरूआत करते हुए समाहरणालय परिसर से परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुमार अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। परियोजना निदेशक आईटीडीए ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लाभुकों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जा सके। पाकुड़ जिले में आदिम जनजातियों के एनटाइटलमेंट सर्वेक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले के 349 गांवों के 447 टोलों में निवासरत कुल 16,778 हाउसहोल्ड के 73,173 आदिम जनजाति व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। यह सर्वेक्षण 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक मोबाइल एप के माध्यम से एक माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का ने पीवीटीजी परिवारों से अपील किया कि वे निर्धारित समयावधि में अपना सर्वेक्षण अवश्य कराएं तथा जब सर्वेक्षण टीम उनके पास पहुंचे तो उनका पूर्ण सहयोग करें।

### कागजों में सफल, जमीन पर फेल : साहिबगंज में सोलर जल योजना की पोल खुली



**साहिबगंज**: सरकार की महत्वाकांक्षी सोलर आधारित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड में जमीनी स्तर पर दम तोड़ती नजर आ रही है। बड़ासोनाकड़ पंचायत के भौंरा बांध गांव में योजना की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां करीब 10 से 12 सोलर पानी टंकियां स्थापित की गई हैं, लेकिन अधिकांश या तो अधूरी हैं या बंद पड़ी हैं। नतीजतन ग्रामीण आज भी पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना को कागजों में सफल दिखाकर केवल खानापूर्ति की गई है, जबकि हकीकत में इसका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। वार्ड सदस्य विनय मुर्मू के घर के पास स्थापित सोलर जल टंकी में मोटर तक नहीं लगाया गया है। केवल टंकी खड़ी कर दी गई है, जिससे यह महज शोपीस बनकर रह गई है। इसी तरह आंगनबाड़ी सेविका सखीना बीबी के घर के समीप एक सोलर जल योजना अधूरी पड़ी है। वहां सिर्फ नींव खोदकर लोहे की छड़ लगाई गई और काम बीच में ही छोड़ दिया गया।इसके अलावा उज्जेला बीबी के घर के पास लगी सोलर टंकी भी लंबे समय से बंद पड़ी है, जिससे आसपास के एक भी परिवार को पानी नहीं मिल रहा।गांव के गरीब और आम लोग आज भी पीने के पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी सच्चाई इन दावों की पोल खोल रही है।ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी कब तक इस स्थिति से आंखें मूंदे रहेंगे। क्या गरीबों का हक इसी तरह अधूरा और उपेक्षित रह जाएगा? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव में स्थापित सभी खराब और अधूरी सोलर जल योजनाओं की जल्द जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जाए और शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

### गंगा किनारे विवाहिता का शव मिलने से सनसनी पति सहित ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**साहिबगंज**: राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी प्राणपुर पंचायत में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक विवाहिता महिला का शव गंगा किनारे संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया। मृतका की पहचान माजिद टोला निवासी बैदुल शेख की पुत्री सानतारा खातून के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, एसआई पंकज दुबे सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी दल बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाते हुए शव को अपने कब्जे में लिया तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है। मृतका की मां रेखा बीबी ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी पुत्री की हत्या का आरोप मृतका के पति राहुल शेख, सास और ससुर पर लगाया है। परिजनों का कहना है कि सानतारा खातून को ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता था और इसी के तहत उसकी हत्या कर शव को गंगा किनारे फेंक दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

संक्षिप्त डायरी

## महिला डांसर शो के बाद मुजफ्फरपुर में खेसारी के प्रोग्राम में भी बवाल

**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर में भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के कार्यक्रम में उस वक्त भारी बवाल हो गया जब बेकाबू भीड़ ने हूटिंग और तोड़फोड़ शुरू कर दी. स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसमें कई लोग और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं. : बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में आयोजित एक पशु मेले का रंग उस समय फीका पड़ गया जब भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव के मंच पर आते ही हंगामा खड़ा हो गया. जैसे ही खेसारी ने माइक संभाला और गाना शुरू किया, अचानक दर्शकों के बीच से विरोध के स्वर उठने लगे. देखते ही देखते शांतिपूर्ण माहौल एक युद्ध के मैदान में तब्दील हो गया और चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई. सुरों की महफिल में बरसे जूते और पत्थर कार्यक्रम की शुरूआत में ही कुछ असामाजिक तत्वों ने खेसारी लाल यादव की हूटिंग शुरू कर दी. बात सिर्फ शोर-शराबे तक सीमित नहीं रही, बल्कि आक्रोशित भीड़ ने मंच की ओर जूते-चप्पल और पत्थर फेंकने शुरू कर दिए. उपद्रवियों ने वहां मौजूद कुर्सियां तोड़ डालीं और टेंट के हिस्सों को नुकसान पहुंचाया. भीड़ को नियंत्रित करना आयोजकों के बस से बाहर हो गया था. मंच पर हो रही पत्थरबाजी को देख खेसारी लाल यादव को भी अपना प्रदर्शन बीच में ही रोकना पड़ा. पुलिस का एक्शन और तीन जवानों की चोट बढ़ते बवाल को देखते हुए सुरक्षा में तैनात पुलिस बल ने मोर्चा संभाला. जब भीड़ समझाने से नहीं मानी, तो पुलिस को मजबूरन लाठीचार्ज करना पड़ा. लाठीचार्ज होते ही भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग गिरकर चोटिल हो गए. इस झड़प में भीड़ को शांत कराने के दौरान तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया. सोशल मीडिया पर इस घटना के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें पुलिस को डंडे बरसाते और लोगों को इधर-उधर भागते हुए साफ देखा जा सकता है. विवादों के साये में पशु मेला यह पशु मेला पूर्व भाजपा विधायक रामसूरत राय द्वारा आयोजित किया गया था, जो पिछले कई वर्षों से इस परंपरा को निभा रहे हैं. गौर करने वाली बात यह है कि इसी मेले के मंच पर दो दिन पहले महिला डांसरों के बीच मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था. स्थानीय लोगों का मानना है कि क्षमता से अधिक भीड़ और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यह हादसा हुआ. फिलहाल प्रशासन ने कार्यक्रम को रद्द कर दिया है और स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है.

## बिहार में 30 स्टोन ब्लॉक चिन्हित, जल्द शुरू होगा खनन

**पटना (एजेंसी)** बिहार में सरकार ने पत्थर खनन के लिए 30 ब्लॉकों की पहचान कर ली है, जिससे जल्द ही स्टोन माइनिंग शुरू होगी. इससे न सिर्फ रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, बल्कि राज्य की आय में भी बढ़ोतरी होगी बिहार सरकार ने खनन क्षेत्र में एक बड़ी छलांग लगाते हुए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पत्थर खनन के लिए 30 नए ब्लॉकों की पहचान कर ली है. सरकार के इस फैसले से न केवल बिहार में निर्माण कार्यों के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के कई अवसर उपलब्ध होंगे. उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस मास्टर प्लान का खुलासा करते हुए साफ कर दिया है कि बिहार अब खनिज संपदा के मामले में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है. पत्थर खनन से आत्मनिर्भर बनेगा बिहार सरकार का मानना है कि इस पहल से बिहार की दूसरे राज्यों से पत्थरों के आयात पर निर्भरता कम होगी. अभी तक निर्माण कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर बाहर से पत्थर मंगवाने पड़ते थे, जिससे लागत भी बढ़ती थी. अब स्थानीय स्तर पर खनन शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी. अब तक बिहार को बुनियादी ढांचे और सड़क निर्माण के लिए पड़ोसी राज्यों से महंगे दामों पर पत्थर मंगाना पड़ता था. नए स्टोन माइनिंग लीज के धरातल पर उतरते ही यह तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी. सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य के भीतर ही पत्थरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है ताकि निर्माण लागत में कमी आए. इसके साथ ही, इन 30 ब्लॉकों से होने वाली माइनिंग से बिहार सरकार के खजाने में करोड़ों रुपये का अतिरिक्त राजस्व आएगा

## बिहार में बनेगा देश का दूसरा फोरलेन रेल ब्रिज

**पटना (एजेंसी)** बिहार के कोइलवर में देश का दूसरा फोरलेन रेल ब्रिज बनाया जाएगा. इसके बनने से एक साथ तीन-तीन ट्रेनें गुजर सकेंगी, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिल सकेगी. पूर्व मध्य रेलवे की ओर से रेल ब्रिज को लेकर प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है. कोइलवर में देश का दूसरा फोरलेन रेल ब्रिज बनाया जाएगा. इसके लिए पूर्व मध्य रेलवे की ओर से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिलने का इंतजार किया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, रेल ब्रिज को लेकर पहले से ही योजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है. संभावना जताई जा रही है कि रिपोर्ट को जल्द ही रेलवे बोर्ड को भेजा जा सकता है. फोरलेन रेल ब्रिज की लागत फोरलेन रेल ब्रिज के निर्माण में लगभग 3500 से 4000 करोड़ रुपए खर्च किए जा सकते हैं, जिसके लिए सेंट्रल गवर्नमेंट से परमिशन लेनी पड़ेगी. जानकारी के मुताबिक, कोइलवर पुल के समानांतर ही रेल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा. फिलहाल ब्रिज दो लाइन वाली है. इसकी वजह से अप और डाउन लाइन में एक-एक ट्रेनें आती और जाती हैं. लेकिन फोरलेन रेल ब्रिज के बनने से एक साथ तीन-तीन ट्रेनें आ-जा सकेंगी. इससे यात्रियों को राहत मिल सकेगी. क्या है फोरलेन रेल ब्रिज का उद्देश्य? कोइलवर में रेल ब्रिज के विस्तार का उद्देश्य हावड़ा-पटना-डीडीयू रेलवे खंड पर भीड़भाड़ को कम करना है. पूर्वी मध्य रेलवे ने हाल ही में डीडीयू से गया होते हुए प्रधानखांटा तक 180 किमी/घंटा की रफ्तार से ट्रेन का सफल परीक्षण किया. रेलवे प्रमुख मार्गों पर ट्रेनों की गति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और रेल लाइनों का विस्तार कर रहा है. तीसरी-चौथी रेल लाइन की भी योजना इसके अलावा डीडीयू और झाझा के बीच आधुनिक तीसरी और चौथी लेन की योजना बनाई जा रही है

## रामनगर-कच्ची दरगाह फोरलेन का रुका निर्माण

**पटना (एजेंसी)** रामनगर-कच्ची दरगाह फोरलेन का निर्माण कार्य रोक दिया गया है. जानकारी के मुताबिक, जमीन अधिग्रहण में बाधा आ गई है. लोगों ने मुआवजे को लेकर विरोध कर दिया है. ऐसे में फतुहा अंचल में काम रुक गया है. बिहार में कई सारे रोड प्रोजेक्ट्स पर काम किए जा रहे हैं. ऐसे में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत आमस-दरभंगा फोरलेन निर्माण में पटना जिले में रामनगर से कच्ची दरगाह के बीच फोरलेन बनाया जा रहा था. लेकिन फिलहाल यह काम रुक गया है. जमीन अधिग्रहण को लेकर बाधा आ जाने से निर्माण बाधित हो गया है. तीन साल से अधिक समय से जमीन अधिग्रहण के मामले का निपटारा नहीं होने से सड़क निर्माण का काम ठप है. क्या दावा कर रहे हैं जमीन मालिक? जानकारों के अनुसार फोरलेन एलायनमेंट में पड़ने वाले जमीन में एक तरफ जमीन मालिकों का दावा है. दूसरी तरफ सरकारी जमीन होने की बात कही जा रही है. साथ ही मुआवजा राशि को लेकर जमीन मालिकों की ओर से विरोध किया जा रहा है. उनकी की ओर से वर्तमान मार्केट वैल्यू रेट के आधार पर मुआवजा देने की मांग हो रही है. जमीन मालिकों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं होने से फतुहा अंचल के चार मौजा (रबियाचक, भेड़गामा, जैतिया और वाजिदपुर) की जिला प्रशासन की तरफ से 48.59 एकड़ चिह्नित जमीन की मुआवजा राशि 25.342 करोड़ राशि विशेष भू-अर्जन न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय पटना में जमा है. कितने एकड़ जमीन पर फंसा है मामला? सूत्र की माने तो, फतुहा अंचल में जिला प्रशासन की ओर से जमीन का सीमांकन होने के बावजूद जमीन अधिग्रहण में बाधा हो रही है.

# बिहार MLC चुनाव 2026: जून में 11 सीटों पर घमासान, NDA का पलड़ा भारी तो महागठबंधन के सामने संख्या बल की चुनौती!

### पटना से दिल्ली तक बिछी MLC चुनाव की बिसात; 11 सीटों के लिए 'जोड़-तोड़' की सियासत शुरू



**पटना (एजेंसी)** बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव के बाद अब विधान परिषद यानी MLC चुनाव को लेकर सियासी गणित बैठाया जा रहा है. जून 2026 में खाली होने वाली 9 सीटों और 2 उपचुनाव सीटों को मिलाकर कुल 11 सीटों पर चुनाव होना है, जिसे लेकर NDA और महागठबंधन दोनों ही अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं. बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव का शोर अभी थमा भी नहीं था कि अब विधान परिषद (MLC) की खाली हो रही सीटों ने सियासत शुरू हो गई है. राज्य में कुल 11 सीटों पर होने वाले इस चुनाव को लेकर पटना से दिल्ली तक जोड़-तोड़ का खेल शुरू हो चुका है. जून 2026 में 9 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, जबकि दो सीटें इस्तीफे के कारण खाली हुई हैं. एनडीए के किले में सीटों का बंटवारा बिहार विधान परिषद के इस चुनाव में एनडीए पूरी तरह से रिलैक्स मोड में दिख रहा है. आंकड़ों के जादू ने नीतीश कुमार और भाजपा की राह आसान कर दी है. संभावित हिस्सेदारी की बात करें तो 11 में से 10 सीटें एनडीए के पाले में जाती दिख रही हैं. समें सबसे दिलचस्प मोड़ चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को लेकर है. राज्यसभा चुनाव में अपने 19 विधायकों का समर्थन देने के बदले चिराग की पार्टी एक एमएलसी सीट पर अपना मजबूत दावा ठोक रही है. भाजपा के कोटे से मंगल पांडेय द्वारा खाली की गई सीट और जदयू के कोटे से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे वाली सीट पर भी उपचुनाव होना है. माना जा रहा है कि पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को सदन भेजने के लिए भाजपा अपनी एक सीट पक्की कर चुकी है. महागठबंधन के पास सीमित विकल्प विपक्ष की बात करें तो संख्या बल के मामले में महागठबंधन फिलहाल बैकफुट पर है. सदन में एक सदस्य भेजने के लिए कम से कम 25 विधायकों के वोट की जरूरत है. महागठबंधन के पास एआईएमआईएम और बसपा को मिलाकर कुल 41 विधायक हैं. इस गणित के हिसाब से वे आसानी से केवल एक सदस्य को ही परिषद भेज सकते हैं. एक सीट जीतने के बाद उनके पास 16 विधायक अतिरिक्त बचेंगे, जो दूसरी सीट के लिए पर्याप्त नहीं होंगे क्योंकि उन्हें और 9 विधायकों के समर्थन की दरकार होगी. अब सवाल यह उठता है कि क्या राजद अपनी इकलौती सीट पर खुद का उम्मीदवार उतारेगी या फिर ओवैसी की पार्टी (AIMIM) को राज्यसभा में दिए गए समर्थन का इनाम देगी? किसका खत्म हो रहा कार्यकाल जून 2026 में जिन दिग्गजों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें राजद के सुनील कुमार सिंह और मोहम्मद फारुक, जदयू के गुलाम गौस, भीष्म सहनी और कुमद वर्मा, भाजपा के संजय मयूख और कांग्रेस के समीर कुमार सिंह शामिल हैं. नए समीकरणों के तहत भाजपा और जदयू के हिस्से 4-4 सीटें आने की संभावना है. उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो और चिराग पासवान की लोजपा (आर) को 1-1 सीट मिल सकती है. राजद को अपनी दो मौजूदा सीटों में से एक का नुकसान उठाना पड़ सकता है. कुल मिलाकर, यह चुनाव आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों की एकजुटता और रणनीतिक कौशल की एक बड़ी परीक्षा साबित होने वाला है.

## अप्रैल में सताएगी गर्मी, आंधी-बारिश की चेतावनी नहीं, चढ़ेगा पारा

**पटना (एजेंसी)** बिहार के लोगों को अप्रैल महीने में गर्मी सताएगी. मौसम विभाग की माने तो, आंधी-बारिश का दौर थमा हुआ रहेगा. इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है. हीट वेव चलने की भी संभावना जताई गई है. बिहार में मार्च महीने में आंधी-बारिश का दौर चला. ठनका गिरने की वजह से कई लोगों की मौत भी हो गई. लेकिन अब आंधी या फिर बारिश का दौर थमने वाला है. मौसम विभाग की माने तो, अप्रैल महीने में मौसम शुष्क बना रह सकता है और लोगों को गर्मी सताने वाली है. राज्य का तापमान चढ़ने की भी संभावना जताई गई है. राज्य में कैसा रहेगा तापमान? मौसम विभाग की माने तो, राज्य में अप्रैल में अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर रहने की संभावना है. इस दौरान अलग-अलग हिस्सों में 36 से 38 डिग्री सेल्सियस तक तापमान रहेगा. जबकि साउथ बिहार के कुछ इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस-पास पहुंचने की आशंका है. राज्य में अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अनेक भागों के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है. न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना है. ऐसे में अप्रैल महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है. क्या कहना है मौसम वैज्ञानिकों का? बिहार में गर्मी पड़ने को लेकर मौसम वैज्ञानिकों की ओर से बताया गया कि पिछले साल की तुलना में इस साल के अप्रैल महीने में पैटर्न थोड़ा अलग रह सकता है. लोगों को गर्मी काफी ज्यादा झेलनी पड़ेगी लेकिन इसके साथ-साथ बारिश भी होती रहेगी. मौसम विभाग की माने तो, इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है. पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम? पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के उत्तर-पूर्व भाग के कुछ जगहों पर जबकि उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस डेहरी में दर्ज किया गया. राज्य का अधिकतम तापमान 30.2 से 37.6 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं दर्ज किया गया.

## पटना जू हुआ हाईटेक, अब स्मार्ट तरीके से लें वाइल्डलाइफ का मजा

**पटना (एजेंसी)** पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान में अब घूमना पहले से कहीं ज्यादा आसान और रोचक हो गया है. जू प्रशासन ने गाइडेड टूर, वाई-फाई, मोबाइल ऐप और पेड़ों पर क्यूआर कोड जैसी डिजिटल सुविधाएं शुरू कर दी हैं, जिससे पर्यटकों को नया अनुभव मिल रहा है. पटना का फेफड़ा कहे जाने वाले संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) का नजारा अब पूरी तरह बदल गया है. बुधवार से यहां गाइडेड टूर की शुरूआत हो गई है, जिसने पहले ही दिन करीब 700 पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया. अब जू घूमना केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक हाईटेक शैक्षणिक अनुभव बन गया है. पर्यावरण और वन्यजीव प्रेमियों के लिए जू प्रशासन ने तकनीक का ऐसा मेल तैयार किया है, जिससे लोग प्रकृति के और भी करीब महसूस करेंगे. ई-वाहन पर गाइड के साथ सफर जू भ्रमण को सुगम बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-वाहन) के साथ प्रशिक्षित गाइड्स की तैनाती की गई है. पर्यटक अब गेट पर बने काउंटर से मामूली शुल्क देकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं. ये गाइड न केवल आपको जू की सैर कराएंगे, बल्कि रास्ते में मिलने वाले हर वन्यजीव और दुर्लभ वनस्पतियों के बारे में रोचक तथ्य भी साझा करेंगे. जू परिसर में अब पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं. जैसे ही आप अपने मोबाइल से इसे स्कैन करेंगे, उस पेड़ की प्रजाति, आयु और उसके औषधीय गुणों की पूरी कुंडली आपके सामने खुल जाएगी. जू एप- टिकट की लाइन से मुक्ति पर्यटकों की सबसे बड़ी समस्या लंबी कतारों को देखते हुए अब ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा को बेहद सरल बना दिया गया है. जू के आधिकारिक मोबाइल एप और वेबसाइट के जरिए आप घर बैठे टिकट बुक कर सकते हैं. वयस्कों के लिए □50 और बच्चों के लिए □20 का टिकट तय किया गया है. एप में एक विशेष नेविगेशन फीचर भी जोड़ा गया है, जो आपको नक्शे की तरह गाइड करेगा कि आपका पसंदीदा जानवर जू के किस कोने में है.

## दरभंगा एयरपोर्ट को एविएशन हब बनाने की तैयारी, सी-प्लेन उड़ान और स्किल सेंटर से बदलेगी मिथिला




**पटना (एजेंसी)** दरभंगा एयरपोर्ट को लेकर नागर विमानन मंत्रालय की बैठक में सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने इसे सी-प्लेन हब, एविएशन स्किल सेंटर और विमान अनुरक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा है, जिससे पूरे मिथिला क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार मिल सकती है. मिथिला की हृदयस्थली दरभंगा अब केवल यात्री उड़ानों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह पूरे पूर्वी भारत के लिए विमानन क्षेत्र का एक बड़ा पावरहाउस बनने की ओर अग्रसर है. दिल्ली में आयोजित नागर विमानन मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की महत्वपूर्ण बैठक में स्थानीय सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने दरभंगा एयरपोर्ट की तस्वीर बदलने वाले कई क्रांतिकारी प्रस्ताव रखे हैं. केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दरभंगा को एक अत्याधुनिक विमान अनुरक्षण केंद्र (MRO) के रूप में विकसित करने पर गंभीरता से चर्चा की गई. नदियों के शहर में सी-प्लेन सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने मिथिला क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाते हुए सुझाव दिया कि यहां की प्रचुर नदियों और विशाल जलाशयों को देखते हुए सी-प्लेन का संचालन शुरू किया जाना चाहिए. इसके लिए एक विस्तृत पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की मांग की गई है, जो न केवल कनेक्टिविटी को सुधारेगा बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी एक नई ऊंचाई देगा. अगर यह योजना धरातल पर उतरती है, तो दरभंगा देश के उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो जाएगा जहां पानी से विमान उड़ान भरेंगे. युवाओं के लिए एविएशन स्किल सेंटर सिर्फ कनेक्टिविटी ही नहीं, बल्कि रोजगार के मोर्चे पर भी दरभंगा को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी है. बैठक में दरभंगा में एक एविएशन स्किल डेवलपमेंट सेंटरस्थापित करने पर जोर दिया गया है. पीपीपी मॉडल पर आधारित इस केंद्र में स्थानीय युवाओं को एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, ग्राउंड हैंडलिंग और तकनीकी कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके साथ ही, ह्यमेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विमान के कल-पुर्जे बनाने वाली एमएसएमई इकाइयों और औद्योगिक क्लस्टर को विकसित करने का सुझाव दिया गया है, जिससे मिथिला में निजी निवेश के नए रास्ते खुलेंगे. अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की तैयारी दरभंगा एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर सांसद ने नाइट लैंडिंग सुविधा की शीघ्र शुरूआत, नए टर्मिनल भवन और हैदराबाद, पुणे एवं चेन्नई जैसे महानगरों के लिए सीधी उड़ानों की मांग दोहराई है. इतना ही नहीं, मखाना और मछली जैसे स्थानीय उत्पादों के निर्यात के लिए एक आधुनिक एयर कार्गो टर्मिनल की स्थापना का भी प्रस्ताव दिया गया है. सबसे महत्वपूर्ण मांग एयरपोर्ट का नामकरण ह्यकवि कोकिल बाबा विद्यापति के नाम पर करने और मैथिली भाषा में उद्घोषणा शुरू करने की रही, जिसे लेकर बिहार विधानसभा पहले ही प्रस्ताव भेज चुकी है.

## पटना में पी.एम.सी.एच. से कनेक्ट होगा डबल डेकर फ्लाइओवर, जानिए कहां तक पहुंचा है काम



**पटना (एजेंसी)** पटना में पीएमसीएच को डबल डेकर फ्लाइओवर से कनेक्ट किया जाएगा. इसके लिए तीन जगहों पर रैंप बनाया जाएगा. इसमें से पहले रैंप का निर्माण कार्य चल रहा है. इसके अलावा भी पटना में कई अन्य रोड प्रोजेक्ट्स पर काम किए जा रहे हैं. पटना में पीएमसीएच में बनने वाली मल्टी लेवल पार्किंग को डबल डेकर फ्लाइओवर से जोड़ा जाएगा. इसके लिए रैंप का निर्माण अगले महीने तक पूरा होने की संभावना है. यह पहला रैंप बनेगा. ऐसे टोटल तीन जगहों पर रैंप बना कर पीएमसीएच में बनने वाले मल्टी लेवल कार पार्किंग से जोड़ने की योजना है. दो रैंप ऊपर वाले फ्लाइओवर से कनेक्ट होगा, जबकि एक रैंप नीचे वाले फ्लाइओवर से जोड़ा जाएगा. फिलहाल एक रैंप का काम तेजी से हो रहा है. यहां भी तैयार किया जाएगा रैंप अंजुमन इस्लामिया हॉल के पूरब साइड में डबल डेकर फ्लाइओवर से पीएमसीएच को कनेक्टिविटी देने के लिए रैंप बन रहा है. रैंप बना कर उसे पीएमसीएच में बन रही मल्टी लेवर कार पार्किंग से जोड़ा जाएगा. डबल डेकर फ्लाइओवर से पीएमसीएच में बनने वाली पार्किंग की दूरी 75 से 100 मीटर है. पार्किंग तक जाने के लिए तीन पाया बना कर उसे रैंप से जोड़ा जाएगा. मेट्रो की तरफ से जगह उपलब्ध कराए जाने पर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की ओर से रैंप का निर्माण शुरू किया गया है. इस तरह से जल्द ही लोगों को सहूलियत मिलने वाली है. बाकरगंज में नाले का निर्माण जानकारी के मुताबिक, पटना में बाकरगंज नाले का निर्माण तीन साल बाद भी अधूरा है. जिस काम को दिसंबर 2023 में ही खत्म हो जाना था, वह 2026 के अप्रैल महीने तक भी महज 60 प्रतिशत ही पूरा हो सका है. जबकि पहले भी कई बार डेडलाइन तय की गई. एजेंसी को बुडको की ओर से 31 मार्च तक इस साल भी डेडलाइन दी गई थी. पटना स्मार्ट सिटी की इस परियोजना को बुडको करीब 18.77 करोड़ रुपए की लागत से पूरा करा रहा है.

## बिहार में संडे को रजिस्ट्री ऑफिस खोलने का असर, लक्ष्य से ज्यादा हुआ कलेक्शन




**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार की ओर से रिवेन्यू कलेक्शन का टारगेट पूरा करने के लिए संडे को भी रजिस्ट्री ऑफिस खुले रखे गए. इसका असर यह देखने के लिए मिला कि सरकार को टारगेट से ज्यादा कलेक्शन हुआ. रजिस्ट्रेशन रिवेन्यू कलेक्शन में पटना अव्वल रहा. संडे को रजिस्ट्री ऑफिस खोले जाने का असर पड़ा. सरकार को 2025-26 में निबंधन विभाग के राजस्व में निर्धारित लक्ष्य 8,250 करोड़ रुपए से ज्यादा 8,403.46 करोड़ रुपए मिले. यह लक्ष्य का 101.86 प्रतिशत है. 2024-25 में 7,500 करोड़ रुपए के लक्ष्य से बढ़कर 7,648.88 करोड़ रुपए की प्राप्ति (101.98 प्रतिशत) हुई थी. करेंट फाइनेंशियल इयर में रिवेन्यू कलेक्शन में 754.58 करोड़ रुपए (9.86 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई. इनमें पटना जिला अव्वल रहा. ये हैं बिहार के टॉप 5 जिले सबसे ज्यादा रिवेन्यू कलेक्शन करने वाले टॉप पांच जिलों में पटना पहले स्थान पर रहा. यहां 1,361.38 करोड़ रुपए के लक्ष्य से ज्यादा 1,506.15 करोड़ रुपए की राजस्व मिला. दूसरे नंबर पर रहे अरवल जिले में 39.75 करोड़ रुपए रिवेन्यू कलेक्शन हुआ. औरंगाबाद तीसरे नंबर पर रहा. यहां 191.38 करोड़ रुपए राजस्व अर्जित हुआ. बांका जिले में 86.39 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 91.81 करोड़, जबकि शिवहर में 35.96 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 37.14 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ. इस जगह का रजिस्ट्री ऑफिस रहा अव्वल इसी तरह सबसे ज्यादा रिवेन्यू कलेक्शन करने वाले टॉप पांच ऑफिसों में दानापुर ऑफिस सबसे ऊपर रहा. यहां 12,633 डॉक्यूमेंट्स का रजिस्ट्रेशन करते हुए 190.68 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 255.72 करोड़ रुपए (134.11 प्रतिशत) की प्राप्ति हुई. रजौली ऑफिस दूसरे नंबर पर रहा. तीसरे नंबर पर रहे पटना सिटी ऑफिस ने 7,022 डॉक्यूमेंट्स के साथ 89.58 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 106.53 करोड़ रुपए (118.93 प्रतिशत) प्राप्त किए. इस जिले में सबसे कम रिवेन्यू कलेक्शन जानकारी के मुताबिक, कुछ जिलों में अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन भी दर्ज किया गया. इनमें मुजफ्फरपुर (87.78%), मधुबनी (87.49%), समस्तीपुर (86.53%), बेतिया (85.53%) और मधेपुरा (81.52%) शामिल हैं.

## बिहार में संडे को रजिस्ट्री ऑफिस खोलने का असर, लक्ष्य से ज्यादा हुआ कलेक्शन

**पटना (एजेंसी)** बिहार में नर्सिंग संस्थानों की मान्यता प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल हो गई है. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने ऑनलाइन मान्यता प्रणाली का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और संस्थानों को लंबी और जटिल प्रक्रिया से राहत मिलेगी. बिहार में अब राज्य के नर्सिंग संस्थानों को एनओसी और मान्यता के लिए फाइलों का बोझ उठाकर सरकारी दफ्तरों की सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ेंगी. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बुधवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ह्यऑनलाइन मान्यता प्रणालीह्न का विधिवत शुभारंभ किया. सरकार के इस कदम से न केवल भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी, बल्कि मान्यता प्रक्रिया में अभूतपूर्व पारदर्शिता और रफ्तार भी देखने को मिलेगी. अब सब कुछ ऑनलाइन नई व्यवस्था के तहत नर्सिंग संस्थानों को एनओसी और अन्य अन्य दफ्तरी कामों के लिए अब चक्कर नहीं लगाने होंगे. पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए पूरी की जाएगी.राज्य में फिलहाल 656 नर्सिंग कॉलेज संचालित हैं, जहां 41,065 सीटों पर छात्र-छात्राएं विभिन्न मेडिकल कोर्सो में पढ़ाई कर रहे हैं. सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में इन संस्थानों की संख्या और बढ़ाना है, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल एक्सपर्ट तैयार किया जा सके. पारदर्शिता पर सरकार का फोकस नई डिजिटल प्रणाली में संस्थानों को अपनी सभी सुविधाओं और संसाधनों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी. इससे आम लोगों को भी संस्थानों की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सकेगी. विभागीय सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इस मौके पर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि डिजिटल होने का मतलब यह कतई नहीं है कि नियमों में ढील दी जाएगी. बल्कि, अब निगरानी और भी सख्त होगी. सभी संस्थानों को अपनी सुविधाओं, लैब, फैकल्टी और बुनियादी ढांचे की पूरी जानकारी पोर्टल पर सार्वजनिक करनी होगी. इससे आम जनता भी घर बैठे जान पाएगी कि कौन सा संस्थान मानकों पर खरा उतर रहा है. नीतीश कुमार का विजन एक दौर था जब बिहार में नर्सिंग संस्थानों की भारी कमी थी और यहां के छात्रों को पढ़ाई के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता था. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस समस्या को भांपते हुए ह्यसात निश्चय योजनाह्न के तहत नर्सिंग शिक्षा को प्राथमिकता दी. उसी विजन का परिणाम है कि आज बिहार में नर्सिंग की सीटों का आंकड़ा 41 हजार को पार कर चुका है. कार्यक्रम के दौरान पांच नर्सिंग संस्थानों को ऑनलाइन एनओसी का जारी भी दिया गया.अधिकारियों का कहना है कि इस सिस्टम से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि गुणवत्ता नियंत्रण भी बेहतर होगा.





# डायबिटीज के मरीजों को गन्ने का जूस पीना चाहिए या नहीं?

**गर्मी से राहत के लिए अलग-अलग तरह के पेय का सेवन करते हैं ताकि गर्मी के प्रकोप से बच सकें। वहीं गर्मी के दिनों में गन्ने के जूस का सबसे अधिक सेवन किया जाता है। इसके सेवन करते ही गर्मी की थकान दूर हो जाती है। एकदम रिफ्रेशमेंट जैसा महसूस होता है। वहीं इसका सेवन करने से लीवर, ब्लड प्रेशर और इम्यून सिस्टम तीनों के लिए ही फायदेमंद होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटेशियम और फास्फोरस जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। जिससे हड्डियां भी मजबूत होती है। यह प्राकृतिक रूप से मीठा होता है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या डायबिटीज के मरीज इसे पी सकते हैं?**

गन्ने के रस में भले ही प्राकृतिक शुगर होती है लेकिन शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। जिसके चलते डायबिटीज के मरीजों को दिक्कत हो सकती है। दरअसल, गन्ने का रस बिना किसी तरह से रिफाइंड करके निकाला जाता है। इसलिए हाई शुगर भी बहुत ज्यादा होती है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को गन्ने के रस का सेवन नहीं करना चाहिए। गन्ने के रस में ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है और अधिक मात्रा में ग्लाइसेमिक लोड होता है। इसका मतलब है कि यह आपके ब्लड शुगर लेवल को इफेक्ट करता है।

### गन्ने के जूस के फायदे

- एनर्जी मिलती है।
- पाचन क्रिया को ठीक करता है।
- दांतों को मजबूत करता है।
- संक्रमण से बचाव में मदद करता है।

# अनिद्रा और माइग्रेन की समस्या से चाहते हैं निजात, तो पीजिए हल्दी वाला दूध

आयुर्वेद चिकित्सा में हल्दी को रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला सबसे असरकार माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार दूध के साथ हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। बच्चों और बुजुर्गों को तो अक्सर हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है। बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं जिनमें हल्दी वाला दूध रात को पीने से काफी आराम मिलता है। कहा जाता है जो व्यक्ति अनिद्रा का रोगी हो और जिसके माइग्रेन की बीमारी हो उसे हल्दी वाला दूध अवश्य पीना चाहिए।

### माइग्रेन व अनिद्रा में मिलता है आराम

अगर आपको माइग्रेन की शिकायत है तो रोज रात को सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने की आदत डाल लें। माइग्रेन की परेशानी में दूध हल्दी पीने से बहुत लाभ मिलता है। इससे अच्छी नींद भी आती है। आपकी नींद पूरी नहीं हो पा रही है। रात को अक्सर आपकी नींद टूट जाती है और फिर देर तक नहीं आती है तो हल्दी वाला दूध पीकर सोना शुरू कर दें। गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने से नींद नहीं आने की शिकायत दूर होती है।

### गैस की परेशानी से भी मिलती है राहत

गैस और कब्ज की परेशानी में भी हल्दी दूध पीने से आराम मिलता है। दूध नॉर्मल टेम्प्रेचर का होना चाहिए ज्यादा गर्म नहीं। रोज रात को हल्दी वाले दूध में 2-3 दाने चीनी या मिश्री के डालकर सोएं। कुछ ही दिनों में कब्ज और गैस की परेशानी से राहत मिल जाएगी।

### बढ़ती है बच्चों की इम्युनिटी

हल्दी को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बहुत गुणकारी माना जाता है। बच्चों को अक्सर ही मौसम बदलने पर सर्दी-खांसी जैसी परेशानी हो जाती है। रात में सोने से पहले बच्चों को हल्दी वाला दूध पिलाएं, इससे बदलते मौसम में भी उनकी इम्युनिटी मजबूत होती है।

### चोट पर है असरकारक

बच्चों को खेलने-कूदने में अक्सर चोट लग जाती है या बहुत थक जाने पर पैरों में, शरीर में दर्द होता है। रात को सोते समय बच्चों को हल्दी वाला दूध पीना चाहिए। इससे चोटों से आराम मिलता है। हल्दी में रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है और इसका सेवन सबके लिए ही फायदेमंद है।





# बीमार न कर दे ये गर्मी

**गर्मी अपना प्रभाव दिखाने लगी है और लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। गर्मियों के मौसम में जाने अंजान में कई गलतियां, या फिर हमारी जरा सी लापरवाही भी हमें बीमार कर सकती है। गर्मियों के दौरान अक्सर लोगों के शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। इस तपती गर्मी में कई लोगों को लू लग जाती है, कई लोग बुखार की चपेट में तो कई लोगों को पेशाब में जलन, दस्त, उल्टियां, बेहोश होना और नाक से खून निकलने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में अधिकांश लोग डॉक्टर और अस्पताल के चक्कर लगाने लगते हैं।आज हम बताएंगे कि गर्मी अपने आपको स्वस्थ कैसे रखें, आइए जानते है।**

### नाक से खून आना

गर्मियों में अक्सर बच्चों के नाक से खून आने की समस्या होने लगती है। ऐसे में लाल भाजी की जड़ों के रस की दो-दो बूंदे नाक में टपकाने की सलाह देते हैं। ऐसा तीन दिन तक लगातार दिन में दो बार किए जाने से आराम मिलता है। वहीं इसके अलावा धनिया की ताजी पत्तियों के रस में थोड़ा कपूर मिलाकर इस मिश्रण की 2-2 बूंदे नाक में टपकाने की सलाह देते हैं।



### लू लग जाए तो करें ऐसा

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण अगर लू लग जाए तो लू लगने पर पीड़ित व्यक्ति के हाथ, पैर और तलुओं में कच्चे प्याज का रस लगाया जाता है। कहा जाता है कि इस नुस्खे को आजमाने पर लू से तुरंत आराम मिलता है। लू लग जाए तो कमरख नाम के फल का रस इससे निजात दिलाने में काफी काम आता है। इस रस में चीनी मिलाकर दिन में दो बार पीना चाहिए। इसके अलावा करौंदे का जूस भी लू से निजात दिलाने के लिए बेहतर विकल्प माना जाता है। करीब 250 मिली करौंदा जूस में शक्कर और इलायची मिलाकर दिन में 3 बार पीने से लू का असर कम होता है। बथुआ को पीसकर इसका लेप तैयार करके लू ग्रस्त व्यक्ति के पैरों के तलुओं और हथेली पर लगाने से लू में काफी तेजी से आराम मिलता है। लू के उपचार के लिए टमाटर को भी उत्तम माना जाता है। टमाटर में नमक और शक्कर मिलाकर इसे उबाल लेना चाहिए। ठंडा हो जाने पर लू ग्रस्त व्यक्ति को दिन में 2 बार पिलाना चाहिए।

### गर्मियों में जब पड़ जाएं बीमार

भीषण गर्मी में लू लग जाने पर तेजी से बुखार आने लगता है। ऐसे में कच्चे नारियल का पानी पिलाना चाहिए। सुबह-शाम तीन दिनों तक कच्चे नारियल का पानी पीने से लू, बुखार और कमजोरी दूर होती है।

गर्मी के चलते बुखार आ जाने पर बेल के फलों का जूस बेहद काम आता है। बेल के जूस में शक्कर और इलायची मिलाकर पीड़ित को देने से तुरंत आराम मिलता है।

### कमजोरी व थकान होने पर

गर्मियों में थकान और कमजोरी महसूस होना बेहद आम बात है। ऐसे में पके पपीते का सेवन करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। पपीते के जूस को पीने से शरीर में ताजगी और स्फूर्ति आती है। चिलचिलाती गर्मी में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है।

### दस्त और उल्टी होने पर

गर्मियों में कई लोगों को दस्त और उल्टी की समस्या होना आम बात है। ऐसे में आंवले को उबालकर इसे मैश कर लेना चाहिए। फिर इसके बीजों को अलग कर लें और आंवले में शक्कर या शहद मिला लें। इस मिश्रण में से 5 ग्राम हर रोज 4-5 बार लें। इससे दस्त और उल्टी में तेजी से फायदा होगा। इसके अलावा पानी की कमी को पूरा करने के लिए नींबू पानी, केला और दाल चावल से बनी खिचडी खाने से आराम मिलता है।



# बिना एक्सरसाइज डांस के साथ करें वेट लॉस

**क्या आपको लगता है कि वजन कम करने के लिए आपको उबला हुआ खाना खाना पड़ेगा या घंटों वर्कआउट करना पड़ेगा? जी नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। आप चाहें तो डांस करके भी वजन कम कर सकती हैं। यहां हैं कुछ ऐसे अमेजिंग डांस, जो आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बना सकते हैं।**

डांसिंग एक बेहतरीन कार्डियो वर्कआउट है जो स्टैमिना बढ़ाता है और फैट बर्न करने में मदद करता है। डांस की उपयोगिता के कारण ही डांस से जुड़े कई फिटनेस सेंटर खुल रहे हैं। एरोबिक्स, जुम्बा और साल्सा डांस वर्कआउट के कुछ प्रमुख रूप हैं। डांस की सबसे अच्छी बात यह होती है कि यह फुल बॉडी वर्कआउट होने के बावजूद उबाऊ नहीं लगता और यह आपको खुश रखता है। यही नहीं, डांस सभी मांसपेशियों को फ्लेक्सिबल बनाता है। कई रिसर्च बताती हैं कि डांस करने से डोपामाइन हॉर्मोन बनता है जो हमारा मूड अच्छा रखता है और स्ट्रेस कम करता है। जब आप जान गए हैं कि डांस सेहत के लिए कितना फायदेमंद है, तो यह भी जान लेते हैं कि आप इसको अपने रूटीन में कैसे शामिल कर सकती हैं।

### जुम्बा

जुम्बा डांस कार्डयो सबसे प्रचलित वर्कआउट फॉर्म है और यह लगातार बढ़ रहा है। जुम्बा लैटिन डांस स्टाइल और एरोबिक्स का मिक्स है जिसमें बहुत ऊर्जा की जरूरत होती है। जुम्बा में एक ही समय पर कई मसल्स ग्रुप काम करते हैं और यह हर ऐज के लिए परफेक्ट है। यह लगातार एक फन वर्कआउट के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। एक घन्टे के जुम्बा सेशन में आप 500 से 800 कैलोरी बर्न करती हैं।

### हिप हॉप

हिपहॉप एक एडवांस डांस फॉर्म के रूप में लोकप्रिय है। इस डांस स्टाइल के लिए बहुत स्टैमिना और ताकत की जरूरत होती है और यही कारण है कि यह वजन कम करने का बेहतरीन तरीका है। लेकिन, हिपहॉप के लिए आपको फिट होना चाहिए वरना आप हिपहॉप कर ही नहीं पाएंगे।

### साल्सा

हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक, साल्सा को एक रोमांटिक डांस फॉर्म की तरह पॉपुलर किया गया है। हालांकि साल्सा रोमांटिक है और कपल के बीच ही होता, लेकिन इस डांस फॉर्म में बहुत एनर्जी की जरूरत होती है। यह एक बेहतरीन वर्कआउट है जो कैलोरी बर्न करता है और इस दौरान आप और आपके पार्टनर के बीच बॉन्डिंग भी बढ़ जाती है। कपल्स के लिए साल्सा एक अच्छी एक्टिविटी है जहां वे साथ में फिट भी हो सकते हैं और क्वालिटी टाइम भी बिता सकते हैं।

### बॉलीवुड

जब बात आती है डांस वर्कआउट की तो बॉलीवुड स्टाइल सबसे कारगर होता है। हम सभी बचपन से बॉलीवुड डांस देखते आये हैं और उसे एन्जॉय करते हैं। साथ ही इसकी बीट्स इतनी मोहक होती हैं कि आप खुद को नाचने से रोक नहीं पाते। यह एक बेहतरीन कार्डियो है और फैट बर्न करने में कारगर है। साथ ही आप इसको दिल से एन्जॉय भी करते हैं।

### यह भी जानें

डांस वर्कआउट यहीं तक सीमित नहीं है। फ्रीस्टाइल डांसिंग से लेकर बेली डांस तक कई अन्य डांस हैं जो आपको फिट रखते हैं। नियमित रूप से डांस करने से आप फिट होते हैं, स्टैमिना बढ़ता है और शरीर लचीला बनता है। साथ ही यह फिटनेस शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं है। डांस से आपका मानसिक स्वास्थ्य भी सुधरता है क्योंकि डांस करने से तनाव कम होता है और मूड अच्छा होता है।



# क्या आप अपने रोजाना पानी पीने का हिसाब रखते हैं?

पृथ्वी का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह 70 प्रतिशत पानी पीने के लिए योग्य है। भारत जहां डिजिटलीकरण की ओर से तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। वहीं 50 प्रतिशत से ज्यादा घरेलू स्थान अभी भी पीने के लिए अपने पानी को उबालने पर निर्भर हैं। आपका शरीर 70 प्रतिशत पानी है और यह पानी पेशाब और पसीने आदि के माध्यम से अपने शरीर में मौजूद गंदगी को बाहर निकालने में मदद करता है। कहा जाता है कि दिन में आठ गिलास पानी पीना स्वास्थ्य के लिए जरुरी है। पानी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। अधिक पानी पीने से कई तरह की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। अफसोस की बात है कि लोग प्यास लगने पर ही पानी का सेवन करते हैं, जो शरीर में पानी की कमी को बढ़ाता है।

### एनर्जी लेवल को बनाए रखता है

आप विशेष रूप से गर्मियों में एनर्जी लेवल में कमी महसूस करते हैं। इन सबसे निजात पाने का आसान तरीका अधिक पानी पीना है। ऐसा करने से आप अपने दिन को अतिरिक्त शक्ति और ऊर्जा के साथ जी पाएंगे।

### डिहाइड्रेशन में मदद करता है

पानी की कमी से मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है। जब आपका मस्तिष्क थका हुआ होता है, तो आपकी मांसपेशियां जवाब देने लगती है। आपकी आंखें थक जाती हैं। आपके मस्तिष्क में महत्वपूर्ण कार्यों को करने की ऊर्जा नहीं होती। आप चाहते हुए भी काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। इसलिए इससे बचने के लिए, भरपूर पानी पीना चाहिए। आप ड्रिंक-वॉटर ऐप का उपयोग कर इस बात का पता लगा सकते है कि आपने दिनभर में कितने लीटर पानी पिया है।

### मूड को फ्रेश रखने में मदद करता है

जब आपको प्यास लगती है, तो आप अत्यधिक चिड़चिड़े होने लगते है। एक गिलास पानी पीने से आप बेहतर महसूस करने लगते है और मूड भी ठीक रहता है।



# स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है पोदीना

**पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।**

गर्मी के दिनों में पौदिना को भी लोग खूब पसंद करते है। पौदिने का प्रयोग हम किसी सब्जी को स्वादिष्ट बनाने और चटनी में बनाने में लेते है। पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। गर्मियों के दिनों में स्कीन से जुड़ी कई परेशानियां होती है। आज हम पौदिने के सेवन से होने वाले शारीरिक लाभों के बारें में बताने जा रहे हैं, तो आइए जानते हैं।

### कील मुंहासे में फायदेमंद

पौदिना चेहरे के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आपकी तैलीय त्वचा हैं आप पौदिने की पत्तियों को पीसकर चेहरे पर लगाओंगे तो आपके चेहरे के लिए काफी फायदेमंद होगी।

### मुंह की बदबू के लिए फायदेमंद

कई लोग मुंह की बदबू के कारण काफी परेशान रहते है। ऐसे व्यक्तियों के लिए पौदिना काफी फायदेमंद हो सकता है। अगर आपके मुंह में बदबू आती हैं तो आपको पौदिना की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद

पौदिना हमारी पेट से संबंधित बीमारी के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप पेट की समस्या से पीड़ित हो तो आपको प्रतिदिन पौदिने की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पीरियड में फायदेमंद

कई महिलाएं अपने मासिक धर्म से काफी परेशान रहती हैं क्योंकि उनका मासिक धर्म समय पर नहीं आता है। जिस कारण वो काफी तनाव में रहती है। लेकिन अगर आप प्रतिदिन पौदिने का सेवन करेंगे तो ये महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। महिलाएं पौदिने की पत्तियां सूखाकर उनका चूर्ण बनाकर शहद के साथ सेवन करेंगी तो शानदार इस बीमारी से फायदा मिलेगा।

# मैच जीतना शतक बनाने से कहीं ज्यादा बेहतर एहसास देता है : केविन पीटरसन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने युवा बल्लेबाज समीर रिजवी की जमकर तारीफ की है। बुधवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के अपने पहले मैच में रिजवी ने 47 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाकर दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दिलाई। पिछले साल डीसी के साथ मेंटर के तौर पर काम करने वाले पीटरसन ने बताया कि उन्होंने पिछले सीजन में रिजवी को बहुत करीब से देखा था और इस भारतीय बल्लेबाज के हुनर से काफी प्रभावित हुए थे। उन्होंने डीसी मैनेजमेंट से गुजारिश की कि वे रिजवी का साथ देते रहें और वह मैच जिताने वाली पारियां खेलकर इसका बदला चुकाएंगे। पीटरसन ने जियो हॉटस्टार से कहा, 'उन्होंने हालात



के हिसाब से बहुत ही शानदार बल्लेबाजी की और मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं हुई। मैंने पिछले सीजन में समीर के साथ काफी समय बिताया था और उन्हें बहुत करीब से देखा था। उन्होंने एक वार्म-अप मैच में शतक भी बनाया था, लेकिन बदकिस्मती से टूर्नामेंट के पहले हाफ में उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई थी। हालांकि जब सीजन के बाद के हिस्से में उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने दिखा दिया कि उनमें कितना दम है। हर किसी ने उनकी तरफ देखा और कहा, 'यह लड़का एक जबरदस्त खिलाड़ी है, और हमें शायद कुछ समय तक इस पर भरोसा बनाए रखना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'जब आप किसी युवा खिलाड़ी पर भरोसा करते हैं, तो आपको यह विश्वास होना चाहिए कि वह खिलाड़ी आपके भरोसे पर खरा उतरेगा, और उसने इस मैच में ठीक वैसा ही किया है। उसने दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। जब आप किसी बड़े मैच में, खासकर आईपीएल के पहले मैच में अपनी टीम को जीत दिलाते हैं तो ऐसे हालात में जब माहौल काफी तनावपूर्ण हो, हर किसी की नजर आप पर हो, और आप शुरूआती 11 खिलाड़ियों में शामिल न हों तो उस मैच को जीतने का एहसास, किसी हाई-स्कोरिंग मैच में सिर्फ शतक बनाने से कहीं ज्यादा बेहतर होता है।' पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स के कोच के उस फैसले का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर से पहले ट्रिस्टन स्टब्स को बल्लेबाजी के लिए भेजा था। इंग्लैंड के इस पूर्व ओपनर के मुताबिक मिलर एक 'फिनिशर' के तौर पर सबसे ज्यादा असरदार साबित होते हैं, जबकि स्टब्स टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी) दबाव को बेहतर तरीके से झेल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'यह कोई बहुत मुश्किल फैसला नहीं है। ट्रिस्टन स्टब्स नंबर तीन पर टेस्ट बैटर हैं। आपको ऐसे किसी खिलाड़ी की जरूरत होती है जो नई गेंद का सामना कर सके, जिसका डिफेंस सचमुच मजबूत हो, और जो दबाव झेल सके। डेविड मिलर एक व्हाइट-बॉल खिलाड़ी, एक फिनिशर, और ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जिन्हें आप मैच के उस मोड़ पर बल्लेबाजी के लिए भेजना चाहेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'आपके पास ट्रिस्टन स्टब्स जैसा एक खिलाड़ी है जो आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आप इसे ऐसे पेश कर रहे हैं जैसे यह अब तक का सबसे बेहतरीन फैसला हो।

# सैफ अंडर-20 चैम्पियनशिप: भारत ने भूटान को 5-0 से रौंदा, फाइनल में बांग्लादेश से भिड़ंत



एजेंसी

**माले :** गत चैंपियन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को सैफ अंडर-20 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में भूटान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब खिताबी मुकाबले में भारत का सामना 3 अप्रैल को बांग्लादेश से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 1-0 से हराया। भारत की इस शानदार जीत के हीरो रोहेन सिंह चाफामायुम रहे, जिन्होंने 56वें और 57वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। इसके अलावा ओमांग डोडुम (4), मोहम्मद अरबाश (44) और स्थानापन्न खिलाड़ी मैलेमंगाम्बा थोकचोम (90+2) ने भी गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। मैच की शुरूआत से ही भारतीय टीम ने आक्रामक रुख अपनाया और चौथे मिनट में ही बढ़त बना ली। बांगसन सिंह ताखेल्लाम्बाम के लंबे पास पर रोहेन ने शानदार दौड़ लगाई और बॉक्स में सटीक क्रॉस दिया, जिसे ओमांग डोडुम ने बेहतरीन अंदाज में गोल में तब्दील कर दिया। शुरूआती बढ़त के बाद भारत ने खेल पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और लगातार भूटान के गोल पर हमले करता रहा। 44वें मिनट में डोडुम के शानदार मूव पर अरबाश ने गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। दूसरे हाफ में भारतीय टीम और भी आक्रामक नजर आई। 56वें मिनट में रोहेन ने टीम के बेहतरीन संयोजन पर तीसरा गोल किया और इसके ठीक एक मिनट बाद उन्होंने अपना दूसरा गोल दागकर स्कोर 4-0 कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में मैलेमंगाम्बा थोकचोम ने 90+2वें मिनट में शानदार गोल कर भारत की 5-0 की बड़ी जीत पर मुहर लगा दी। पूरे मैच में भारत ने शानदार तालमेल, तेज गति और सटीक फिनिशिंग का प्रदर्शन करते हुए भूटान को कोई मौका नहीं दिया और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की।

## फिडे कैंडिडेट्स 2026 राउंड 4: सिंदारोव ने कारुआना को हराकर बनाई एकल बढ़त

**नई दिल्ली** : साइप्रस में खेले जा रहे फिडे कैंडिडेट्स 2026 के राउंड 4 में उज्बेकिस्तान के युवा ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व नंबर-3 फैबियानो कारुआना को हराकर अंक तालिका में एकल बढ़त हासिल कर ली। सिंदारोव ने मुकाबले में 27.d5 की सटीक चाल के साथ केंद्र में जोरदार ब्रेक किया, जिससे खेल का रुख पूरी तरह उनके पक्ष में हो गया। इसके बाद Rxf5 जैसी महत्वपूर्ण चाल ने कारुआना को रक्षात्मक स्थिति में धकेल दिया। काले मोहरों के साथ खेल रहे कारुआना ...Kh8 के बाद पूरी तरह बचाव में नजर आए, जबकि सिंदारोव ने Qg4+, Bd4+ और Rc5 जैसी सटीक चालों के दम पर लगातार दूसरा जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम और भारत के आर प्रज्ञानानंद के बीच कड़ा मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में ओडिशा प्रथम स्थान पर, मेजबान छत्तीसगढ़ पांचवें स्थान पर

एजेंसी

**जगदलपुर :** धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। हर राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते नजर आए, जिससे मैदान पर रोमांच चरम पर पहुंच गया। चल रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ओडिशा पदक तालिका में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इसके बाद झारखंड और गुजरात का कब्जा है, जबकि मेजबान छत्तीसगढ़ एक स्वर्ण और तीन रजत के साथ पांचवें स्थान पर है। तक पदक तालिका में ओडिशा ने अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। ओडिशा ने अब तक 7 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर पहला स्थान सुरक्षित कर लिया है, जिससे वह खिताब का सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरा





है। ओडिशा के बाद झारखंड ने 5 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं गुजरात 3 स्वर्ण सहित कुल 9 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। कर्नाटक भी 3 स्वर्ण पदकों के साथ गुजरात को कड़ी टक्कर दे रहा है। मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए तीसरा दिन मिला जुला रहा। स्थानीय दर्शकों के उत्साह के बीच टीम ने 1 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते, जिससे वह पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। हर राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते नजर आए, जिससे मैदान पर रोमांच चरम पर पहुंच गया। महाराष्ट्र ने 1 स्वर्ण के साथ कुल 4 पदक हासिल किए हैं, जबकि असम 1 स्वर्ण और 2 कांस्य के साथ दौड़ में बना हुआ है। केरल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने रजत और कांस्य पदक तो जीते हैं, लेकिन अभी स्वर्ण पदक का इंतजार है। तीसरे दिन कुल 24 स्वर्ण, 24 रजत और 24 कांस्य पदकों का वितरण हुआ। इसके साथ ही प्रतियोगिता अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है, जहां आने वाले दिनों में मुकाबले और भी ज्यादा रोमांचक होने की उम्मीद है।

# दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डर डुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज रासी वान डर डुसैन ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने साढ़े सात साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगाते हुए कहा कि वह घरेलू टीम लायंस के लिए खेलना जारी रखेंगे और युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने पर ध्यान देंगे। वान डर डुसैन ने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद 2019 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू मैच में शानदार 93 रन बनाकर अपनी छाप छोड़ी। वनडे क्रिकेट में वह टीम के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल रहे। उन्होंने 71 मैचों में 50.13 की औसत से 2657 रन



बनाए, जिसमें 6 शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 57 मैचों में 1406 रन 128.76 के स्ट्राइक रेट से बनाए। टेस्ट क्रिकेट में भी उन्होंने 2019 में डेब्यू किया और 18 मैचों में 905 रन बनाए, जिसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 98 रन रहा। संन्यास की घोषणा करते हुए डुसैन ने कहा, गर्व और कृतज्ञता के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। प्रोटियाज टीम के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। यह सफर त्याग और मेहनत से भरा रहा, लेकिन देश का प्रतिनिधित्व करना हर पल के लायक था। उन्होंने 2019 और 2023 वनडे विश्व कप के साथ-साथ 2021 टी20 विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया। 2023 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी 133 रन की पारी उनके करियर की यादगार पारियों में से एक रही। वान डर डुसैन ने अपने परिवार और पत्नी का आभार जताते हुए कहा कि उनके समर्थन के बिना यह सफर संभव नहीं था। दक्षिण अफ्रीका टीम प्रबंधन ने भी उनके योगदान की सराहना की। टीम के उच्च प्रदर्शन निदेशक इनॉक नक्वे ने कहा कि वान डर डुसैन का प्रभाव आंकड़ों से कहीं अधिक रहा और उन्होंने टीम संस्कृति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

# सब जूनियर महिला हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दूसरे दिन गोवा, बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड की जीत

एजेंसी

**रांची :** 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को डिवीजन सी में गोवा हॉकी ने जीत दर्ज की, जबकि डिवीजन बी में हॉकी बंगाल, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड ने अपने-अपने मुकाबले जीते। दिन की शुरूआत डिवीजन सी के पूल-ए मुकाबले से हुई, जिसमें गोवा ने तेलंगाना हॉकी को 6-3 से हराया। गोवा के लिए कप्तान डेलिना मेंडेस (40, 41) और बर्टिला केरकेट्टा (48, 52) ने दो-दो गोल किए, जबकि सीमा तिर्की (3) और विद्या कुमारी (16) ने भी टीम के लिए योगदान दिया। तेलंगाना हॉकी के लिए आनंदी महानंद (30, 36) और नव्याश्री अकुला (15) ने गोल



किए। डिवीजन बी के पूल-ए मुकाबले में हॉकी बंगाल ने दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव हॉकी को 1-0 से हराया। टीम की कप्तान पूजा कुमारी शॉ (21) ने दूसरे क्वार्टर में विजयी गोल दागा। इसके बाद डिवीजन बी के पूल-बी मैच में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी गुजरात को 12-1 से करारी शिकस्त दी। कप्तान काफी (38, 46, 55, 60) ने चार गोल दागे, जबकि अन्नू (9, 30), आंचल (12, 14), नैन्सी कश्यप (13, 18), भावना (10) और यास्मिन शर्मा (20) ने भी गोल किए। हॉकी गुजरात के लिए कप्तान नियति परमार (23) ने एकमात्र गोल किया। दिन के अंतिम मुकाबले में हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी कर्नाटक को 6-1 से हराया। करीना (10, 12, 17) ने हैट्रिक लगाई, जबकि कप्तान मीनाक्षी (7), देवयानी जोशी (53) और दिया (60) ने भी गोल किए। हॉकी कर्नाटक के लिए प्रीति नीलारड्डी (31) ने एकमात्र गोल किया। चैंपियनशिप के दूसरे दिन कई टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आगे की राह मजबूत की।

## संक्षिप्त खबरें


### दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाने के बाद बोले रिजवी मुझे मेरा स्वाभाविक खेल खेलने का भरोसा मिला

**लखनऊ** : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जेएसडब्ल्यू और जीएमआर के स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने एकाना क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की और सीजन के पहले अंक हासिल किए। द 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम 26 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। ऐसे में समीर रिजवी (47 गेंदों में नाबाद 70



रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों में नाबाद 39 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 119 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम को 17.1 ओवर में जीत दिलाई। यह फ्रेंचाइजी के इतिहास में पांचवें या उससे नीचे के विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मैच के बाद समीर रिजवी ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो मेरा इरादा सकारात्मक खेलने का था, लेकिन पावरप्ले में जल्दी 4 विकेट गिरने के बाद स्थिति कठिन हो गई थी। मैंने और स्टब्स ने तय किया कि हमारे पास समय है, इसलिए पहले पिच को समझना जरूरी है क्योंकि गेंद स्विंग और सीम कर रही थी। उन्होंने आगे कहा, हमारी योजना सरल थी कि सेट होने के बाद ढीली गेंदों का फायदा उठाएं और परिस्थिति के अनुसार खेलें। इसी रणनीति से हमने साझेदारी बनाई। टीम मैनेजमेंट का आभार जताते हुए रिजवी ने कहा, कोच और सपोर्ट स्टाफ ने मुझे नंबर-4 पर बल्लेबाजी करने और अपना स्वाभाविक खेल खेलने का पूरा भरोसा दिया है। यह स्पष्टता और आजादी मुझे आत्मविश्वास देती है।अपनी पारी के बारे में उन्होंने कहा, शुरूआत में मैंने 12-13 गेंदें खेलीं लेकिन कोई बाउंड्री नहीं आई। फिर एक ढीली गेंद मिली, जिस पर मैंने शॉट लगाया और उसके बाद मैं सहज हो गया और अपना सामान्य खेल खेल पाया। उन्होंने आगे कहा, घरेलू क्रिकेट में मैं आमतौर पर नंबर-4 पर ही बल्लेबाजी करता हूं, इसलिए इस भूमिका में मैं सहज हूं और हर मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करता हूं। आगे की निरंतरता को लेकर रिजवी ने कहा, मैंने अभी आईपीएल में ज्यादा पारियां नहीं खेली हैं, इसलिए मेरा फोकस अब लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और टीम के लिए योगदान देने पर है। गेंदबाजी में भी दिल्ली कैपिटल्सहै का प्रदर्शन शानदार रहा। लुंगी एनगिडी ने 3/27, टी नटराजन ने 3/29 विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव ने 2/31 और कप्तान अक्षर पटेल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 1/17 का योगदान दिया। इन प्रयासों की बदौलत लखनऊ को 141 रन पर रोक दिया गया।

### वीमेंस चैंपियंस लीग: आर्सेनल और बायर्न म्यूनिख सेमीफाइनल में



**लंदन** : गत चैंपियन आर्सेनल ने वीमेंस चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में चेल्सी के खिलाफ 1-0 की हार के बावजूद कुल 3-2 के स्कोर के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बना ली। पहले चरण में 3-1 की जीत के चलते आर्सेनल ने बढ़त कायम रखी और अंतिम चार में प्रवेश किया। स्टैमफोर्ड ब्रिज में बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में चेल्सी के लिए स्जोएके नुस्केन ने स्टॉपेज टाइम (90+4) में गोल किया, लेकिन यह टीम को आगे ले जाने के लिए काफी नहीं रहा। मैच के अंतिम क्षणों में चेल्सी की वीरले बुरमान का शॉट पोस्ट से टकराया, जबकि आर्सेनल की गोलकीपर डैफ्ने वान डोम्सेलार ने नुस्केन के हेडर को शानदार तरीके से बचाया। मैच के अंत में चेल्सी की कोच सोनिया बोम्पास्तोर को रेड कार्ड भी दिखाया गया। चेल्सी ने शुरूआत से ही दबाव बनाए रखा, जिसमें सैम केर ने आक्रमण में अहम भूमिका निभाई। अब सेमीफाइनल में आर्सेनल का सामना वोल्फ्सबर्ग या लियोन में से किसी एक टीम से होगा। वहीं, दूसरे क्वार्टरफाइनल में बायर्न म्यूनिख ने शानदार वापसी करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया और कुल 5-3 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच के 81वें मिनट में ग्लोडिस विग्गोसडॉटिर ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर टीम को बराबरी दिलाई, इसके बाद 84वें मिनट में लिंडा डालमैन ने गोल कर जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से मेलविन मलार्ड ने 11वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई थी और कुल स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया था। हालांकि, दूसरे हाफ में बायर्न ने लगातार दबाव बनाया और अंततः मैच अपने नाम कर लिया। बायर्न म्यूनिख अब सेमीफाइनल में बार्सिलोना या रियल मैड्रिड में से किसी एक टीम से भिड़ेगा। अन्य क्वार्टरफाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे, जिसमें बार्सिलोना पहले चरण में 6-2 की बढ़त के साथ रियल मैड्रिड की मेजबानी करेगा, जबकि वोल्फ्सबर्ग 1-0 की बढ़त के साथ लियोन का सामना करेगा।

### आदिवासी पृष्ठभूमि से भारतीय टीम तक : किरण पिस्दा के संघर्ष और सफलता की कहानी

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ की उभरती फुटबॉलर किरण पिस्दा ने अपने संघर्ष, मेहनत और मजबूत मानसिकता के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई है। हाल ही में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान गोलकीपिंग कर उन्होंने अपने अनुभव और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। 24 वर्षीय किरण अपने करियर के शिखर पर मानी जा रही हैं। वह भारत के लिए खेल चुकी हैं और यूरोप में क्रोएशियन महिला लीग के क्लब डिनामो जाग्रेब के लिए भी खेल चुकी हैं। उनकी सबसे बड़ी खासियत उनकी बहुमुखी प्रतिभा है, जिसके चलते वह मैदान पर किसी भी पोजीशन में खेलने में सक्षम हैं। किरण का सफर आसान नहीं रहा, हालांकि शुरूआत में उन्हें स्कूल और परिवार से पूरा समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने। किरण ने बताया, स्कूल में मुझे काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। इसके बाद वह शारीरिक शिक्षा की पढ़ाई के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उनके प्रदर्शन ने चयनकताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राष्ट्रीय कैंप में बुलावा मिला। हालांकि उस समय वह चयन के लिए तैयार नहीं थीं। उन्होंने साई मीडिया के हवाले से कहा, उस समय मेरी फिटनेस और मानसिकता सीनियर खिलाड़ियों के स्तर की नहीं थी, इसलिए चयन नहीं हो पाया। लेकिन मैंने वहां से बहुत कुछ सीखा। इसके बाद किरण ने खुद पर कड़ी मेहनत की। फिटनेस सुधारी, मैचों का विश्लेषण किया और अपनी पोजीशन की समझ को बेहतर बनाया। सबसे बड़ा बदलाव उनकी सोच में आया। उन्होंने कहा, मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी, क्योंकि इसका सीधा असर प्रदर्शन पर पड़ता है। इस बदलाव में उनके कोच योगेश कुमार जांगड़ा का अहम योगदान रहा। किरण कहती हैं, जब भी मैं खुद को कमजोर महसूस करती हूं, तो उनसे बात करती हूं।

एक नजर

## अवैध एलपीजी रिफिलिंग का भंडाफोड़

**जयपुर :** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम ने शहर में अवैध एलपीजी गैस रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान आरोपितों के कब्जे से गैस सिलेंडर और रिफिलिंग उपकरण भी बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशन के सुपरविजन में सीएसटी टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में रसद विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई की।
पुलिस उपायुक्त के अनुसार श्रीराम कच्ची बस्ती रोड नंबर 17 पर अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से दो आरोपितों—सुशील शर्मा और भोजराज प्रजापत—को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 6 बड़े गैस सिलेंडर, 13 छोटे नॉन-आईएसआई सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा अवैध रिफिलिंग में उपयोग होने वाला अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय संस्कृति पोर्टल पर एक वर्ष में 1.19 लाख से अधिक आगंतुक

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के भारतीय संस्कृति पोर्टल पर उपलब्ध संग्रहालय संग्रहों को अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक 1,19,684 आगंतुकों ने देखा। यह जानकारी संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को राज्यसभा में लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि इस पोर्टल की सफलता को देखते हुए मंत्रालय ने मार्च 2026 में भारतीय संस्कृति पोर्टल 2.0 को विकसित और शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य भारत की मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है।
आधुनिकीकरण तरीके से पुनर्निर्मित इस पोर्टल में आधुनिक रिएक्ट-आधारित आर्किटेक्चर, मॉड्यूलर और कंपोनेंट-आधारित डिजाइन, एपीआई-आधारित सिस्टम शामिल हैं, जो सर्च इंजन की गतिशीलता को और बेहतर बनाता है। इसके माध्यम से उपयोगकर्ताओं को आसानी और तेज गति से पेज लोड करने मदद मिलती है।
इस पोर्टल पर मौजूद 3डी एक्सप्लोरेशन सेक्शन और 'भारत की प्रतिष्ठित लड़ाइयां' नामक नए सेक्शन छात्रों और शोधकर्ताओं को आसानी से भारत के विरासत स्थलों के इतिहास, वास्तुकला और वृत्तांतों की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।

## बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में 59 आरोपित हुए अदालत में पेश

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में आज पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल सहित 59 आरोपितों को रायपुर की विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ठाकुर की अदालत में पेश किया गया। इन सभी आरोपितों की मौजूदगी में अदालत की कार्रवाई पूरी की गई। आज की सुनवाई में जांच एजेंसी ईडी ने अपना अंतिम परिवाद पेश किया। विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ठाकुर की अदालत ने मामले की अगली विस्तृत सुनवाई के लिए 16 अप्रैल 2026 की तारीख तय की है। ईडी ने आज पेश की गई 29,800 पन्नों की फाइनल चार्जशीट का हवाला देते हुए कहा कि आरोपितों के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जानी चाहिए।

# मालदा हिंसा पर चुनाव आयोग सख्त पुलिस महानिदेशक से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले मालदा जिले में मतदाता सूची को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के मामले में चुनाव आयोग ने सख्ती दिखाई है। आयोग ने राज्य के पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता से इस घटना पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले की जानकारी कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल को भी दी गई है। बुधवार को मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में मालदा के मोथाबाड़ी, सुजापुर समेत कई इलाकों में तनाव की स्थिति बन गई थी। सैकड़ो की संख्या में बाहर निकले अल्पसंख्यक समुदाय के प्रदर्शनकारियों ने कोलकाता-सिलीगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को जाम कर दिया और कालियाचक-2 प्रखंड कार्यालय के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया। बताया गया कि उस समय प्रखंड कार्यालय के अंदर एसआईआर कार्य में लगे सात न्यायिक अधिकारी मौजूद थे, जिन्हें प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया। ये अधिकारी शाम चार बजे से रात 12 बजे तक अंदर फंसे रहे। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों को निकालकर ले जाते समय पुलिस के वाहनों पर हमला करने की कोशिश का आरोप लगा है। एक वाहन के अंदर टूटे हुए शीशे भी देखे गए। वहीं प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अधिकारियों को छुड़ाने के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि अधिकारियों के काफिले की एक गाड़ी से एक प्रदर्शनकारी घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इसी के विरोध में उन्होंने सड़क जाम और प्रदर्शन किया। गुरुवार सुबह पुलिस ने जिले के अधिकांश इलाकों से जाम और प्रदर्शन समाप्त करा दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर यातायात सामान्य हो गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पिकेट तैनात कर दिए गए हैं और केंद्रीय बलों द्वारा गश्त भी की जा रही है। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। इसी पृष्ठभूमि में चुनाव आयोग ने पूरे मामले पर राज्य पुलिस प्रमुख से रिपोर्ट मांगी है।

## वित्त वर्ष 25-26: पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का माल परिवहन में शानदार प्रदर्शन

एजेंसी



**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान माल परिवहन में शानदार प्रदर्शन किया है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। बेहतर बुनियादी ढांचे, टर्मिनल प्रबंधन और स्टेकधारकों के साथ घनिष्ठ समन्वय का लाभ उठाते हुए एनएफआर ने खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, सीमेंट और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी प्रमुख वस्तुओं का कुशल और समय पर परिवहन सुनिश्चित किया। इस जोन ने लोडिंग की क्षमता और टर्नअराउंड समय को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसके परिणामस्वरूप माल परिवहन में वृद्धि हुई और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सका। ग्राहक-केंद्रित पहलों पर विशेष जोर दिया गया, जिनमें बुकिंग प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित, रियल-टाइम ट्रैकिंग और माल ढुलाई टर्मिनलों को विकसित करना शामिल था। इन प्रयासों से नए सामग्रियों के परिवहन को आकर्षित करने और उद्योगों के साथ मौजूदा साझेदारियों को मजबूत बनाने में मदद मिली है एनएफआर ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 11.4 मिलियन टन की माल लोडिंग की, जो वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 6% की वृद्धि को दशार्ता है। यह निरंतर वृद्धि, लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार और माल परिवहन की क्षमता को बढ़ाने पर जोन के सतत फोकस को उजागर करती है। विभिन्न वस्तुओं में, पेट्रोलियम ऑयल और लुब्रिकेंट्स ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया, जिसके तहत उक्त वर्ष के दौरान 1,488 रेक लोड किए गए।

## ब्रेथ ईजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मैक्स और एम्स के डॉक्टर देंगे सेवाएं

एजेंसी



**रामनगर :** क्षेत्रीय निवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं दान करने के संकल्प के साथ, ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल, रामनगर ने अपने चिकित्सा पैनल में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टरों को शामिल किया है। अब मरीजों को जटिल बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर दौड़ने की जरूरत नहीं होगी। मैक्स हॉस्पिटल साकेत, दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल पाठक चेस्ट एवं क्रिटिकल केयर विशेशज्ञ हैं, अब नियमित रूप से संस्थान में उपलब्ध रहेंगे। वे छाती एवं गंभीर श्वसन रोगों से संबंधित गंभीर बीमारियों का उपचार करेंगे। समयः सोमवार से शनिवार हेल्पलाइन न. 8935001679 एम्स गोरखपुर की विशेषज्ञ : स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए डॉ. शिवांगी पांडेय अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी। वे महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं और प्रसव संबंधी जटिलताओं के लिए परामर्श उपलब्ध कराएंगी।समयः सोमवार, बुधवार और शुक्रवार (सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक) हेल्पलाइन न. 7570000243
ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिश्ठ चेस्ट, टीबी, एलर्जी एवम अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ एस.के पाठक ने बताया कि, ₹हमारा लक्ष्य रामनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के पास ही विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श और आधुनिक चिकित्सा तकनीक उपलब्ध कराना है। डॉ. स्वप्निल पाठक और डॉ. शिवांगी पांडेय जैसे अनुभवी डॉक्टरों के जुड़ने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नया अध्याय जुड़ेगा। मरीज ऊपर दिए गए समय के अनुसार अस्पताल में संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# वित्त वर्ष 25-26 में रिकॉर्ड विक्रय और उत्पादन के साथ सेल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में विक्रय और उत्पादन दोनों में नए मानक स्थापित करते हुए, अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अपनी ब्रांड उपस्थिति और ग्राहकों तक पहुंच को मजबूत करते हुए, कंपनी ने 20.14 मिलियन टन की अब तब की सर्वाधिक विक्रय दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष के 18.07 मिलियन टन की तुलना में 11.5% की प्रभावशाली वृद्धि को दशार्ता है। यह वृद्धि व्यापक रही और सभी उत्पाद श्रेणियों में बिक्री में उछाल देखा गया। उत्पादन के मोर्चे पर, सेल ने 19.43 मिलियन टन का अपना सर्वश्रेष्ठ कच्चा इस्पात उत्पादन और 19.176 मिलियन टन का विक्रेय इस्पात उत्पादन दर्ज किया, जिसने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। परिचालन उत्कृष्टता को बेहतर दक्षता मापदंडों के माध्यम से और प्रदर्शित किया गया, जो टिकाऊ और प्रतिस्पर्धी इस्पात उत्पादन की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

### सेल के निदेशक कृष्ण कुमार सिंह ने संभाला सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार



**नयी दिल्ली :** सेल के निदेशक कृष्ण कुमार सिंह ने गुरुवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। श्री सिंह प्रचालन, मानव संसाधन विकास ,सतर्कता और कार्मिक एवं प्रशासन जैसे विविध क्षेत्रों में लगभग चार दशकों के गहन अनुभव के साथ सेल की विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1987 में भिलाई इस्पात संयंत्र में एक प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में की थी, जहां उन्होंने मानव संसाधन विकास विभाग में जाने से पहले 'ब्लूमिंग एंड बिलेट मिल' में एक दशक से अधिक समय तक अपना योगदान दिया। उन्होंने कार्मिक और प्रशासन विभाग के कार्यकारी निदेशक सहित कई लीडरशिप पदों पर कार्य किया है। उन्हें 2022 में निदेशक नियुक्त किया गया, जो उनके गहरे डोमेन ज्ञान और मजबूत नेतृत्व कौशल को दशार्ता है।

## जालौन में बाढ़ व अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को 4.03 करोड़ की राहत राशि

**उरई :** उत्तर प्रदेश के जालौन जनपद में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति के लिए प्रशासन ने सर्वे कर पात्र किसानों को मुआवजा वितरित किया है। जिले में बाढ़ से 3794.95 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल को नुकसान पहुंचा। इससे प्रभावित सात हजार 684 किसानों को कुल तीन करोड़ 35 लाख 33 हजार 625 रुपये की धनराशि वितरित की गई। वहीं अतिवृष्टि से 789.48 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ। इससे प्रभावित 703 किसानों को 68 लाख 62 हजार 958 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस प्रकार कुल आठ हजार 387 किसानों को चार करोड़ तीन लाख 96 हजार 583 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई।

# देश में 60 दिनों के कच्चा तेल का भंडार मौजूद, आठ राज्यों को कमर्शियल एलपीजी कोटा 10 फीसदी बढ़ा


एजेंसी



**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच भारत के पास अगले 60 दिनों की मांग पूरा करने के लिए कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में किसी भी संभावित उतार-चढ़ाव के बीच भारत सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जानकारी दी है कि सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पिछले एक महीने में 3.33 लाख पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने गुरुवार को पश्चिम एशिया हालिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में देश के सामरिक ऊर्जा भंडार स्थिति पर आधिकारिक जानकारी साझा की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और सल्फर की कोई कमी नहीं है। हमारे रिटेल आउटलेट सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतार-चढ़ाव के बावजूद, ईंधन की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। शर्मा ने कहा कि कीमतों को स्थिर बनाए रखने के लिए भारत सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती की है, जबकि इस बोझ का एक हिस्सा तेल विपणन कंपनियां वहन कर रही हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 100 फीसदी सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही व्यावसायिक गतिविधियों और औद्योगिक मांग को सुचारू बनाए रखने के लिए सरकार ने आठ राज्यों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों के कोटे में अतिरिक्त 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेसवार्ता में कहा कि भारत सरकार ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों की स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और अपने दूतावास के जरिए उनकी सुरक्षित आवाजाही में मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1,200 भारतीय नागरिकों को जमीनी सीमाओं के रास्ते ईरान से निकलकर आर्मेनिया और अजरबैजान जाने में मदद की गई है। इनमें से 996 लोग आर्मेनिया और 204 लोग अजरबैजान पहुंचे हैं। इसके अलावा हाल के दिनों में कई भारतीय नागरिकों को ईरान के भीतर ही ज्यादा सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। भारत सरकार ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही में मदद करने के लिए आर्मेनिया और अजरबैजान के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

संक्षिप्त खबरें

## भारतीय संस्कृति पोर्टल पर एक वर्ष में 1.19 लाख से अधिक आगंतुक



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के भारतीय संस्कृति पोर्टल पर उपलब्ध संग्रहालय संग्रहों को अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक 1,19,684 आगंतुकों ने देखा। यह जानकारी संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को राज्यसभा में लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि इस पोर्टल की सफलता को देखते हुए मंत्रालय ने मार्च 2026 में भारतीय संस्कृति पोर्टल 2.0 को विकसित और शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य भारत की मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है। आधुनिकीकरण तरीके से पुनर्निर्मित इस पोर्टल में आधुनिक रिएक्ट-आधारित आर्किटेक्चर, मॉड्यूलर और कंपोनेंट-आधारित डिजाइन, एपीआई-आधारित सिस्टम शामिल हैं, जो सर्च इंजन की गतिशीलता को और बेहतर बनाता है। इसके माध्यम से उपयोगकर्ताओं को आसानी और तेज गति से पेज लोड करने मदद मिलती है। इस पोर्टल पर मौजूद 3डी एक्सप्लोरेशन सेक्शन और 'भारत की प्रतिष्ठित लड़ाइयां' नामक नए सेक्शन छात्रों और शोधकर्ताओं को आसानी से भारत के विरासत स्थलों के इतिहास, वास्तुकला और वृत्तांतों की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।

## देश में अबतक 15.82 करोड़ ग्रामीण घरों तक पहुंचा नल का जल : केंद्र सरकार




**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत अब तक 15.82 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाया है। साथ ही अटल भूजल योजना के अंतर्गत सात राज्यों की 8,203 ग्राम पंचायतों में 83,800 से अधिक जल संरक्षण केंद्र बनाए गए हैं। लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन ने बताया कि अगस्त 2019 में शुरू हुए जल जीवन मिशन की शुरुआत में केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों में नल का जल था। अब तक 12.58 करोड़ अतिरिक्त घरों को नल कनेक्शन दिया गया है और 11 राज्यों में 100 प्रतिशत नल का जल पहुंच चुका है। मंत्री ने कहा कि राज्यों को दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए फ्लो मीटर, प्रेशर सेंसर, ऑनलाइन वॉटर क्वालिटी डिवाइस और एससीएडीए जैसी तकनीकों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। अटल भूजल योजना के बारे में उन्होंने बताया कि यह सात राज्यों के 80 जिलों के 229 ब्लॉकों की 8,203 ग्राम पंचायतों में लागू की गई थी। योजना ने सामुदायिक भागीदारी से भूजल प्रबंधन का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। 180 ब्लॉकों में भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किए गए प्रभाव अध्ययन में पाया गया कि इस योजना से समुदाय में भूजल मुद्दों पर जागरूकता बढ़ी है, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समावेशिता में वृद्धि हुई है तथा लोग भूजल संरक्षण और प्रबंधन में सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं।

## नेपाल में 7 सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए भारत से हुआ समझौता



**काठमांडू :** नेपाल में भारत सरकार के अनुदान सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र की 7 सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए गुरुवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 47.3 करोड़ है। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास, सामान्य प्रशासन मंत्रालय नेपाल और नेपाल सरकार के परियोजना कार्यान्वयन निकायों के बीच यह समझौता हुआ। समझौते के तहत 7 परियोजनाएं लागू की जाएंगी, जिनमें नवलपुर जिले के मध्यबिंदु नगरपालिका में कोल्ड स्टोर निर्माण, तेह्रथुम जिले के लालीगुराँस नगरपालिका में कोल्ड स्टोर निर्माण, मुस्तांग जिले के घरपजोंग गांवपालिका में जनबल माध्यमिक विद्यालय का भवन, छात्रावास और कैंटीन निर्माण, कैलाली जिले के गौरीगंगा नगरपालिका में श्री कालिका प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण, रौतहट जिले के परोहा नगरपालिका में बर्थिंग सेंटर निर्माण, डोल्पा जिले के त्रिपुरासुंदरी नगरपालिका में श्री कस्तुरी माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण और बांके जिले के खजुरा गांवपालिका में श्री जनकल्याण माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण है। इन परियोजनाओं को नेपाल सरकार के स्थानीय निकायों, नगरपालिकाओं और गांवपालिकाओं के माध्यम से लागू किया जाएगा। दूतावास के मुताबिक भारत सरकार वर्ष 2003 से अब तक नेपाल में कुल 598 परियोजनाएं शुरू कर चुकी है, जिनमें आज हस्ताक्षरित 7 परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनमें से 506 परियोजनाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पेयजल, संपर्क, स्वच्छता और सार्वजनिक उपयोगिताओं जैसे क्षेत्रों में पूरी की जा चुकी हैं, जबकि बाकी परियोजनाएं विभिन्न चरणों में हैं।दूतावास के मुताबिक भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ पड़ोसी संबंधों के तहत बहुआयामी सहयोग जारी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि विकास और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। नेपाली पक्ष का मानना है कि कोल्ड स्टोरेज जैसी परियोजनाएं कृषि क्षेत्र में किसानों को सीधा लाभ पहुंचाएंगी, वहीं स्कूल और स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर होगी। यह पहल नेपाल सरकार के विकास प्रयासों को मजबूती देने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## नाहन में फील्ड सर्वेयर के 50 पदों के लिए सीधी भर्ती

**नाहन :** जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मैसर्ज जीओमाटेक्स सांइस टेक्नॉलोजी सर्विसिज प्रा0लि0 कोलकता, वेस्ट बैंगोल के द्वारा हिमाचल प्रदेश में फील्ड सर्वे, डाटा कलेक्शन, इलेक्ट्रिक नेटवर्क मेपिंग के लिए पुरुष फील्ड सर्वेयर के 50 पदों को रोजगार कार्यालय के माध्यम से भरा जाना है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय नाहन में 7 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किए जाएगें। 18 से 40 वर्ष के इच्छुक अभ्यर्थी 07 अप्रैल को अपने शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज जिसमें 12वीं/आईटीआई/डिप्लोमा, हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो तथा अन्य सभी प्रमाण पत्रों सहित भर्ती शिविर में भाग ले सकते है।वेतनमान हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर अनुसार दिया जाएगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902